4 | रायपुर संभाग
खुले में पड़े मेडिकल वेस्ट, संबंधितों पर अब तक कोई...

6 | अभिमत
नैनो-उर्वरकों से टिकाऊ खेती

09 | विविध
स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन रायपुर द्वारा...

10 | संस्कारधानी
हमेशा विवादों में रहने वाला सुरजू टेकाम गिरफ्तार घर से...



रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 3 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-220 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### रानू और सौम्या से होगी पूछताछ



**रायपुर।** कोयला, शराब, महादेव एप जैसे मामलों में हुए घोटालों की प्रवर्तन निदेशालय और एंटी करप्शन विभाग के अधिकारी फिर पूछताछ की अनुमति लेने रायपुर कोर्ट पहुंचे। कोल घोटाले में जेल में बंद सौम्या चौरसिया और रानू साहू से दो दिनों के पूछताछ के लिए ईओडब्ल्यू और एसीबी ने विशेष कोर्ट में आवेदन दिया है। कोर्ट में आरोपियों के अधिवक्ता ने आवेदन का विरोध तक नहीं किया है। ईओडब्ल्यू और एसीबी 6 से 8 अप्रैल तक पूछताछ के लिए आवेदन दिया है। जहां एजेंसी को कोर्ट से 3 दिन की अनुमति मिली है। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू और एसीबी ने 4, 5 और 7 अप्रैल को पूछताछ के लिए अनुमति दे दी है। एसीबी-ईओडब्ल्यू लगातार कोयला घोटाला और शराब घोटाले के आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### भूपेश बघेल को मिला मानहानि का नोटिस

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव और एआईसीसी सदस्य अरुण सिसोदिया ने मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने अपने वकील सौरभ चौबे के माध्यम से उन्हें नोटिस भेजा है और 15 दिन के भीतर उनसे जवाब मांगा है। दरअसल भूपेश बघेल ने कांग्रेस में कुछ लोगों को स्लीपर सेल बताया था। स्लीपर सेल वाले बयान के बाद उन्हें अब खासा विरोधों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल भूपेश बघेल ने कहा था कि, कांग्रेस में कुछ लोग खराब नीयत से स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे हैं। वे पार्टी की बेहतरी नहीं चाहते हैं।

### कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवार किए घोषित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 17 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इन उम्मीदवारों के नामों का चयन किया है। उन्होंने बताया पार्टी ने जिन उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं।

# आगाज कमजोर, भूपेश के नामांकन रैली में नहीं जुटी भीड़

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





लोकसभा चुनाव की असल शुरुआत मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल की नामांकन रैली और आम सभा से शुरू हो गई। हांलाकि यह आगाज काफी कमजोर दिखाई दिया। कांग्रेस को बेहतर रिजल्ट की उम्मीद है। वहीं अब कल भारतीय जनता पार्टी की नामांकन रैली भी है जिसमे भाजपा शक्ति प्रदर्शन करने वाली है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही कांग्रेस-भाजपा समेत अन्य राजनीतिक दल जमीनी स्तर पर प्रचार करने के लिए अपनी ताकत झोकेंगे। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को दूसरे चरण के तहत मतदान होना हैं। गौरतलब है कि राजनांदगांव लोकसभा में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होने जा रहा है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल मैदान पर है, तो वहीं भाजपा से दूसरी बार संतोष पाण्डेय फिर दो-दो हाथ करेंगे। सियासी रूप से यह चुनाव दोनों पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। लेकिन कांग्रेस ने अपनी नामांकन रैली से ही खुद को कमजोर बता दिया है। मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने स्थानीय कलेक्टर कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। स्टेट हाई स्कूल से प्रारम्भ हुई कांग्रेस की रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह नहीं दिखा और भीड़ भी नहीं दिखाई दी। पानी और व्यवस्थाओं के आभाव में बहुत से ग्रामीण तपती धूप में वापस लौट गए। आम सभा में भी उस तरह की भीड़ नहीं रही जिस तरह की भीड़ पूर्व मुख्यमंत्री की आमसभा में रहनी चाहिए। संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा में कांग्रेस के 5 विधायक हैं जिसमे से भी पूरे विधायक नामांकन में नजर नहीं आये। आमसभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के लिए मंगाई गई कुर्सियां खाली दिखीं जबकि मंच में जगह पाने के लिए नेता धक्का मुक्की करते नजर आये।

### नामांकन के बाद बढ़ेगी सरगर्मी

बताया जा रहा है कि 4 अप्रैल को नामांकन की तारीख खत्म होते ही समूचे संसदीय क्षेत्र में बड़ी राजनीतिक सभाएं और रैलियां होंगी। सभाओं और रैली के जरिये ही आम लोगों का ध्यान पार्टियां अपनी ओर खींचने के लिए पूरी ताकत लगाएगी। सोशल मिडिया में भाजपा और कांग्रेस ने अपना प्रचार शुरू कर दिया है । कांग्रेस और भाजपा के बीच रणनीतिक स्तर पर मोर्चाबंदी की तैयारी है। कार्यकर्ताओं को फिलहाल जिम्मेदारी नहीं दी गई है। सांगठनिक नेताओं के दिशा-निर्देश पर प्रचार और अन्य राजनीतिक गतिविधि को धार देने के लिए योजनाबद्ध तैयारी की जा रही है।

### कल भाजपा करेगी शक्ति प्रदर्शन



भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडेय ने भी सोमवार को मुहूर्त के हिसाब से अपना नामांकन दाखिल किया और कल गुरूवार को नामांकन रैली और आमसभा के बहाने वो शक्तिप्रदर्शन करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा की नामांकन रैली में तक़रीबन तीस हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहेंगे।

# मुठभेड़ में 9 नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

गंगालूर थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 9 नक्सलियों को ढेर कर दिया। जवानों ने मौके से स्वचालित हथियार सहित नक्सलियों के उपयोग में लाये जा रहे रोजमर्रा के सामान भी जब्त किए है। घटना गंगालूर थाना क्षेत्र की है। आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी और बीजापुर एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि सूचना मिली थी कि बीजापुर कोरचोली इलाके और लेन्ड्रा के जंगलों में भारी संख्या में नक्सली इकट्ठा होकर किसी बड़ी वारदात की प्लानिंग कर रहे है। सूचना मिलने पर 1 अप्रैल की रात को जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान मंगलवार को



फाइल फोटो

सुबह करीब 6 बजे ग्राम लेंड्रा के जंगल में जवानों को अपने पास आते देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की। करीब 50 मिनट तक ये फायरिंग चली। इस दौरान नक्सली अपने आप को कमजोर होता देख मौके से भाग निकले। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान में 9 माओवादी के शव और आटोमैटिक हथियार, बीजीएल लॉन्चर और भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद बरामद की गई। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना भी जताई जा रही है।

### आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे कोमल हूपेंडी भाजपा में शामिल

**कांकेर।** आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कोमल हूपेंडी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष भाजपा में शामिल हुए। कांकेर में आयोजित भाजपा प्रत्याशी के नामांकन रैली में साय ने कोमल हूपेंडी का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। गौरतलब है कि कोमल हूपेंडी ने 2023 का विधानसभा चुनाव आप की टिकट पर भानुप्रतापपुर से लड़ा था और 15255 वोट हासिल किए थे। मंगलवार को उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा और कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताने का संकल्प लिया।



# गरजे मोदी, तीसरे कार्यकाल में हर भ्रष्टाचारी पर होगी कार्रवाई

एजेंसी < रूद्रपुर/नैनीताल
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचारियों को साफ-साफ संदेश दिया और कहा कि तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार किया जायेगा। मोदी ने रूद्रपुर के ऐतिहासिक मोदी मैदान से चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी है कि हर भ्रष्ट पर कार्रवाई होगी। हम गरीबों और मध्यम वर्ग का हक किसी को भी छीनने नहीं देंगे। उन्होंने साफ-साफ कहा कि हर भ्रष्टाचारी को जेल जाना होगा और उसे सजा होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस साल में उनके कार्यकाल में जो हुआ है वह तो सिर्फ 'टेलर' है। तीसरे टर्म में उनकी सरकार बड़े फैसले लेगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अभी तो बहुत कुछ करना है। बड़े फैसले लेने बाकी हैं और बिना रूके एवं थके देश को बहुत आगे ले जाना है। उन्होंने इंडिया समूह और कांग्रेस पर भी जोरदार प्रहार किये और गठबंधन को भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बताया। उन्होंने कहा कि आपातकाल की मानसिकता वाली कांग्रेस दस साल सत्ता से बाहर रह कर बौखला गयी है और देश को अस्थिरता की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'शहजादे (श्री राहुल गांधी)' लोगों को भड़काने में जुटे हैं कि यदि तीसरी बार मोदी सरकार आ गयी तो देश में आग लग जायेगी। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की भाषा नहीं हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है। कर्नाटक के जिस नेता ने देश के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कही पार्टी ने उसे सजा देने के बजाय चुनाव में टिकट दे दिया। इससे साफ है कि कांग्रेस का देश को तोड़ने का इतिहास रहा है। उन्होंने प्रदेश की जनता को याद दिलाया कि इसी कांग्रेस ने उत्तराखंड के सपूत और तीनों सेनाओं के प्रमुख विपिन रावत का भी अपमान किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है और इसीलिये वह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) जैसे कानून का विरोध कर रही है। लोगों को भड़का रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा किया है और उसके राज में देश की सीमायें सुरक्षित नहीं थीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के राज में ही गुरूनानक देव जी की पवित्र धरती हमसे छिन गयी। उनकी सरकार ने अब करतार कोरिडोर बनाकर लोगों को सहूलियत दी है। उन्होंने तमिलनाडु के कच्चातिवु द्वीप मामले को लेकर भी कांग्रेस पर राजनीतिक हमला बोला और कहा कि कांग्रेस सरकार ने उसे श्रीलंका को सौंप दिया था।

### संजय सिंह को मिली जमानत

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने सिंह की जमानत अर्जी मंजूर की। सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर (उच्च न्यायालय के उस आदेश को) शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम संजय सिंह को जमानत दे रहे हैं। मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उन्हें रिहा किया जाएगा। वह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं। न्यायालय ने हालांकि सिंह को सावधान करते हुए कहा कि वह अपनी भूमिका या दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी किसी भी मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय का पक्ष रखने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी एस राजू ने अपना रुख नरम करते हुए कहा कि आप नेता सिंह को जमानत दी जाती है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

# पहिए में फंसा दुपट्टा, दो युवतियों की गई जान

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



खैरागढ़-राजनांदगांव स्टेट हाईवे पर पेंड्री कला और बढ़ईटोला के बीच सड़क हादसे में दो युवतियों की मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य छात्रा और युवक गंभीर रुप से घायल है। ये चारों एक ही बाइक पर सवार थे। बताया जा रहा है कि सबसे पीछे बैठी छात्रा का दुपट्टा पिछले चक्के में फंसने के चलते ये हादसे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक शिकारीटोला निवासी कैलाश वर्मा (22) सुबह तकरीबन 6 बजे अपने गांव से एमए के एग्जाम दिलाने और रिश्तेदार लीलावती वर्मा (16) को कोड़ेगांव छोड़ने जा रहा था। दोनों बाइक पर सवार थे। इसी बीच एग्जाम देने के लिए खैरागढ़ जाने बस का इंतजार करते ठेलकाडीह में खड़ी विक्टोरिया पाल उर्फ कविता (21) निवासी डुमरडीह और रेशमी वर्मा (20) निवासी सेम्हरा ने कैलाश से साथ ही ले चलने को कहा। चारों एक ही बाइक पर खैरागढ़ की ओर निकल पड़े। इसी बीच बाइक के पीछे बैठी छात्रा रेशमी का दुपट्टा बाइक के पिछले चक्के में फंस गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर ग्राम पेन्ड्रीकला के पास सड़क पर ही गिर गई। इस घटना में रेशमी की मौके पर मौत हो गई। वहीं विक्टोरिया पाल और कैलाश बुरी तरह घायल हो गए। जैसे तैसे सभी को 108 की मदद से खैरागढ़ सिविल अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान विक्टोरिया पाल की भी मौत हो गई। दोनों ही मृतक युवतियों का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं इस घटना में बाइक चला रहे कैलाश वर्मा को गंभीर चोटें आई हैं। उसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है। जबकि 16 वर्षीय लीलावती सही सलामत है।

### भोजराज नाग के नामांकन रैली में भाजपा ने दिखाई ताकत

# सीएम साय ने कहा-मोदी गांव, गरीब, किसान मजदूर सबके लिए कर रहे काम

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि यह लोकसभा का चुनाव हमारे देश के लिए सबसे बड़ा चुनाव है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूल मंत्र मानकर देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबके लिए काम कर रहे हैं। साय ने मंगलवार को कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के नामांकन दाखिले के मद्देनजर भाजपा द्वारा आयोजित महती रैली को संबोधित कर अपील की कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें, इसके लिए काँकेर से नाग को सांसद बनाकर संसद भेजना है। मुख्यमंत्री साय ने कांग्रेस व उसकी पिछली भूपेश सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी लेकिन कांग्रेस ने उस जनादेश का सम्मान नहीं किया और पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और लूट मचाई। भ्रष्टाचार करने वाले कांग्रेस के सभी नेता आज जेल में है और कई नेता बेल पर हैं। प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ छल करते हुए उन्हें महादेव एप जैसे सट्टे में फंसाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाना है और भाजपा प्रत्याशी को अधिक मतों से जिताकर संसद भेजना है। साय ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने के बाद भाजपा ने मोदी की गारंटी में की गई घोषणाओं को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास के तहत प्रदेश के 18 लाख लोगों को आवास देने स्वीकृति अपनी पहली ही कैबिनेट की बैठक में दी गई। प्रदेश के 12 लाख किसानों के खाते में 2 साल के धान का बकाया बोनस 3,716 करोड रुपए का का भुगतान कर दिया गया है। भाजपा जो कहती है उसे करती है। प्रदेश में इस वर्ष रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी 31 सौ रु. प्रति क्विंटल की दर से की गई है। प्रदेश के किसानों को अंतर की राशि एकमुश्त भेज दी गई है। महतारी वंदन योजना के तहत सभी विवाहित महिलाओं को 1000 प्रति माह देने की शुरुआत 10 मार्च को कर दी गई है। अब महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह एक तारीख से 7 तारीख के बीच में भेज दी जाएगी। भाजपा की प्रदेश सरकार जिस प्रकार से तेजी से कार्य कर रही है उससे कांग्रेस पार्टी का आगामी लोकसभा चुनाव में सूपड़ा साफहोने वाला है।

### कांग्रेस का आरोप, किसान न्याय योजना की चौथी किस्त भाजपा सरकार हजम कर गयी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के लिये पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा 5700 करोड़ रू. का बजट पास



करके रखा था विष्णुदेव सरकार ने किसानों को भुगतान नहीं किया जिसके कारण किसानों को मिलने वाली किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की बजट राशि 31 मार्च को लेप्स हो गयी। यह भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी सोच का नतीजा है किसानों ने अपना धान 2580 रू. में सरकार के पास बेचा था यह छत्तीसगढ़ सरकार और किसानों के बीच का अनुबंध था। सरकार चलाने वाला दल भले ही बदल गया हो किसानों से सरकार द्वारा किया गया अनुबंध (वादा) तो यथावत है। किसान न्याय योजना का पैसा किसानों का हक है उन्हें मिलना ही चाहिये। साय सरकार किसानों को उनके धान का पैसा तत्काल भुगतान करें। दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद जनकल्याणकारी योजनायें दम तोड़ रही। किसानों को मिलने वाली राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त नहीं दिया गया। गौठानों को बंद कर दिया गया जिससे 27 लाख से अधिक बहनें जो स्व-सहायता समूह के माध्यम से गौठानों में काम करती थी बेरोजगार हो गयी।

### भाजपा सांसद अजय निषाद कांग्रेस में शामिल


वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



बिहार के मुजफ्फरपुर से पिछले आम चुनाव में लगातार दूसरी बार लोकसभा पहुंचे भारतीन जनता पार्टी सांसद अजय निषाद कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार के प्रभारी मोहन प्रकाश, बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह तथा अन्य नेताओं की मौजूदगी में निषाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मंगलवार को कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर खेड़ा ने कहा कि वर्तमान लोकसभा सदस्य भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे है, तो स्पष्ट हो जाता है कि हवा का रुख किधर है। उन्होंने कहा, अजय निषाद बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं और वह आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं, मैं उनका स्वागत करता हूं। बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने कहा, अजय निषाद के पिताजी प्रकाश निषाद बिहार के महत्वपूर्ण राजनीतिज्ञ थे और वह दलित, पीड़ित, पिछड़ों के लिए हमेशा आवाज उठाते रहे हैं और अजय जी भी अपने पिता के रास्ते पर चल रहे हैं। मैं पूरे कांग्रेस परिवार की तरफ से निषाद का स्वागत करता हूं। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, अजय निषाद जी का कांग्रेस में शामिल होना कांग्रेस संगठन को और मजबूती देगा। हम इनका कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हैं। कांग्रेस में उनकी मौजूदगी से पार्टी न सिर्फ मुजफ्फरपुर में मजबूत स्थिति में होगी बल्कि आसपास की कई लोकसभा क्षेत्र में भी इसका असर होगा।

# मोदी ने राजनीतिक संस्कृति में किया बदलाव : जेपी नड्डा

एजेंसी ◀ जबलपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव ला दिया है और भाजपा को समर्थन देना आज देश और समय की आवश्यकता है। नड्डा लोकसभा चुनाव के पहले यहां प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। नड्डा ने कहा कि भाजपा को समर्थन दिया जाना देश के लिए आवश्यक है। पहले के समय में कैसी राजनीति और मानसिकता थी। आम आदमी के जेहन में बैठ गया था कि अब कुछ नहीं बदलने वाला है, लेकिन अब साधारण आदमी के मन में भी विचार आता है कि बदलाव आ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक संस्कृति में बदलाव ला दिया है। पहले सिर्फ जाति, परिवारवाद और तुष्टिकरण के बारे में ही सोचा जाता था। अब विकास, रिपोर्टकार्ड, जवाबदेही, प्रदर्शन और समावेशी विकास की राजनीति हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति सबको साथ लेकर चलने की है, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों की विभाजनकारी थी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विकसित देश कोविड के समय मानवता और अर्थव्यवस्था की प्राथमिकता के बीच फैसला नहीं ले पाए, पर भारत में मोदी ने कहा कि जान है तो जहान है और कड़े फैसले लेते हुए लॉकडाउन लगा दिया। कोरोना और यूक्रेन वार के बाद सब देशों ने आर्थिक मंदी झेली, पर भारत अकेला है जो चमक रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले सिर्फ बेरोजगारी की बात करते हैं, इसका कारण है कि कांग्रेस जरूर अब बेरोजगार हो गई है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कांग्रेस वालों में पढाई लिखाई और जानकारी की कमी रही है। बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि देश में अब नई शिक्षा नीति लागू हुई है, जो जमीन से जुड़ी हुई है। ये सभी को समान अवसर देगी।

# मणिपुर में कांग्रेस ने बीरेन पर लगाया चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप

एजेंसी ◀ इम्फाल
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह पर चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है और इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस पार्टी के कानूनी विभाग के उपाध्यक्ष रवि खान ने संवाददाता से कहा कि इस संबंध में सीईओ के समक्ष सोमवार को शिकायत दर्ज करायी गयी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना चाहती है और बाहुबल और धनबल का उपयोग करना पूरी तरह से इसके खिलाफ है। उन्होंने आरोप कहा किया 27 मार्च से 31 मार्च तक कई लोग (जिसमें ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं) मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर पहुंचे थे। इसके कारण जाम लग गया था और कई लोगों ने उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था, जिसमें लोग मुख्यमंत्री के कार्यालय के गेट के सामने इकट्ठा होते और उनके दफ्तर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग मुख्यमंत्री के दफ्तर क्यों पहुंचे थे, इसका पता नहीं चल पाया है क्योंकि सोशल मीडिया में इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि आगंतुकों के लिए बसों तथा अन्य वाहनों की व्यस्था की गयी थीं। कांग्रेस ने सीईओ से आदर्श आचार संहिता (विशेष कर मौजूदा विधायकों/मंत्रियों/मुख्यमंत्री के आवास) के कार्यान्वयन की जांच कराने की अपील की है। पार्टी ने कहा कि राज्य में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के कई मामले सामने हैं। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. खान रतन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो पोस्ट किया है कि जिसमें कांग्रेस के एक नेता मणिपुर संकट के बारे में बोलते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने इस वीडियो में मणिपुर संकट के बारे में लगातार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह वीडियो फर्जी वीडियो है। उन्होंने कहा कि इस तरह का वीडियो कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं है।

मणिपुर में अभी चुनाव प्रचार ने जोर नहीं पकड़ा है। आंतरिक मणिपुर संसदीय क्षेत्र सीट के लिए छह उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। जो उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे है उनके नाम मणिपुर पीपुल्स पार्टी से राजकुमार सोमेंद्रो सिंह उर्फ काइकु, राष्ट्रीय जनहित संघर्ष पार्टी से मोइरांगथेम टोटोमशाना नोंगशाबा, महेश्वर थौनाओजम ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-अठावले (आरपीआई-ए), थौनाओजम बसंत कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी, डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने कांग्रेस और हाओरुंगबाम शरत सिंह निर्दलीय उम्मीदवार हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में दो चरणों में लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होगा। पहले चरण में 19 अप्रैल को मणिपुर इनर में ओर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मणिपुर आउटर संसदीय क्षेत्र में मतदान होगा। चुनाव परिणाम चार जून को आयेंगे।

# बेराजगार युवाओं को मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए उकसा रही है भाजपा : महबूबा

एजेंसी ◀ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भारतीय जनता पार्टी पर देश में असंतुष्ट बेरोजगार युवाओं को मुसलमानों पर आक्रोश निकालने के लिए उकसाने का आरोप लगाया। मुफ्ती ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में मस्जिद के एक इमाम पर लोगों के समूह के कथित हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, भाजपा का दावा है कि उसने कश्मीर में पत्थरों को लैपटॉप से बदल दिया है, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में जो हो रहा है, उस पर एक नजर डालने से ही इस बात का पर्याप्त सबूत मिल जाता है कि उन्होंने असंतुष्ट बेरोजगार युवाओं को केवल अपना गुस्सा निकालने के लिए मुसलमानों पर लाठियां और डंडे चलाने के लिए उकसाया है। उन्होंने कहा, उन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन इसकी बजाय युवाओं को दंगाई और गुंडा बना दिया। इससे अधिक दुखद बात यह है कि इन युवाओं को अपना भविष्य बर्बाद होने से कोई दिक्कत नहीं है, जब तक कि उन्हें मुसलमानों को दंडित और अपमानित करने का मौका मिलता रहेगा।

# पाठकों तक तथ्यात्मक एवं सही जानकारी पहुंचाएं : राजन

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि मीडिया निर्वाचन संबंधी तथ्यात्मक एवं सही जानकारी पाठकों तक पहुंचाएँ। आयोग का प्रयास है कि मीडिया को निर्वाचन संबंधी सभी अद्यतन जानकारियाँ दी जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने यह बात प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप में कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में मीडिया की अहम भूमिका है। सभी मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य में मीडिया का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। मतदाता जागरूकता अभियान में मीडिया भी सहभागिता करे। उन्होंने कहा कि वे लगातार मीडिया के संपर्क में रहते हैं, जिससे उनकी शंकाओं का समाधान किया जा सके और पाठकों तक सही जानकारियाँ पहुंचे। राजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारक पत्रकारों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पत्रकार मतदान के दिन कव्हरेज में व्यस्त होने पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनकी इच्छा पर उन्हें घर से वोटिंग करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इस मौके पर संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारीमनोज खत्री ने कहा कि पत्रकार आयोग के आँख और कान हैं। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से आयोग को ऐसी जानकारियाँ मिल जाती हैं, जो कई बार प्रशासन की नजरों में नहीं आ पाती हैं।

उन्होंने कहा कि एमसीएमसी कमेटी के अनुमोदन के बाद ही राजनैतिक विज्ञापन जारी किये जाएं।

# एसएसएचआरआई ने की रोबोटिक सर्जिकल माइक्रोस्कोप की स्थापना

एजेंसी ◀ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गुजरात के अहमदाबाद में स्तव्य स्पाइन हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसएसएचआरआई) ने उन्नत स्पाइन सर्जरी के लिये मंगलवार को यहां के सर्जन द्वारा नियंत्रित रोबोटिक सर्जिकल माइक्रोस्कोप की स्थापना की। स्तव्य स्पाइन हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में मिनिमली इन्वेसिव स्पाइन सर्जन डॉ मिरांत दवे ने आज बताया कि अत्याधुनिक तकनीक वाले स्पाइन हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ने नये जेडईआईएसएस केआईएनईवीओ 900 रोबोटिक सर्जिकल माइक्रोस्कोप की स्थापना के साथ स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। स्पाइन सर्जरी के लिये समर्पित यह उन्नत रोबोटिक सर्जिकल माइक्रोस्कोप अपने रोगियों को बेहतर चिकित्सा देखभाल प्रदान करने की अस्पताल की क्षमता को और बढ़ाता है। डॉ दवे ने बताया कि जेडईआईएसएस के आईएनईवीओ 900 एक अत्याधुनिक सर्जिकल माइक्रोस्कोप है, जो कई प्रमुख विशेषताओं से लैस है जो इसे पारंपरिक उपकरणों से अलग करता है। इसमें 100 से अधिक विशेषतायें शामिल हैं। सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान सर्जन को विशेष वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करने के लिये विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। जेडईआईएसएस केआईएनईवीओ 900 की एक अन्य विशेषता इसकी रोबोटिक नियंत्रण प्रणाली है जिसे पॉइंटलॉक के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि रीढ़ की हड्डी के रोगियों का ऑपरेशन करने के लिये सर्जनों द्वारा उपयोग की जाने वाली यह अत्याधुनिक तकनीक उन्हें सर्जिकल क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान पर ध्यान केंद्रित करने और फोकस खोये बिना माइक्रोस्कोप को गोलाकार गति में आसानी से घुमाने की अनुमति देती है।

सटीकता और नियंत्रण का यह स्तर सर्जिकल परिणामों को बढ़ाने और संभावित जोखिमों को कम करते हुए सर्जरी करने के तरीके को फिर से परिभाषित करता है।

# सोपोर में तीन आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर कस्बे में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार का उनके पास से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने बताया कि सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने फ्रूट मंडी में जांच अभियान चलाया, जहां से तीनों संदिग्ध भागने का प्रयास कर रहे थे। सतर्क टीम उनको पकड़ने में कामयाब रही। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फैसल अहमद कचरू, आकिब मेहराज काना और आदिल अकबर गोजरी के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से एक पिस्टल, मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी है।

# हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ के मतदाताओं को एक जून की विशेष छुट्टी : सिबिन सी

**चंडीगढ़।** पंजाब में काम करने वाले हिमाचल प्रदेश और केन्द्रशासित क्षेत्र चंडीगढ़ के मतदाताओं को एक जून को मतदान करने के लिये विशेष छुट्टी देने की घोषणा की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने मंगलवार को बताया कि पंजाब के सरकारी दफ्तरों, बोर्डों/ कार्पोरेशनों और सरकारी शैक्षिणक संस्थानों में काम करने वाले सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों में से यदि कोई चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश का मतदाता है तो वह अपनी मत डालने के लिये अपना मतदाता पहचान पत्र पेश करके सम्बन्धित अधिकारी से एक जून 2024 की विशेष छुट्टी ले सकेगा। यह छुट्टी अधिकारियों/ कर्मचारियों की छुट्टियों के खाते में से नहीं काटी जायेगी। सिबिन सी ने बताया कि पंजाब के किसी भी औद्योगिक संस्थान, कारोबार, व्यापार या किसी भी अन्य संस्थान में काम करने वाले चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं को भी मत डालने के लिये जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी (1) के मुताबिक एक जून 2024 को सवैतनिक छुट्टी घोषित की गयी है। इस सम्बन्ध में पंजाब सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया यूथ कप 2024 अमृतसर में आयोजित किया जायेगा : मदन लाल

**अमृतसर।** मदन लाल क्रिकेट अकादमी ने एडम्स क्रिकेट (ऑस्ट्रेलिया) के सहयोग से अमृतसर शहर में भारत-ऑस्ट्रेलिया यूथ कप 2024 आयोजित करने का निर्णय लिया है। कोचों के साथ दो आयु वर्ग की टीमें 15 अप्रैल से अमृतसर का दौरा करेंगी। इस संबंध में आज पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर मदन लाल शर्मा ने अमृतसर के जिला उपायुक्त घनशाम थोरी के साथ बैठक में कहा कि हम अमृतसर के साथ-साथ पंजाब की स्थानीय टीमों और अकादमियों को भी इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिये आमंत्रित कर रहे हैं। इस क्षेत्र के लिये यह एक अच्छा प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट 15 अप्रैल से 24 अप्रैल 2024 तक गांधी मैदान में आयोजित किया जायेगा। टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को इस साल के अंत में सितंबर में टूर्नामेंट में खेलने के लिये ऑस्ट्रेलिया जाने का मौका भी मिलेगा।

# किसी भी संस्थान में काम करने वाले मतदाता को भी मिलेगा सवैंतनिक अवकाश

पायनियर संवाददाता ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

लोक सभा मतदान-2024 के संदर्भ में पंजाब में काम करने वाले जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के मतदाताओं को इन राज्यों में मतदान वाले दिन यानी 19 अप्रैल, 2024 को वोट डालने के लिये विशेष छुट्टी देने की घोषणा की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि पंजाब के सरकारी दफ्तरों, बोर्डों/ कारपोरेशनों और सरकारी शैक्षिणक संस्थानों में काम करने वाले सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों में से यदि कोई राजस्थान और जम्मू- कश्मीर का मतदाता है तो वह वोट डालने के लिये अपना मतदाता कार्ड पेश करके सम्बन्धित अथॉरिटी से तारीख़ 19 अप्रैल 2024 की विशेष छुट्टी ले सकेगा। यह छुट्टी अधिकारियों/ कर्मचारियों के छुट्टियों के खाते में से नहीं काटी जायेगी। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि पंजाब के किसी भी औद्योगिक संस्थान, कारोबार, व्यापार या किसी भी अन्य संस्थान में काम करने वाले जम्मू कश्मीर और राजस्थान के वोटर को भी वोट डालने के लिये सवैतनिक छुट्टी घोषित की गयी है। इसके इलावा 19 अप्रैल को मतदान के मद्देनज़र ज़िला पठानकोट, फाजिल्का और मुक्तसर साहिब में स्थित सरकारी दफ़्तरों/ बोर्डों/ कारपोरेशनों/ शैक्षिणक संस्थानों में स्थानीय छुट्टी रहेगी और यह छुट्टी निगोशियेबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट- 1881 के अधीन भी होगी। इस सम्बन्ध में पंजाब सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# तोमर ने विधानसभा के कैलेंडर का विमोचन किया



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा के वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। मध्यप्रदेश विधानसभा के इस कैलेंडर में विगत वर्ष की प्रमुख गतिविधियों का सुदंर चित्रण है। इसके साथ ही शासकीय अवकाश, प्रमुख त्यौहारों, आयोजनों की जानकारी भी है। कैलेंडर के प्रथम पृष्ठ पर मध्यप्रदेश विधानसभा के भवन विहंगम दृश्य है। भीतर के पृष्ठों पर नव निर्वाचित सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम में पधारे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा संविधान की प्रति भेंट किए जाने,विधानसभा अध्यक्ष द्वारा गणतंत्र दिवस पर मुरैना में परेड का निरीक्षण, उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के साथ विधानसभा अध्यक्ष की सौजन्य भेंट, विधानसभा सदस्यों के साथ समूह चित्र जैसे महत्वपूर्ण क्षणों के संग्रहणीय चित्र संजोए गए हैं।

# महिला किसान यूनियन ने कॉरपोरेट का पक्ष लेने के लिये की मान की आलोचना

एजेंसी ◀ चंडीगढ
www.dailypioneer.com

कॉरपोरेट के लिये खरीद केंद्र खोलने की कीमत पर पंजाब में चल रही अनाज मंडियों को बंद करने पर महिला किसान यूनियन ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है और इस ज्वलंत मुद्दे पर पंजाब कांग्रेस को अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है, क्योंकि वह आम चुनाव के दौरान आप के साथ 'इंडिया' गठबंधन में भागीदार हैं। महिला किसान यूनियन की अध्यक्ष राजविंदर कौर राजू ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जानबूझकर कृषि उपज बाजार समिति अधिनियम को कमजोर किया है और राज्य की मंडियों में खरीद प्रणाली को बड़े पैमाने पर बाधित करके, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा बनाये गये साइलो कॉम्प्लेक्स को अनाज मंडियों का दर्जा दे दिया है, जिससे उन्हें गेहूं और धान खरीदने, बेचने, भंडारण और प्रसंस्करण करने की अनुमति है। इस तरह साइलोज़ से मंडी शुल्क न वसूले जाने से सरकार को भारी घाटा होगा और मंडी बोर्ड के कर्मचारियों को वेतन देना भी मुश्किल हो जायेगा। राजविंदर कौर ने कहा कि निजी अनाज मंडियों का मुद्दा तीन कृषि कानूनों के खिलाफ एजेंडे का हिस्सा था, जिन्हें दो साल पहले खारिज कर दिया था और इसके खिलाफ एस.के.एम. ने दिल्ली की सीमाओं पर ऐतिहासिक किसान आंदोलन चलाया था लेकिन आप सरकार उन कानूनों को कुटिल तरीके से लागू करने में अनिच्छुक है। महिला किसान नेता ने कांग्रेस से राज्य में अनाज मंडियों के विघटन पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग करते हुये कहा कि किसानों, व्यापारियों, मार्केट कमेटी कर्मचारियों, आढ़ती, ट्रक मालिकों, पल्लेदारों और श्रमिकों की कीमत पर कॉर्पोरेट संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये मान सरकार के इस जनविरोधी कदम के खिलाफ एस.के.एम. पंजाब आठ अप्रैल को मोहाली में विशाल विरोध प्रदर्शन करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने और तीन कृषि कानूनों के कार्यान्वयन को रोकने के लिये 714 किसानों के बलिदानों को नकार कर अनाज की खरीद- बिक्री के निजीकरण के लिये कम कर रहे हैं जिसे किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# आम आदमी पार्टी किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है : हरभजन सिंह

**अमृतसर।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने मंगलवार को कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार किसानों के हितों के लिये प्रतिबद्ध है और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हरभजन सिंह ईटीओ ने 31 मार्च 2024 को शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान संघर्ष में जंडियाला गुरु के गांव तरसिक्का भगत डेरा निवासी किसान दया सिंह की मौत पर उनके परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि इस किसान संघर्ष में हमारे कई किसानों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पंजाब के किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है।

# शिअद ने लालपुरा के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल ने भारतीय निर्वाचन आयोग को शिकायत कर आरोप लगाया कि एक संवैधानिक पद पर होने के बावजूद राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा के भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों में खुलेआम हिस्सा ले रहे हैं, जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। शिअद के कानूनी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अर्शदीप सिंह कलेर ने चुनाव आयोग को लिखित शिकायत में कहा कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पद पर रहते ललपुरा भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह लालपुरा कांग्रेसी सांसदपरनीत कौर के भाजपा में शामिल होने के समय भी पार्टी मुख्यालय में मौजूद थे।

# कांग्रेस ने मोदी से पूछे अंकिता हत्याकांड संबंधी सवाल

वार्ता ◀ देहरादून
www.dailypioneer.com

आसन्न लोकसभा चुनावों के मद्देनजर उत्तराखंड कांग्रेस की सह प्रभारी और झारखंड के महगमा विधानसभा से विधायक दीपिका पांडे ने राज्य के पौड़ी जनपद में एक भारतीय जनता पार्टी नेता के रिसोर्ट में स्थानीय युवती अंकिता भंडारी की हत्या मामले उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछे हैं। पांडे ने पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कर रहे हैं कि अंकिता के परिवार को न्याय मिले? क्या न्याय की इस प्रक्रिया में बाधा डालने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कोई कार्यवाही होगी? दीपिका ने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि राज्य में हेमा नेगी, पिंकी, जगदीश चंद्र, विजय वात्सल्य, केदार भंडारी और विपिन रावत हत्याकांड पर भी किसी की जबावदेही सुनिश्चित हुई? उन्होंने पूछा कि अपार आस्था के केंद्र भगवान बाबा केदारनाथ मंदिर में 230 किलो सोना गायब हो गया, इसका दोषी कौन है।

उत्तराखंड में पेपर लीक और भर्ती घोटालो का दोषी कौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के कई विभागों में भर्ती घोटाले हुए। इन घोटालों में कई गिरफ्तारियां भी हुई जिनमें अधिकांश भाजपा नेता या कार्यकर्ता संलिप्त थे। उन्होंने कहा कि हमारा आग्रह है, कृपया बताएं, हाकम सिंह किस पार्टी का पदाधिकारी है? हरिद्वार का संजय धारीवाल तथा नितिन चौहान किस पार्टी के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है, जो हाल के वर्षों में भयंकर बेरोजगारी, अभूतपूर्व पलायन, ध्वस्त होते इंफ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात के कारण त्रस्त रहा है। हमें उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर हमारे सवालों पर अपनी बात रखेंगे कि उनकी सरकार राज्य में कोई सार्थक सुधार करने में विफल क्यों रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार उत्तराखंड की सबसे बड़ी चुनौतियों - बेरोजगारी और पलायन का समाधान करने में पूरी तरह से नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि 2021 में, एक सर्वे से पता चला कि पिछले 10 वर्षों में पांच लाख लोग राज्य से बाहर चले गए हैं।

# अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के चीनी नामकरण मूर्खतापूर्ण : भारत

पायानियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदले जाने को 'मनगढ़ंत' एवं मूर्खतापूर्ण हरकत' करार दिया है और कहा है कि इससे यह हकीकत नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा। चीन सरकार के इस कदम के बारे में यहां मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, चीन, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के अपने मूर्खतापूर्ण प्रयासों पर कायम है। हम इस तरह के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, मनगढ़ंत नाम निर्दिष्ट करने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। उल्लेखनीय है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को 'जंगनान' नाम दिया है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। कल उसने राज्य के 30 विभिन्न स्थानों के नए चीनी नामों की चौथी सूची जारी की है। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने सबसे पहले 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के ''मानकीकृत नामों'' की पहली सूची जारी की थी।

# भाजपा की पूरी साज़िश धराशायी होगी : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने पर कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की पूरी साज़िश धराशायी होगी। पार्टी के नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा, आखिरकार सत्य की जीत हुई। वो दिन दूर नहीं जब आप के खिलाफभाजपा की पूरी साजिश धराशायी होगी। संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर हार्दिक बधाई। देश की शीर्ष अदालत का हार्दिक धन्यवाद। इंकलाब जिंदाबाद। आप ने एक्स पर कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 'आप' का शेर संजय सिंह आज़ाद बाहर आ गया है। तानाशाह के सारे मंसूबे धीरे-धीरे होंगे नाकामयाब। आप की नेता आतिशी सिंह ने सिंह की जमानत की खबर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, सत्यमेव जयते। उल्लेखनीय है कि कि ईडी ने सिंह को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले साल अक्टूबर में गिरफ्तार किया था।

# किरंदुल परियोजना ने शानदार उत्पादन कर रचा इतिहास

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुला
www.dailypioneer.com





एनएमडीसी लिमिटेड की महत्वपूर्ण परियोजना बीआईओएम कॉम्पलेक्स किरंदुल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क उत्पादन एवं प्रेषण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पिछले सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त किया है। इन कीर्तिमानों में कंपनी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी के सतत मार्गदर्शन, दूरदृष्टिता रही है। परियोजना ने वर्ष के दौरान कई कीर्तिमानों को पार किया है यह बेहद खुशी की बात है।इन कीर्तिमानों की रचना में हमारे निगम के निदेशक (उत्पादन) डीके मोहंती एवंविनय कुमार निदेशक (तकनीकी) का सक्षम नेतृत्व और परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक का उत्कृष्ट, गुंजायमान एवं परिणामोन्मुखी कार्यकुशलता से वित्तीय वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क उत्पादन एवं प्रेषण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। परियोजना ने वर्ष 2023-24 में आरओएम उत्पादन 151.03 लाख टन, कुल उत्खनन 185 लाख टन, एलसीएफ उत्पादन 163.37 लाख टन, एलसीएफ प्रेषण 157.34 लाख टन,11/बी खदान का आरओएम उत्पादन 59.23 लाख टन, कुल उत्खनन 11/बी 71.12 लाख टन, एसपी-। उत्पादन 80.90 लाख टन का उच्चतम निष्पादन किया है जो परियोजना के स्थापना से लेकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन है। ये सभी आंकड़े पिछले वर्षो की तुलना से अधिक है और परियोजना के नेतृत्व और बेहद उत्कृष्ट टीम प्रबंधन के परिचायक हैं। इसके अलावा परियोजना ने वर्ष 2023-24 के दौरान माह, तिमाही, छमाही एवं वर्ष में उत्पादन एवं प्रेषण में कई कीर्तिमान एवं हासिल किए। परियोजना के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम और नई पहलों की शुरूआत करेंगे तथा आने वाले वर्षों में भी कई कीर्तिमान हासिल करेंगे।

## नारायणपुर में दो दर्जन ग्रामीणों ने किया भाजपा प्रवेश

**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा चुनाव में मतदान को 18 दिन शेष बचे है। बस्तर सांसद निर्वाचित होने के लिये 11 उम्मीदवार चुनावी समर में है। बढ़ती गर्मी के साथ चुनावी प्रचार प्रसार का शोर भी बढ़ता जा रहा है। सर्वप्रथम प्रत्याशी घोषित करने का लाभ भाजपा को मिल रहा है। भाजपा ने नये चेहरे महेश कश्यप को बस्तर लोकसभा चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा रणनीतिक रूप से बस्तर लोकसभा सीट पर फ़तह पाने पूरी ताकत झोंक रही है। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने सोमवार को कोण्डागांव व नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा का पूरा ध्यान दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बना हुआ है। महेश कश्यप ने दोनों विधानसभा क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों में पहुँच कर कार्यकर्ताओं की बैठक ली और ग्रामीणों से भी जनसंपर्क किया। वहीं किबाई बालेंगा स्थित भोलेनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना की और नारायणपुर में मावली मंदिर में मत्था टेक कर बस्तर व छत्तीसगढ़ वासियों की कुशलता के लिये कामना की।

# उत्कल समाज एवं श्री जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा मनाया गया उत्कल दिवस



पायनियर संवाददाता ✓ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

उत्कल समाज किरंदुल एवं बैलाडीला श्री जगन्नाथ सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में 01 अप्रैल सोमवार रात्रि श्री राघव मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ उत्कल दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम एनएमडीसी सीजीएम पद्मनाभ नाईक, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा मृणालिनी नाईक एवं सर्वसमाज के लोगों द्वारा भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद जगन्नाथ सेवा समिति के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पत्रकारों द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु चर्चा किया गया तथा सर्व समाज द्वारा सहयोग मांगा गया। इस अवसर पर एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना डीजीएम मेकेनिकल के पद से सेवानिवृत्त हुए शशांक शेखर घोष को समाज द्वारा श्रीफल शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

मौके पर उत्कल समाज के अध्यक्ष अविनाश स्वाई, जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक, सचिव देवराज लेंका, दीपक मोहंती, ब्रजेश मिश्रा, पीएल साहू एवं सर्व समाज के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी पी आर कोर्राम के नेतृत्व मे नगर पालिका किरंदुल ने की राजस्व वसूली हुई 90 प्रतिशत

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद किरंदुल के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पी आर कोर्राम के निर्देशानुसार नगरपालिका किरन्दुल का राजस्व अमला विभिन्न वार्डो में राजस्व वसूली अभियान किया जा रहा है। राजस्व वसूली के अभियान करने हेतु अधिकारी व कर्मचारियों के दल का गठन किया गया है जोकि सुभाष नगर, व्होरा कैंप, सिंगरपुर कैंप, मेन मार्केट मलाप्पा कैंप कैम्प, गजराज कैम्प, बंगाली कैंप आदि वार्डो में घर-घर जा कर वसूली की जा रही है । जिसमें सम्पत्ति कर, समेकित कर, जल कर व दुकान किराया आदि वसूली किया जा रहा है जिसमे वित्तीय वर्ष 2023-24 मे 90 प्रतिशत तक वसूली की जा चुकी है। और निरंतर वसूली का कार्य जारी है इस अभियान में पीआर कोर्राम मुख्य नगरपालिका अधिकारी, डीएस साहु राजस्व उप निरीक्षक, गौरी शंकर तिवारी सहायक राजस्व निरीक्षक, नरेश कुमार साहु सहायक राजस्व निरीक्षक, मनराखन लाल ठाकुर सहायक राजस्व निरीक्षक, अंकालराम नेताम पम्प अटेन्डेट, चन्द्रभूषण सिन्हा, लोमन सिन्हा, वेद प्रकाश मांझी, अश्वनी पटेल, कृष्णा बहादूर, सचेन्द्र साहु, शिव कुमारी, शीला, प्रमिला, मीना, पूजा, उषा, रानी सुशीला कुंजाम आदि मौजूद रहें।

# लोकसभा निर्वाचन हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर जारी

## सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का होगा निराकरण

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निष्पक्ष शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु जनभागिदारिता को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा जिले में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिले के नगरिक जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07786-242012 पर सम्पर्क कर अपनी समस्यों के समाधान के साथ निर्वाचन संबंधित शिकायतों को भी दर्ज करा सकते है। नियंत्रण कक्ष हेतु जिला शिक्षा अधिकारी आदित्या चांडक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी-विजिल एप्लीकेशन बनाया गया है। आम नागरिक भी आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड एवं आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सीविजिल एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा मैदानी सत्यापन इकाई (उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों) से जोड़ती है। इसके लिए नागरिकों को गूगल प्ले स्टोर अथवा एप्पल स्टोर से सीविजील एप डाउनलोड कर मोबाइल नम्बर और ओटीपी के माध्यम से लाग-इन कर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत तोकापाल कॉलेज के युवाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



## प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने ली शपथ

**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय उपाधि महाविद्यालय तोकापाल के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं द्वारा विकासखण्ड मुख्यालय तोकापाल में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर तोकापाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.टीआर रात्रे द्वारा प्राध्यापकों सहित युवा छात्र-छात्राओं को देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र, भाषा से भेदभाव किये बिना तथा बगैर किसी प्रलोभन के प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कॉलेज के सभी प्राध्यापकों सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# तोंगपाल पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**गांजा की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये, जिला पुलिस सुकमा एवं एसएसटी टीम की संयुक्त कार्यवाही**



पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत 1 अप्रेल को तोंगपाल पुलिस एवं एसएसटी टीम को मुखबीर की सूचना मिलने पर रायपुर जाने वाली कांकेर रोडवेज बस क्रमाक सी.जी-19 वीके-0144 में तत्काल दबिश देकर हरियाणा निवासी कवरपाल पिता स्व. लीलु उम्र 38 वर्ष को पकड़ने में सफ्लता हासिल की है, जो अपने पास रखे दो एल्युमिनियम डिब्बा में तथा एक प्लास्टिक झोला में कुल 50.899 कि.ग्रा गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहा था एवं जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच लाख रुपये आंकी गई है। उक्त आरोपी पर तोंगपाल पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 06/2024 धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी तोंगपाल निरीक्षक संतोष सिंह के साथ सउनि. दुलेश्वर मानिकपुरी, बृजलाल गावड़े, तथा एसएसटी टीम प्रभारी शंकर लाल बघेल, प्र.आर. फागूराम वट्टी व आरक्षक उमेश मरकाम, अजय सिन्हा, म.आर. कविता नाग, सुन्नम नागी की विशेष भूमिका रही।

# छग सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव में हुआ मनोनयन संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



छ.ग.सर्व आदिवासी समाज जिला कोंडागांव में नव निर्मित आदिवासी भवन में सर्व आदिवासी कार्यकारी जिला अध्यक्ष पनकू राम नेताम, सर्व जिला महिला प्रभाग जिला अध्यक्ष कमला नेताम, गोंडवाना समाज कार्यकारी जिला अध्यक्ष तिरु रूपचंद ध्रुव की उपस्थिति में अनुभवी युवा चेहरा दशरू नेताम जिला अध्यक्ष व सचिव पद पर मनबोध पोयाम का हुआ मनोनयन। इस जिला युवा प्रभाग का मनोनयन में जिले के सभी ब्लाक माकडी, विश्रामपुरी, केशकाल, फरसगांव एवं कोंडागांव से गोंडवाना समाज, मुरिया समाज, हल्बा समाज, भतरा समाज, ध्रुव गोंड, राजगोंड, पारधी एवं ओझा समाज के सैकडों सामाजिक चिंतकों, सामाजिक पदाधीकारियों, लया-लयोरों की उपस्थिति में पूरे वैधानिक रुप से उपस्थित बुमकाल में भारी समर्थन के मध्य बगैर किसी विरोध के साथ हुआ। युवाओं के समन्वय से एक नयी सोच का आगाज समाज महसूस कर रहा है।

नयी जिम्मेदारी को लेकर दिए अपने बयान में नव युवा अध्यक्ष दशरू नेताम ने कहा कि, हम बगैर किसी भेदभाव के समस्त जनजातियों को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास हमारी पहली प्राथमिकता होगी, साथ ही उन्होने कहा हैं कि, हम पूरे कोंडागांव जिले में समस्त युवाओं को साथ लेकर समाज में अपनी रीति-नीति, संस्कृति, रूढ़ी व प्रथा को अक्षुण रखते हुए अशिक्षा, स्वास्थ्य जागरुकता तथा संवैधानिक जागरुकता के साथ साथ समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन तक जाकर हर संभव सभी प्रकार के समस्याओं का समाधान करने का पूरा पूरा प्रयास करूंगा। शांति पूर्वक मनोनयन से युवाओं में नयी उत्साह का संचार हुआ।

# हवलदार तिवारी ने छुट्टियों में बच्चों को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया

## पुष्पगुच्छ देकर दी गई विदाई



**कोंडागांव।** भारतीय थल सेना के आर्मी एयर डीफेंस में पदस्थ हवलदार श्रीकांत तिवारी 45 दिन की छुट्टियों के दौरान अपने गृहनगर कोडागांव आये हुए थे और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में शामिल होकर प्रतिदिन बच्चों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया। सेवारत सैनिक ड्यूटी के दौरान देश की सेवा कर रहें हैं और छुट्टियों के दौरान पूर्व सैनिकों के साथ निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण देकर समाज की भी सेवा कर रहें हैं। 1 अप्रैल को उनकी छुट्टियां खत्म होने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदा किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सेवारत सैनिक उमेंद्र, केकती बर्मन और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 450 युवक एवं युवतियां मौजूद रहें।

# कभी भी ढह सकता है साडा काम्प्लेक्स का जर्जर भवन

## जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव लंबित, पीडब्ल्यूडी से आ चुकी तकनीकी रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

**8 माह पहले खाली कराई जा चुकी दुकानें**






जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के बस स्टैंड स्थित साडा कांपलेक्स के जर्जर व खतरनाक हो चुके दुमंजिला भवन को अब तक डिस्मेंटल नहीं किया गया है। इस संबंध में पालिका में पूर्व में पारित प्रस्ताव के मुताबिक लोक निर्माण विभाग से इस कांपलेक्स भवन की मियाद पूरी होने संबंधी तकनीकी रिपोर्ट मंगाई गई थी। कांपलेक्स में संचालित दुकानों को खाली तो करवा लिया, लेकिन खतरनाक हो चुके भवन को डिस्मेंटल करने का काम तक पालिका ने शुरू नहीं किया है।

**कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका**

साडा कांपलेक्स के मुख्य भवन की खराब हालत को देखते हुए प्रथम तल पर संचालित एलआईसी दफ्तर 6 साल पहले ही दूसरी जगह शिफ्ट किया जा चुका है। भवन के चारों तरफ दीवारों और कॉलम में दरारें आ चुकी हैं। भवन की प्लास्टर और छज्जे के कई हिस्से टूटकर गिरने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। इस कांपलेक्स में दो दर्जन से ज्यादा दुकानें संचालित थीं, जिनमें रोजाना ग्राहकों की भीड़ एकत्र रहती थी। कांपलेक्स भवन के ढहने पर बड़े जान-माल के नुकसान की आशंका को देखते हुए 8 माह पहले ही इसे खाली करवाया जा चुका है। बस स्टैंड होने की वजह से इस जर्जर भवन के आस-पास लोगों की मौजूदगी हमेशा बनी रहती है।

**80 के दशक में हुआ था निर्माण**

साडा कांपलेक्स का निर्माण तत्कालीन विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने करवाया था। इसका मकसद बस स्टैंड समेत व्यवसायिक परिसर के रूप में लोगों को सेवाएं दिलवाना था, लेकिन लंबे समय अंतराल बीतने के साथ ही भवन कालातीत हो चुका है।

# 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध, भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 01 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

**पंजीकृत कार्यालयः** छठी मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013
खुदरा संपत्ति संग्रह विभागः– डीसीबी बैंक लिमिटेड, सेलो प्लैटिना, ऑफ नं. 302, तीसरी मंजिल, एफसी रोड, पुलिस ग्राउंड के पास, ललित महल होटल के विपरीत, शिवाजी नगर पुणे – 411005

DCB BANK

**सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं ने अपनी अचल संपत्तियों (प्रतिभूतियों) को गिरवी रखकर डीसीबी बैंक लिमिटेड से ऋण/सुविधाएं प्राप्त की हैं। आपकी चूक के परिणामस्वरूप आपके ऋणों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया था। डीसीबी बैंक लिमिटेड ने बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया। जिसकी सामग्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार और आपकी सेवा के माध्यम से प्रकाशित की जा रही है। उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं, गिरवी रखी गई संपत्तियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए मांग नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

| क्र. सं. | उधारकर्ता का नाम और पता, सह–उधारकर्ता/गारंटर, ऋण खाता संख्या, ऋण राशि | सुरक्षित सम्पत्ति का पता | 1) मांग सूचना की तिथि 2) बकाया राशि 3) एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री राघवेन्द्र कुमार द्विवेदी, 2. श्री आदित्य नाथ द्विवेदी, 3. श्री किरण द्विवेदी, 4. सुश्री पूजा द्विवेदी, सभी पता- प्लांट नं. 57 ड्रीम सिटी वार्ड नं. 5, भिलाई लैंडमार्क - शिव मंदिर के पास भिलाई, छत्तीसगढ़ पिन कोड - 490021 ऋण खाता संख्या- DBLAKUM00446913 स्वीकृत ऋण राशिः रु.10,38,664/- | संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 847/11, प्लॉट नं. 57, क्षेत्रफल 1250 वर्ग फुट, जोकि ग्राम उम्दा पी.एच.नं. 1 आर.आई.सी भिलाई-3 तहसील पाटन जिला दुर्ग (सी.जी.) में स्थित (सुरक्षित संपत्तियाँ)" | 1) 11.03.2024 2) रु. 13,41,690.17 (रु. तेरह लाख इकतालीस हजार छह सौ नब्बे और पैसे सत्रह मात्र) दिनांक 11.03.2024 तक 3) एनपीए की तिथिः 14.02.2024 |

इसलिए आपसे, उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों से अनुरोध किया जाता है कि आप इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर उपरोक्त उल्लिखित मांग की गई राशि को अतिरिक्त ब्याज के साथ भुगतान करें, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। उपर्युक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए कार्य करें। आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके आधार पर आप उपरोक्त प्रावधान में निर्धारित अवधि के भीतर सुरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड

दिनांकः 03.04.2024
स्थानः दुर्ग

# खुले में पड़े मेडिकल वेस्ट, संबंधितों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं

## मामले को रफा-दफा करने का प्रयास, संबंधित विभाग पर लग रहा मिलीभगत का आरोप

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते पिछले दिनों नदी तट पर मेडिकल वेस्ट के पाये जाने के बाद से लोगों में आक्रोश देखा गया है। इनका कहना है कि ऐसे एक्सपायरी दवाईयां, इंजेक्शन इत्यादि को खुले भाग में फेंकना मानवीय दृष्टिकोण से उचित नहीं है। इसे लेकर लोगों की प्रतिक्रियाओं के बीच यह भी बात सामने आ रही है कि जिस तरह मेडिकल वेस्ट को नदी किनारे फेंका गया, उससे कहीं अधिक गंभीर बात तो यह है कि एमबीबीएस डॉक्टरों के होते हुए नकीम, हकीम खतरा ए जान, जिन्होंने आरएमपी डिग्री हासिल की है, उनके द्वारा खुले रूप से इंजेक्शन, स्टेथेस्कोप लटकाकर अपने आप को मरीजों के समक्ष नामी चिकित्सक लिखाकर भी स्वास्थ्य विभाग के नियमों को तोड़ रहे हैं। इसके लिये बकायदा शासन द्वारा विभाग भी तैनात है किंतु यहां पदस्थ अधिकारियों के चलते मेडिकल वेस्ट खुले में फेंकने के साथ साथ ऐसे नीम हकीमों की तूती बोल रही है। धमतरी जिले में सैकड़ों हॉस्पिटल संचालित हैं। इनमें से कुछ लोगों द्वारा मेडिकल वेस्ट को खुले भाग में फेंके जाने को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि इस खबर पर स्वास्थ्य अमले ने वहां जाकर एक्सपायरी दवाईयों के साथ साथ मेडिकल से संबंधित अनेक अवधि समाप्त होने वाले इंजेक्शन इत्यादि को सुरक्षित जगह पर दफन कर दिया। लेकिन इसके बाद भी ऐसे कुछ लोग और हैं जो अस्पताल के ईर्दगिर्द ऐसे मेडिकल वेस्ट को खुले जगह पर फेंकने में गौरव महसूस करते हैं जबकि ऐसे मेडिकल वेस्ट को नियमानुसार बाहरी जगह पर गड्ढा खोदकर उसमें डालकर मिट्टी से दबा दिया जाना चाहिये। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है जिससे भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी किसी भयंकर रोग का होना भी कहा जा रहा है। ऐसे मेडिकल वेस्ट को देखकर कोई भी व्यक्ति अर्थात बच्चे भी ऐसे वेस्ट के समक्ष जाकर उसका अवलोकन कर उनमें से एकाध वस्तुओं को अपने साथ ले आये तो भी इसका घातक परिणाम देखने को मिल सकता है।

आश्चर्य तो इस बात का है कि स्वास्थ्य विभाग में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये भारी भरकम अमला मौजूद है, लेकिन इनके द्वारा कभी भी कार्यालय से उठकर जिले के अंतर्गत होने वाले ऐसे कृत्य को रोकने का समय नहीं है जिससे नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। शासन द्वारा समय समय पर प्रत्येक नागरिकों के स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मजबूत करते हुए एक से एक संसाधन जुटाये जा रहे हैं ताकि आम लोगों को स्वास्थ्य के संबंध में कोई परेशानी न हो सके। यहां तक ऐसे गंभीर मरीजों के लिये वाहन को त्वरित उपलब्ध कराने अनेक ऐसे एंबुलेंस की स्थापना तक की गई है। लेकिन ऐसी खबर है कि जरूरतमंद मरीज के लिये एंबुलेंस व्यवस्था में भारी लेनदेन कर व्यवसाय किया जा रहा है, जो कि उचित नहीं माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त आरएमपी डिग्री हासिल किये लोगों द्वारा समूचे जिले में अपनी सेवाएं दी जा रही हैं। आरएमपी डिग्री हासिल किये लोगों को इंजेक्शन लगाने या स्टेथेस्कोप लटकाने का कोई अधिकार नहीं है और न ही इन्हें चिकित्सक कहलाने का अधिकार है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जो अपने आप को चिकित्सक घोषित कर न सिर्फ मरीजों को इंजेक्शन लगा रहे हैं बल्कि उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। पिछले वर्षों में रिसाईपारा स्थित एक चिकित्सक जो पूर्व में एक कंपाउंडर था, उसके द्वारा एक गर्भवती महिला को इंजेक्शन लगाने के पश्चात उस महिला की मौत के बाद उक्त कंपाउंडर को सजा भी हो चुकी है। लेकिन आज भी उक्त व्यक्ति अस्पताल खोला हुआ है बल्कि इस अस्पताल बनाम नीम हकीम सेंटर में उसके परिवार के लोग भी बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर अपने को चिकित्सक ठहरा रहे हैं और मरीजों का ईलाज कर रहे हैं जो जिला प्रशासन के लिये किसी चुनौति से कम नहीं है। ि म ल ी जानकारी के अनुसार पता चला है कि शहर में ही ऐसे आरएमपी डिग्री हासिल किये हुए अनेक लोग अपने को चिकित्सक घोषित कर मरीजों का ईलाज कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर कतिपय अस्पताल के द्वारा मेडिकल वेस्ट को खुली जगह में फेंके जाने को लेकर जिले में बहस छिड़ चुकी है। ऐसे लोगों का कहना है कि जब शासन द्वारा आम नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर तरह तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं वहीं दूसरी ओर ऐसे लोगों द्वारा आम लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग, संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को इस मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही किया जाना जरूरी हो गया है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं की और नीम हकीमों की लगातार शिकायतें मिल रही है जिसे लेकर जिला प्रशासन से जागरूक नागरिकों ने इस पर त्वरित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## समाजिक जागरुकता अभियान के तहत रासेयो दल नायक को मिला 'सी' प्रमाण पत्र



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के रा.से.यो. (सामान्य इकाई) दलनायक दिनेश प्रधान को जिला संगठक डॉ.मालती तिवारी के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पं.रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर में सी-प्रमाण पत्र के लिए मौखिक परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें दिनेश प्रधान उत्तीर्ण हुए। उनका प्रोजेक्ट नशापान जहर का प्याला नामक एक सामाजिक जागरूकता अभियान था, जिसे वे ग्राम केजुवां में संपन्न किए थे। दिनेश प्रधान रा.से.यो. में 7 साल तक सक्रिय स्वयं सेवक रहे हैं। वे वर्तमान समय में जय हिन्द महाविद्यालय महासमुन्द में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के कक्षा प्रतिनिधि हैं। वे अपने सफलता का श्रेय माता दिब्यकांती प्रधान पिता रोहित प्रधान, रा.से.यो.(सामान्य इकाई) कार्यक्रम अधिकारी यू.के.बरिहा, महाविद्यालय के प्राचार्य पी.के.भोई एवं प्राध्यापकगण, ग्राम केजुवां के सरपंच तथा ग्रामीण जन साथ ही साथ उनके सहयोगी स्वयं सेवकों को देते हैं जिन्होंने उनके नशा मुक्ति कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए हैं।

## जीवन में कभी हताश नहीं होना चाहिए जब भी दु:ख आये तो परमात्मा नाम का सहारा लेना चाहिए : पंडित शेखर


पायनियर संवाददाता झलप
www.dailypioneer.com



पावन धरा धाम कछार डीह मे पटेल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा अविरल चल रही है ,जिसमे व्यास पीठ पर विराजित पंडित शेखर गौतम लामी डीह वाले सुमधुर वाणी से सबको सुंदर भाव से कथा का रसपान करा रहे है।कथा मे बताया की जीवन मे कभी हताश नही नही होना चाहिए जब भी दुःख आये तो परमात्मा नाम का सहारा लेना चाहिए जीव का शिव से मिलन बताया। कृष्ण रुखमणि मङ्गल विवाह के बारे मे बताया, व बाल लीला भगवान् सब घर जाकर सबका प्रेम चुराते है, भाव रूपी दही को भाव से ग्रहण करते है भगवान् को पाना उतना कठिन नही है ,जितना हमारा सरल बनना संयुक्त परिवार के बारे मे बताया की भगवान् कृष्ण अन्न विवाह करके भी हमेशा प्रश्न रहते थे, और कलयुगी प्राणी अपने छोटे से परिवार को लेकर चिंतित रहता है ,जीवन मे कितना भी दुःख आये माधव का सहारा कभी न छोड़ने को कहा ।चतुर्थ दिवस बाल जन्म बताया पंचम दिवस विवाह के बारे मे बताया षष्ट्म दिवस एक गरीब सुदामा के बारे मे बताया हम बड़े इंसान रहे या छोटे इंसान भगवान् सबके प्रति एक समान भाव रखने वाले है भेद भाव नही करते आज कथा का अंतिम दिवस है यजमान के रूप मे राजेंद्र पटेल पुत्र प्रमोद पटेल उपस्थित है।कथा श्रवण करने समस्त ग्राम वासी व दूर दूर से भक्त गण आये है, लामीडीह से दुलार यादव विशेष रूप से उपस्थित हुये।कथा वाचन से पूरे गाँव में भक्ति पूर्ण वातावरण निर्मित हो गया है।

## नया महामाया 1850 से 1900 रुपए, शुरू हुई रबी फसल की आवक





पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

महामाया 1850 से 1900 रुपए क्विंटल। रबी फसल की पहली आवक से संकेत मिलने लगे हैं कि पोहा उत्पादन करने वाली इकाइयों को ऊंची कीमत पर ही पोहा क्वालिटी के धान की खरीदी करनी होगी। इधर पुराना महामाया की आवक अंतिम चरण में है। लगातार दूसरा साल है, जब महामाया की खरीदी पर पोहा मिलों को बड़ी रकम लगानी पड़ रही है। बारिश के दिनों के लिए तैयारी कर रहीं इकाइयों को उम्मीद थी कि रबी फसल की कीमत कम होगी लेकिन यह अब लगभग टूटती नजर आ रही है क्योंकि पहली आवक को जैसा प्रतिसाद मिला, वह साफ संकेत दे रहा है कि तेजी के बीच ही खरीदी करनी होगी क्योंकि प्रतिस्पर्धा बनी हुई है।

**धारणा मजबूती की**

साल-दर-साल बढ़ रहा है महामाया का रकबा। अनुपात में इकाइयां भी बढ़ रहीं हैं। ताजा माहौल में इकाइयां बारिश के दिनों के लिए अग्रिम तैयारी कर रहीं हैं लिहाजा प्रतिस्पर्धी खरीदी का माहौल बनने लगा है। ऐसे में पोहा क्वालिटी के महामाया धान की नई फसल 1850 से 1900 रुपए क्विंटल पर खरीदी जा रही है। आवक के अंतिम दौर में पहुंचता पुराना महामाया में 2200 से 2300 रुपए क्विंटल के भाव बोले जा रहे हैं।

**गर्म यह भी**

हल्की टूट के बाद सरना में लिवाली 2000 रुपए क्विंटल पर हो रही है लेकिन धान की बारीक किस्में मजबूती की ओर इशारा कर रहीं हैं। मांग का दबाव बारीक चावल में बने रहने से एचएमटी धान 2800 से 2850 रुपए क्विंटल पर स्थिर है। सियाराम में भाव 3000 रुपए क्विंटल पर पहुंचा हुआ है, तो विष्णुभोग में आवक लगभग शून्य ही है। इसके बावजूद गर्मी यह भी दिखा रहा है।

अरहर 10 हजार

दलहन की लगभग सभी किस्मों की आवक बढ़त ले रही है लेकिन कीमत तेज ही है। अरहर में बोली 9000 रुपए से शुरू होकर 10000 रुपए क्विंटल पर बंद हो रही है। बटरी ने 5000 रुपए क्विंटल का, जो भाव अपने नाम लिखा हुआ है, उससे दाल बनाने वाली इकाइयां हैरत में हैं। साथ-साथ चलने वाला तिवरा 4000 से 4100 रुपए क्विंटल पर पहुंच चुका है। 5400 से 5500 रुपए क्विंटल पर चना स्थिर है।

## जिला पंचायत सभापति कविता कुमलेश देवांगन ने किया स्कूल का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अन्तर्गत ग्राम पंचायत जरौद में लिटिल रोज पब्लिक स्कूल का उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कविता कुमलेश देवांगन द्वारा किया गया, गांव में इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलने से गांव के लोग प्रसन्नता जाहिर की, सभापति ने स्कूल के उद्घाटन पर गांव वालो को बधाई देते हुऐ बच्चों को अच्छे शिक्षा देने की बात कहीं, कार्यक्रम में इंजिनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा भी शामिल हुए, देवांगन ने स्कूल के उदघाटन पर गांव वालो को बधाई के साथ स्कूल के संचालक राजा मेवाड़ को भी बधाई दी, देवांगन ने कहा की स्कूल ही हमारे बच्चो की नीव तैयार करती है तो आप सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे जिससे बच्चो का उज्जवल भविष्य हो सके, देवांगन ने स्कूल के संचालक राजा मेवाड़ को भी बधाई शुभकामनाए दीए इस अवसर पर गांव के उपसरपंच गोलू यदू, धनंजय देवांगन, राजकुमार निर्मलकर स्कूल के शिक्षक बच्चे सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## रिटर्निंग ऑफिसर नितिन तिवारी ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 लोक सभा क्षेत्र क्रमांक 08 रायपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नितिन तिवारी के द्वारा 30 एवं 31 मार्च को मतदान केंद्र क्रमांक 116 शासकीय प्राथमिक शाला कुमरखान, 225 शासकीय प्राथमिक शाला धनेली एवं भाटापारा शहर के मतदान केंद्र क्रमांक 150, 157, 158, 159, 170, 171, 175, 176, 177, 178, 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190, 191, 192, 193, 194 का औचक निरीक्षण करते हुए केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं यथा रैंप, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था मतदान केंद्रों में पाई गई कमियों को पूरा करने विभाग प्रमुखों को सख्त निर्देश देते हुए तीन दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया।

## चैत्र नवरात्रि 9 से, श्री मावली मंदिर में चालू तैयारी

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्रि का पर्व 9 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। देवी मंदिरों में आयोजन की तैयारी चालू हो चुकी हैं। 9 अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि के लिए अंचल के सभी देवी मंदिरों में रंग-रोगन के साथ विशेष पूजा अर्चना की तैयारियां जोर पकड़ने लगीं हैं। अंचल के प्रसिद्ध श्री मावली माता मंदिर सिंगारपुर में आस्था एवं विश्वास का यह पर्व विशेष होगा।

**651 रुपए में ज्योति कलश**

श्री मावली माता मंदिर प्रबंधन समिति ने चैत्र नवरात्रि पर्व पर ज्योति कलश की स्थापना के लिए विभिन्न संस्थाओं को अधिकृत किया है। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भी भक्तों के लिए व्यवस्था की गई है।

**घट स्थापना 9 अप्रैल को**

चैत्र नवरात्रि पर्व के लिए 9 अप्रैल की सुबह 11:36 से लेकर दोपहर 12:24 के मध्य शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की जाएगी। 16 अप्रैल को अपरान्ह 12:00 बजे से 3:00 के बीच हवन एवं पूर्णाहुति होगी। दूसरे दिन याने 17 अप्रैल को महानवमी पर कन्या भोज के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन होगा।

चैत्र नवरात्रि के लिए आवश्यक तैयारियां चालू हो चुकी है। निर्धारित तिथि एवं शुभ मुहूर्त में पर्व का आयोजन होगा।

**संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, श्री मावली माता मंदिर प्रबंधन समिति, सिंगारपुर**

# हनी ट्रैपिंग सेक्स स्कैंडल में पुलिस की गिरफ्त में आया सिर्फ एक आरोपी, तीन अभी भी फरार

### पीडित द्वारा आरोपी के खाते में 5 लाख रूपये का ट्रांजेक्शन बना अधिवक्ता की गिरफ्तारी का कारण



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शहर में चल रहे हनीट्रैप सेक्स स्कैंडल मामले को लेकर रविवार को चार आरोपियों के नाम सामने आने के बाद सभी फरार आरोपियों को सुबह तक गिरफ्तार कर लेने का दावा करने वाली पुलिस के हाथ सिर्फ एक आरोपी ही हाथ लगा है जबकि मामले के अन्य तीन प्रमुख आरोपी पुलिस की गिरफ्त से अभी भी बाहर है। मामले से जुडे जानकारों का यह भी आरोप है कि पूरे मामले में 11 लोगो के नाम सामने आये है क्या वजह है कि पुलिस सिर्फ चार आरोपियों के नाम ही सामने लेकर आयी है। जबकि पुलिस के पास सामने आये आरोपियों के अलावा एक नेता, दो महिला सेक्सवर्कर, दो पुलिसकर्मी व मीडिया से जुडे दो लोगो के अलावा कुल 11 आरोपी शामिल है।

### इधर राजनीति भी गरमाई

ब्लैकमेलिंग के इस पूरे मामले में कुछ नेताओं की संलिप्तता सामने आने के बाद राजनीति भी गर्मा गयी है सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफसख्त कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा।

### अधिवक्ता आरोपी के खाते में पीडित ने डाले 5 लाख रूपये

सोमवार शाम सिटी कोतवाली में हुई प्रेसवार्ता के दौरान एसडीओपी निधी नाग ने गिरफ्तार किये गये एक मात्र आरोपी अधिवक्ता महान मिश्रा के संबंध में जानकारी दी कि पीडित द्वारा उनके केनरा बैंक के खाते में 5 लाख रूपये ट्रांजेक्शन होने की बात सामने आयी है जिसके आधार पर उनकी रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया गया है बाकि फरार लोगो को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। ब्लैकमेलिंग के मामले में दुर्गा टंडन, मोंटी उर्फप्रत्यूष मरैया, शिरीष पाण्डेय के नाम सामने आये है फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जहॉ और भी कई चौकाने वाले नाम सामने आ सकते है वही ब्लैकमेलिंग के शिकार तीन अन्य पीडितों के भी बयान लेने की लगातार कोशिश की जा रही है अगर वे शिकायत दर्ज कराने के लिए राजी होते है तो कुछ प्रभावशाली सफेदपोशों के नाम सामने आ सकते है। सैक्स रैकेट चलाने वाले गिरोह के सदस्यों द्वारा इन पांच मामलों में 50 लाख से अधिक की राशि पीडितों से वसूली है।

### रैनबसेरे को बनाया अनैतिक कार्यो का अड्डा

मामले की मुख्य सरगना दुर्गा टण्डन पिछले निकाय चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ की टिकट पर चुनाव भी लड चुकी है वार्ड क्रमांक 10 से हुए इस चुनाव में उसे सिर्फ 10 वोट ही मिले थे। विवादों में घिरी यह महिला दिखावे के लिए स्व सहायता समूह भी चलाती है, 2020-21 में बस स्टैण्ड स्थित रैनबसेरा को ठेके में लिया मगर वहॉ भी अनैतिक कार्यो की सामने आने के बाद ठेका रद्द कर दिया गया था। साल बदलने के साथ ही साथी बदलने वाली यह महिला हर साल अपने पति के रूप में अपने परिचित लोगो के बीच नया नाम लेकर आ जाती थी, अलग-अलग समय में तीन पुरूषो को अपने पति के रूप में बताने वाली यह महिला वर्तमान में मामले के दूसरे फरार आरोपी मोंटी को अपना चौथा पति बताती है। मामले में चार आरोपी में से तीन आरोपी दुर्गा टण्डन, शिरीष पाण्डेय व महान मिश्रा ये अलग-अलग समय में जोगी कांग्रेस पार्टी से जुडे थे।

### यह है मामला

उल्लेखनीय है कि है सैक्स रैकेट का यह पूरा संगठित गिरोह है जो पहले गिरोह में शामिल युवतियों के माध्यम से धनाढ्य ग्राहकों को फंसाते है फिर तय स्थान पर अनैतिक कृत्यों का वीडियों फिल्म बनाकर उन्हे ब्लैकमेलिंग करते है।

### पीडितों के नाम रखे जा रहे गोपनीय

ब्लैकमेलिंग व हैनी ट्रैपिंक के शिकार तो कई है मगर बदनामी के डर से सामने नही आ रहे है जो 5 मामले भी सामने आये है उनमें सिर्फ2 ही बयान देने के लिए राजी हुए है जबकि पुलिस का कहना है कि अगर शिकायतकर्ता सामने आते है तो उनकी पहचान को गुप्त रखते हुए एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया जायेगा और कार्यवाही की जायेगी। इससे पीडित की सामाजिक प्रतिष्ठा व परिवारिक स्थिति भी खराब नही होगी।

## सिंघोडा पुलिस ने अवैध शराब निर्माण पर की बड़ी कार्यवाही

### 100 लीटर अवैध महुआ शराब व 3000 किलोग्राम लहान पास एंव शराब बनाने वाले सामग्री को जब्त

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



सिंघोडा पुलिस को मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी महेश साहू आरक्षक वीरेंद्र बाघ, कृष्णा यादव, रमाकांत त्रिपाठी, जितेंद्र आदिले, धनाराम कुर्रे द्वारा ग्राम डोंगारक्सा के नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र में चल रहे अवैध महुआ शराब निर्माण कार्य पर रेड कार्यवाही किया गया शराब बनाने वाले विभिन्न प्रकार के सामग्री सहित 100 लीटर महुआ शराब कुल कीमती 20000 रुपये को जप्त एवं 3000 किलोग्राम महुआ लहान (पास) कुल कीमती 150000 रुपये को एवं अवैध शराब बनाने वाले सामग्री को नष्ट किया गया एवं अवैध शराब बनाने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है और अज्ञात आरोपियों की पतातलाश की जा रही है ।

## बढ़ती गर्मी में सावधानी जरूरी वरना हो सकती है मौसमी बिमारियां

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बदलते मौसम के साथ तापमान में भी तेजी से वृद्धि होती जा रही है ऐसे में मौसम सम्बंधी बीमारियों के प्रकोप की आशंका लोगों को रहती है। बेहतर होगा इस बाबत सावधानी बरती जाए जिससे किसी खतरे से बचा जा सके। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार इस बढ़ती गर्मी में लू लगना,डायरिया,मलेरिया, डेंगू जैसे रोगों का खतरा बना रहता है। डायरिया दूषित जल अथवा दूषित भोज्य पदार्थ के सेवन से होता है इसके साथ ही साफ-सफाई ना रखना भी एक कारण होता है। इसमें पतला दस्त बहुत अधिक मात्रा में आता है तथा शरीर में पानी की कमी हो जाती है ऐसी स्थिति में तरल पदार्थ का मरीज को सेवन करवाते हुए चिकित्सक से संपर्क करने की जरूरत होती है। इसी प्रकार मलेरिया, डेंगू मच्छर से फैलने वाले रोग हैं जिससे बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग एवं आसपास कोई जल जमाव न होने दें इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार इस मौसम में सबसे बड़ा खतरा लू लगने का है। तेज़ धूप में बिना हाथ पैर और मुँह को ढँके घर से बाहर निकलना लू के खतरे को निमन्त्रित करना होगा। तेज़ बुखार, बदन में जलन,सर दर्द,चक्कर,उल्टी, कमज़ोरी ये कुछ लक्षण हैं जो लू के समय दिखाई पड़ते हैं। बचाव के लिए कम से कम धूप में निकलना और तरल पदार्थों का सेवन उचित होगा। बीमारी की दशा में प्रारंभिक उपचार के रूप में सर पर ठंडी पट्टी देना,भीगे ठंडे कपड़े से शरीर पोंछना,पंखे के नीचे मरीज को रखना एवं ओ आर एस घोल देना चाहिए।साथ मे जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए. एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार बच्चे,गर्भवती महिलाएं,श्रमिक,खिलाड़ी ये लू के जोखिम वर्ग में आते हैं। जिला स्तर पर इस प्रकार की मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु मितानिनों की दवा पेटी में ओ आर एस के पैकेट रखवाए गए हैं। यह सभी स्वास्थ्य केंद्रों में भी उपलब्ध है। किसी महामारी की दशा में टीम भी बनाई गई है। इस संबंध में किसी आकस्मिक स्थिति में जिला कंट्रोल रूम के नंबर- 7727223532 पर सम्पर्क भी किया जा सकता है।

# जमीन में पटककर मासूम की हत्या : मोबाईल फोन बनी हत्या की वजह, दोनों महिला गिरफ्तार

## मां ने अपनी बडी बहन के साथ मिलकर किया वारदात को छुपाने का प्रयास

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सराईमुडा में दो सगी बहनों के बीच मोबाईल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद छोटी बहन ने अपने ही चार माह के मासूम को न केवल जमीन में पटककर मौत के घाट उतार दिया बल्कि वारदात को हत्या की इस वारदात को छुपाने का भी प्रयास किया था। मगर पीएम रिपोर्ट में मामले का खुलासा होनें के बाद पुलिस ने आखिरकार मासूम बच्चे की मां और उसकी बडी बहन को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा पुलिस ने 4 माह के शिशु की हत्या के अपराध में शिशु की निर्दयी मां और उसकी सगी बडी बहन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े द्वारा सूक्ष्मता से जांच किया गया। जांच दौरान पीएमकर्ता महिला चिकित्सक की पृथक से राय ली गई। पीएमकर्ता ने चोट को साधारण गिरने से आई चोट का होना नहीं बताया। थाना प्रभारी द्वारा मृतक की मां और घरवालों से कड़ाई से पूछताछ किया गया जिसमें घटना का खुलासा हुआ। घटना को लेकर शिशु की दादी समारी पैकरा पति कमल सिंह पर उम्र 50 साल निवासी सराईमुडा थाना लैलूंगा द्वारा 16 जनवरी को थाना लैलूंगा में शिशु की मौत के संबंध में मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराई कि शिशु की मां पूजा पैंकरा सुबह रोड के ढलान पर बच्चे को धूप दिखा रही थी। उसी समय पूजा को अचानक चक्कर आने से दोनों मां बेटा ढलान पर से गिर गये जिससे शिशु आयुष (04 माह) को चोट आयी, जिसे एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल लैलूंगा में भर्ती किए जहां इलाज दौरान शिशु की मृत्यु हो गई है जिस पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच में पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर मामला संदिग्ध पाए जाने से थाना प्रभारी राजेश जांगडे द्वारा मृतक के परिजनों से कड़ाई से पूछताछ करने के बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया।

**मोबाईल फोन बना हत्या की वजह**–16 जनवरी की सुबह मृतक की मां पूजा पैंकरा से उसकी बड़ी बहन संतोषी पैंकरा मोबाइल मांग रही थी, मोबाइल नहीं देने पर दोनों में झगड़ा विवाद हुआ। इसी झगड़ा विवाद के बीच गुस्से में आकर पूजा पैंकरा अपने चार महीने के शिशु आयुष को जमीन में पटक दी जिससे सिर में आई गंभीर चोट से शिशु की मृत्यु हो गई।


**जमीन से गिरने से मौत होनें का बताया कारण**–अपराध को छिपाने घरवालों ने धूप सेकने के दौरान शिशु के उसकी मां के हाथ से गिर जाने से सिर में आई चोट की झूठी और मनगढ़ंत रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पीएम रिपोर्ट में शिशु के सिर पर आई चोट किसी भारी ठोस वस्तु से प्रहार करने या टकराने की वजह से हिंसात्मक व्यवहार लेख किया गया है।

**दोनों सगी बहनें जेल दाखिल**–लैलूंगा पुलिस हत्या के इस मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जप्ती कर आरोपिया पूजा पैकरा पति अरविंद पैकरा उम्र 21 साल तथा उसकी बड़ी बहन संतोषी पैकरा पिता कमल सिंह पर उम्र 32 साल निवासी सराईमुडा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# कोड़ातराई के पटवारी व पुसौर आरआई कर रहे जमीन नापजोख में गड़बडी

## कोड़ातराई के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, जिलाधीश व मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत ग्राम कोड़ातराई के पटवारी व पुसौर आरआई पर गांव के ही ग्रामीणों ने जमीन नाप-जोख व सीमांकन में हेरफेर का आरोप लगाते हुए कलेक्टर सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री व राजस्व सचिव से लिखित शिकायत करके कार्रवाई की मांग उठाई है। कोड़ातराई गांव के ग्रामीणों ने अपने आवेदन मे कहा है कि ग्राम कोंडातराई पटवारी सच्चिादानंद साहू के द्वारा जमीन नाप जोख में पक्षकारों से सांठगांठ करके जमीनों में एवं नक्शा में हेरफेर किया जा रहा है। ग्रामीण किसानों को तहसीलदार एवं एसडीएम से संरक्षण प्राप्त होनें का डर दिखाकर खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पटवारी के द्वारा बिना पैसे के कोई काम नही किया जाता है। उसके इस जमीन सीमांकन में पुसौर आरआई सर्किल का आरआई नूतन पैंकरा के द्वारा मनमाना रिश्वत लेकर दूसरे क्षेत्र का आरआई होनें के बाद भी यहां दादागिरी पूर्वक सीमांकन एवं नाप जोख तथा नक्शा में कांट छांट किया जा रहा है। नूतन पैकरा द्वारा अपने सर्किल से बाहर जाकर किसी एक पक्षकार से सेटिंग करके कोंडातराई सर्किल एवं नेतानगर सर्किल में भी यही हेरफेर एवं बिना अधिकारिता के सीमांकन, नाप जोख एवं नक्शे में हेराफेरी किया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी सच्चिदानंद साहू के इस तरह के कार्य के कारण इसी ग्राम में सर्वाधिक सीमांकन एवं विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने एक राय होकर मुख्यमंत्री व जिलाधीश के नाम आवेदन देकर दोनों कर्मचारियों को जांच करके निलंबन करने या फिर जिला से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की है।

### छत्तीसगढ़ में मतदान के लिए 19 व 26 अप्रैल तथा 7 मई को रहेगी छुट्टी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर है। इसके साथ ही चुनाव आयोग और प्रशासन भी ज्यादा वोटिंग कराने के लिए अलर्ट मोड में आ गई है। इस बीच, छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए छुट्टियों की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए राज्य प्रशासन ने अवकाश की घोषणा करते हुए आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक पहले चरण में 19 अप्रैल को बस्तर सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके लिए बस्तर में कोंडागांव जिला (विधानसभा क्षेत्र), नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में मतदान के लिए छुट्टी रहेगी। जारी आदेश के मुताबिक 26 अप्रैल को महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा सीटों के लिए वोट डालने अवकाश मिलेगा। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए गरियाबंद, महासमुंद व धमतरी जिलों में अवकाश रहेगा।

# लोक सभा चुनाव की तैयारियां तेज, आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

- आयुक्त पहुचे उपायुक्त के साथ सुराना कॉलेज एवं चंद्रशेखर आजाद स्कूल के मतदान केंद्र में वॉल पेंटिंग का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग में 7 मई को लोक सभा चुनाव की तैयारियाँ तेज,नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उपआयुक्त मोहेंद्र साहू के साथ सुराना कॉलेज एवं चंद्रशेखर आजाद स्कूल के मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान पूर्व दीवारों पर लिखे (लिखन) वॉल पेंटिंग सहित आदि का अवलोकन किया।नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लगभग 224 मतदान केन्द्र है, जिसमे लगभग 75 परिसर में 224 मतदान केंद्र है।जिसमे आयुक्त ने सुराना कालेज के 3 मतदान केंद्र व चंद्रशेखर स्कूल 6 मतदान का अवलोकन कर वॉल राइटिंग के साथ-साथ मतदान केंद्रों में टॉयलेट,पेयजल, रैंप,नागरिको के लिए छाया सहित साफ सफाई के अलावा मूलभूत सुविधाओं के लिए मौजूद संबंधित राजस्व निरीक्षक नारायण सिंह यादव से जानकारी रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एवं दुर्ग जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशों का अनुपालन करें। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आयुक्त द्वारा पहुंचकर मतदान केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान से पूर्व ही सभी केंद्रों पर खामियों को दुरुस्त किया जाए। मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवा एवम महिला मतदान केंद्रों को भव्य रूप से सजाया जाए। इस दौरान उन्होंने राजस्व निरीक्षक से संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी मतदान से पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें।

# जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी के खिलाड़ियों ने किया जबरदस्त प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

चौंथे साईं क्लासिक मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन भिलाई सेक्टर 6 पावर जिम में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के अनुज संजय बघेल थे। इस प्रतियोगिता मे कुम्हारी के जय हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने फिर दिखाया अपना दम। 65 किलो वर्ग समूह में विवेक शाह ने बेस्ट इंप्रुवर बॉडीबिल्डर के खिताब पर कब्जा किया। वही मेन फिजिक् में मधुर वैष्णव ने कास्य पदक पर कब्जा किया इसकी जानकारी जय हनुमान व्यायाम शाला के कोच और पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ रहे। प्रदीप झा ने दी उन्होंने बताया कि कुम्हारी में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए विजेता खिलाड़ियों को बिल्डर संदीप चंद्राकर (सार्थक ग्रुप) ने 3100 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की, वही टिंबर मर्चेंट पावर लिफ्टर विकास शुक्ला जी ने विजेता खिलाड़ियों को 2100 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। कोच प्रदीप झा ने बताया कि हमारे खिलाड़ियों को जिस तरह से आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। उससे हमारे खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम देश-विदेश में रौशन करेंगे।

# नगरपालिका कुम्हारी क्षेत्र के पांचों गांव को मिला नगर तहसील साहू संघ का दर्जा



पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर इकाई साहू समाज कुम्हारी के कर्मा भवन में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू समाज की बैठक सम्पन्न हुई। जिसके अंतर्गत नियमावली अध्याय 01 अनुच्छेद (4) ग के अनुसार छत्तीसगढ़ में जितने भी नगर निगम, नगर पालिका एवं शासन के द्वारा राजस्व तहसील बनाया गया है। उसे छत्तीसगढ़ साहू समाज के नियमावली अनुसार तहसील साहू संघ का दर्जा प्राप्त होगा। इसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ के द्वारा नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत पांचो गांव को तहसील साहू संघ का दर्जा देने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में हनुमंत साहू कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ को नियुक्त किया गया था, जिसके द्वारा इकाई साहू समाज कुम्हारी, इकाई साहू समाज जंजगिरी, इकाई साहू समाज कुगदा, इकाई साहू समाज परसदा एवं इकाई साहू समाज रामपुर चोरहा इन पांचो इकाई के पदाधिकारियों की बैठक हुई। तत्पश्चात नगर पालिका कुम्हारी क्षेत्र को नगर तहसील साहू संघ कुम्हारी का दर्जा प्रदान किया गया, जिससे साहू समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

# शराबियों से तंग आकर इस गांव की महिलाएं थाना पहुंची, नशा मुक्त गांव बनाने टीआई से लगाई गुहार



पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ थाना क्षेत्र के गांव के महिलाएं अवैध शराबबंदी को लेकर कल थाने पहुंचे, और थाना प्रभारी को ब्रिकी बंद करवाने के लिए सहयोग मांगा। और कहा कि नशा मुक्ति गांव बनाने में हमारी मदद करें। सामूहिक नेतृत्व में गांव के भारी संख्या में महिलाओं ने थाना प्रभारी से गुहार लगाकर अपने गांव को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने की बात कही। महिलाओं ने बताया कि गांव के कुछ लोग अवैध शराब बेच कर माहौल खराब कर रहे हैं। जिसकी वजह से शराब की लत छोटे बच्चों को भी होने लगी है। आगे उन्होंने कहा कि कई बार समझाने के बावजूद शराब की बिक्री बंद नहीं हुई। गांव के अन्य लोगों द्वारा शराब पाऊच भी यहां से सप्लाई कर रहे हैं, महिलाओं ने कहा इन्हीं से हम मजबूर होकर शिकायत करने एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर शराब ब्रिकी बंद करवाने थाना धरमजयगढ आये हुए हैं। अब तक नशा मुक्ति अभियान में सबसे पहले शराबबंदी पर महिलाओं को फोकस है महिलाओं को नशा मुक्ति कार्यक्रम में अपनी घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। बहरहाल यह सत्य है,यदि पुलिस सहयोग करें तो शराब बिक्री बंद हो सकती है, और महिलाओं का गुहार लगाना साकार हो सकता है। फिलहाल धरमजयगढ थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा पुरा सहयोग किया जायेगा।

# विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया जा रहा मतदाता जागरूकता का संदेश

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सहित अन्य जगहों संस्थानों आदि में निरंतर स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आईटीआई के छात्र-छात्राओं के मध्य नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद, नुक्कड़-नाटक, मानव श्रृंखला जैसे गतिविधियां आयोजित कर उन्हें मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, अपने घर-परिवार, गली-मोहल्ले, बसाहटों में मतदान की उपयोगिता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत ज़िले के परपोडी व नवागढ़ के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आईटीआई के अध्ययनरत् विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यहां के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित सुंदर व आकर्षक रंगोली बनाकर कर मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार किया। इसी प्रकार महाविद्यालयों में भी मतदाता जागरूकता के विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र-छात्राओं के मध्य मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आगामी चुनाव में निश्चित रूप से वोट देने एवं अन्य मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। महिला मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता के तहत परपोडी में जागरूकता रैली निकाली।

# तेज रफ्तार पिकअप ने दो मजदूरों को कुचला, एक ने मौके पर तो दूसरे ने रास्ते में दम तोड़ा, लैलूंगा के रूडुकेला पुल के पास हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिले की लैलूंगा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह तकरीबन 9 बजे लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रूडुकेला पुल के पास एक तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी 5321 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दो युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। पिकअप की टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना स्थल पर ही एक युवक घनश्याम पैंकरा 36 साल निवासी डोर्रोबीजा की मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल युवक लक्ष्मण पैकरा 40 साल को रायगढ़ मेडिकल कालेज लाया जा रहा था जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो जाने की जानकारी मिली है। लैलूंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों युवक लैलूंगा क्षेत्र में ही स्थित किसी आयल मिल में काम करते थे रोजाना की भांति सोमवार की सुबह 9 बजे दोनों मोटर सायकल में सवार होकर अपने काम में जा रहे थे इसी दौरान सामने की तरफ से आ रहे पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और यह घटना घटित हो गई। इस घटना में मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई और दूसरे को गंभीर चोट लगने की वजह से रायगढ़ मेडिकल कालेज भेजा गया है। घटना के बाद से आरोपी पिकअप चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया है। लैलूंगा पुलिस ने आरोपी वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसकी पतासाजी में जुट गई है।

**घरघोड़ा पुलिस ने भेजा रिमांड पर**

# अस्पताल से चोरी इनर्वटर, बैटरी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम बहिरकेला में नव-निर्मित अस्पताल से इनर्वटर, बैटरी, स्टार्टर की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा गया है। कल रात थाना घरघोड़ा में निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार प्रेमलाल पटेल (उम्र 27 वर्ष) निवासी ग्राम घरघोडी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23-24 मार्च के मध्य ग्राम बहिरकेला में नव-निर्मित अस्पताल से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनर्वटर, बैटरी एवं स्टार्टर कीमती 27,000 रूपये चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी एवं स्टाफ द्वारा ग्राम बहिरकेला के प्रमुख व्यक्तियों, रिपोर्टकर्ता ठेकेदार तथा उसके कर्मचारियों से पूछताछ कर जांच किया गया। चोरी गांव के मनोहर उर्फ भुरू राठिया एवं लोकनाथ उर्फ लोखी राठिया के शामिल होने की जानकारी मिली, तत्काल दोनों की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने बताया कि 23 मार्च के रात दोनो गांव बहिरकेला के नवनिर्मित अस्पताल के दरवाजा को खोलकर अंदर घुसे और वहां लगे इनर्वटर, बैटरी एवं स्टार्टर को चोरी कर अपने साथ ले गये और आपस में सामान को बाट लिये जिसमें मनोहर राठिया ने बैटरी को बटवारा में लिया और लोकनाथ राठिया अपने पास इनर्वटर तथा स्टार्टर को रखा। आरोपी मनोहर उर्फ भुरू राठिया पिता राम प्रसाद राठिया उम्र 27 वर्ष साकिन बहिरकेला, थाना घरघोडा, लोकनाथ उर्फ लोखी राठिया पिता कवल सिंह उम्र 35 वर्ष साकिन जुनाडीह (बहिरकेला), थाना घरघोडा जिला रायगढ़ के मेमोरंडम पर एक नग बैटरी, एक नग इनर्वटर एवं एक नग स्टार्टर कुल कीमती 27,000 रूपये को जप्त कर बजाप्ता शुमार किया गया। दोनों आरोपियों के होने पर प्रकरण में धारा 34 भादवि विस्तारित कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक पारसमणि बेहरा, आरक्षक हरिश पटेल, किशोर राठौर, राजेश राठौर की विशेष भूमिका रही है।

### उमेश के साथ रायगढ़ लोकसभा की कमान सम्हालेंगे अरूण गुप्ता

**रायगढ़।** आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन तथा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश से प्रदेश के सभी 11 लोकसभा क्षेत्र के लिये वार रूम प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिसमें रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिये अरूण गुप्ता को वार रूम प्रभारी बनाया गया है। अरूण गुप्ता पूर्व मंत्री और रायगढ़ जिले के कद्दावर कांग्रेसी नेता कृष्ण कुमार गुप्ता के सुपुत्र हैं। पूर्व मंत्री व लंबे समय से रायगढ़ के विधायक रहे कृष्ण कुमार गुप्ता के सानिध्य में रहते हुए अरूण गुप्ता ने 1980 के दशक में राजनीति में पर्दापण किया और उसके बाद से लेकर हुए लोकसभा, विधानसभा तथा स्थानीय निकायों व पंचायत स्तर के चुनावों में कांग्रेस के लिये काम करते रहे हैं।

# प्रधान आरक्षक रतन सिंह हुए सेवानिवृत्त पुलिस कार्यालय में दी गई सम्मान पूर्वक विदाई



**रायगढ़।** 31 मार्च को जिला पुलिस बल रायगढ़ में कार्यरत प्रधान आरक्षक रतन सिंह अपनी 62 वर्ष अधिवर्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुये हैं जिन्हें पुलिस कार्यालय में ससम्मान विदाई दी गई है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा प्रधान आरक्षक रतन सिंह ठाकुर का शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया, ततपश्चात उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पुष्प गुच्छ, फूल माला पहना कर प्रधान आरक्षक रतन सिंह को दीर्घायु व स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी गई। सेवा सम्मान कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक के परिवारजन भी उपस्थित थे। प्रधान आरक्षक रतन सिंह लंबे समय तक थाना यातायात में अपनी सेवाएं दिए हैं। सेवानिवृत्ति के पूर्व वे थाना अजाक रायगढ़ में पदस्थ थे। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी अनामिका जैन, आरआई अमित सिंह एवं कार्यालयीन स्टाफमौजूद थे।

## संपादकीय

# एकजुटता प्रयास लोकतंत्र बचाओ रैली

**विपक्ष ने एकजुटता प्रयास के अंतर्गत** 'लोकतंत्र बचाओ रैली' आयोजित की। सत्तारूढ़ अवस्थापना द्वारा कथित रूप से संघीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर जन-भावनायें उभारने के लिए विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' ने राजधानी के रामलीला मेंदान में रैली आयोजित की। अपने कई कैबिनेट सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी करोड़ों रुपये के शराब नीति घोटाले में सीखचों के पीछे हैं। यह रैली संभवतः इस गिरफ्तारी की निन्दा करने के लिए थी, लेकिन कांग्रेस ने कहा कि यह किसी व्यक्ति पर केन्द्रित नहीं है और इसका उद्देश्य लोकतंत्र व संविधान बचाना है। विपक्ष ने इस रैली के माध्यम से एक राजनीतिक संदेश देने व अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता दिखाने का प्रयास किया किया है। विपक्ष यह दिखाने का प्रयास कर रहा है कि वह हमारे महान देश के आधारभूत लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों की रक्षा कर रहा है। रैली में उपस्थित विपक्षी नेताओं में रांकापा के शरद पवार, शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, भाकपा महासचिव डी.राजा, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती तथा झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल थे। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी तथा 'आप' नेता व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी रैली में शामिल थे।

सुनीता केजरीवाल ने जेल में बंद अपने पति अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ कर सुनाया जिसके अनुसार, 'भारत बहुत कष्ट की स्थिति में है और यह अत्याचार कारगर नहीं सिद्ध होगा।' रैली में उपस्थित नेताओं ने केन्द्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग तथा सरकार द्वारा विपक्ष को कथित रूप से पंगु बनाने के प्रयासों को बार-बार रेखांकित किया। वर्तमान समय में कई विपक्षी नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं और कांग्रेस के बैंक खाते आयकर नियमों के उल्लंघन में फ्रीज किए गए हैं। भाजपा ने इस विपक्षी रैली पर व्यंग्य करते हुए इसे 'अलीबाबा और चालीस चोर' बैठक कहा है। भाजपा ने विपक्ष पर निशाना लगाते हुए कहा है कि यह 'लोकतंत्र बचाओ' के बजाय 'परिवार बचाओ' और 'भ्रष्टाचार छिपाओ' रैली है। हालांकि, इस रैली ने विपक्षी एकता प्रदर्शित करने का प्रयास जरूर किया है, पर यह मंच पर फोटो खिंचवाने तक सीमित है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तथा 'आप' ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। रैली में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई रोकने तथा जेल में बंद हेमंत सोरेन व अरविंद केजरीवाल को रिहा करने की मांग की गई। इससे स्पष्ट है कि विपक्षी नेता स्वयं को देश के कानून से ऊपर समझते हैं। जेल में बंद सभी विपक्षी नेताओं के खिलाफ विभिन्न आरोपों में कानून-सम्मत कार्रवाई की गई है और उनको अदालतों द्वारा सजा मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा है इनमें से कई को तो सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिली है और उनका 'भ्रष्टाचार विरोधी अभियान' लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ईडी द्वारा जब्त 17,000 करोड़ रुपयों से अधिक धनराशि उत्पीड़ित लोगों को वापस कर चुकी है। उन्होंने जनता से वादा किया है कि उनकी अगली सरकार भ्रष्टाचारियों से जब्त पैसा जनता को वापस लौटाने की व्यापक योजना पर काम कर रही है। जनता व खासकर देश की युवा पीढ़ी का भाजपा पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोकतंत्र के नाम पर 'भ्रष्टाचारी बचाओ' नेताओं के प्रति जनता की हमदर्दी पैदा होने की कोई संभावना नहीं है।

# नैनो-उर्वरकों से टिकाऊ खेती

भारत वर्तमान समय में नैनो-उर्वरकों का उत्पादन बढ़ा रहा है। लेकिन इसकी तकनीकी संभावनाओं तथा इस व्यवस्था में तार्किक परिवर्तन के बारे में कुछ आशंकायें हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



हाल ही में केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है, 'इस वित्त वर्ष में वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में द्रव नैनो किस्म के प्रयोग के कारण यूरिया के उपभोग में 8 प्रतिशत कमी की संभावना है। इसके तथा घरेलू उत्पादन में वृद्धि के कारण यूरिया के आयात में वित्त वर्ष 2023 में एक बटा पांच से अधिक कमी आई है। इस उर्वरक का उर्वरक सब्सिडी बिल में 70 प्रतिशत का योगदान है। नैनो यूरिया उपभोग का विस्तार होने तथा ओडिशा के तालचेर में नए बड़े यूरिया प्लांट की सितंबर, 2023 में स्थापना से दो-तीन साल में आयातों से मुक्ति मिल सकती है।' मंत्री का बयान नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व संभावनाओं की ओर संकेत करता है। नैनो यूरिया के साथ ही उद्योग ने नैनो-डीएपी तथा नैनो रूप में अन्य उर्वरकों का उत्पादन शुरू किया है जिनमें नैनो-पोटाश, नैनो-जिंक, नैनो-बोरान, आदि शामिल हैं। इससे न केवल उर्वरक सब्सिडी में काफी कमी आई है, बल्कि उर्वरक प्रयोग में असंतुलन कम हुआ है जिससे मृदा स्वास्थ्य बेहतर हुआ है तथा पर्यावरण-हितैषी लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिली है। इसके अतिरिक्त अनेक अन्य लाभ भी प्राप्त हुए हैं जिनमें विदेशी मुद्रा की बचत, चालू खाते के घाटे में कमी तथा लाजिस्टिक श्रृंखला पर बोझ घटना शामिल है जिसमें खासकर परिवहन व भंडारण ढांचा शामिल है। नैनो-यूरिया नैनोकणों के रूप में होती है जिसमें नाइट्रोजन कण का आकार 20-50 नैनोमीटर-एनएम होता है। इसी प्रकार नैनो-डीएपी में पोलीमर से ढके डीएपी कण 100 एनएम से छोटे होते हैं। नैनो यूरिया पौधों को नाइट्रोजन द्रव रूप में देती है, जबकि परंपरागत यूरिया सफेद ठोस कणों के रूप में होती है। इसी प्रकार नैनो-डीएपी द्रव रूप में नाइट्रोजन व फास्फोरस तत्व देती है।

नैनो-उर्वरकों में कणों के बहुत छोटे होने के कारण इनका सतह क्षेत्र 1एमएम यूरिया कणों से 10,000 गुना अधिक होता है। इससे पौधों की पत्तियां इनका आसानी से शोषण कर लेती हैं। ये कण पौधों के छोटे छिद्रों या स्टोमेटा के माध्यम से प्रवेश कर सीधे कोशिका भित्तियों को पार कर कोशिकाओं में मिल जाते हैं। कोशिका के भीतर पहुंचने पर ये धीरे-धीरे पोषक तत्व छोड़ते हैं और पूर्ण असशोषण सुनिश्चित करते हैं, जबकि परंपरागत विधियों में इनका काफी हिस्सा बेकार चला जाता है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव-इफ्को की खोजी संस्थान नैनो बायोटेक्नोलोजी रिसर्च सेंटर ने दावा किया है कि नैनो यूरिया की प्रभावशीलता परपंरपगत यूरिया के 40 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिशत है। नैनो-यूरिया फसल के उत्पादन में 3-16 प्रतिशत वृद्धि करती है। इसी प्रकार नैनो-डीएपी भी प्रयोग में बचत तथा फसल उत्पादकता बढ़ाने में उपयोगी है। परंपरागत यूरिया के प्रयोग से पर्यावरणीय चिन्तायें पैदा होती हैं जिनमें नाइट्रेट लीचिंग, ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन लेयर क्षरण तथा भूमिगत जल प्रदूषण शामिल हैं। इसकी तुलना में नैनो-यूरिया के प्रयोग से मृदा, जल व वायु प्रदूषण कम होता है। एक अध्ययन के अनुसार नैनो-यूरिया के दो बार छिड़काव से नाइट्रोजन लोड केवल 25 प्रतिशत बढ़ता है जबकि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन भी परंपरागत विधियों की तुलना में कम होता है। इफ्को-एनबीआरसी ने दावा किया है कि नैनो-यूरिया की 500 मिली की बोतल परंपरागत यूरिया के 45 किलो बोरे के बराबर है। इसमें 46 प्रतिशत या 20 किलो नाइट्रोजन होता है जबकि नैनो-यूरिया में यह 20 ग्राम होता है। इसके बावजूद दोनों को समान माना गया है। इसका अर्थ है कि नैनो-रूप में यूरिया परंपराग यूरिया से 1000 गुना अधिक प्रभावी है।

क्षमता में इसी अंतर के कारण इफ्को ने किसानों को बिना किसी सब्सिडी के 500 मिली बोतल 240 रुपये में देने का निर्णय किया है। इसके उलट परंपरागत यूरिया के 45 किलो बोरे की सप्लाई लागत ग्यारह गुना अधिक है। देश में उत्पादित यूरिया की तुलना में आयातित यूरिया के मामले में यह खर्च और बढ़ जाता है। सरकार को 240 रुपये की समान कीमत में उपलब्ध कराने के लिए 2410 रुपये सब्सिडी देनी पड़ती है। डीएपी के मामले में इफ्को-एनबीआरसी का दावा है कि 500 मिली नैनो-डीएपी बोतल परंपरागत डीएपी के 50 किलो बोरे के बराबर है। इसे किसानों को बिना किसी सब्सिडी के 600 रुपये में दिया जा सकता है, जबकि परंपराग डीएपी इससे सात गुना महंगी 4,000 रुपये की है। सरकार द्वारा दी जाने वाली 2,650 रुपये की सब्सिडी के कारण डीएपी किसानों को 1,350 रुपये में मिलती है जो समान क्षमता वाली 500 मिली बोतल की तुलना में दूनी है। मनसुख मंडाविया के अनुसार भारत वितत वर्ष 2023-24 में नैनो-यूरिया की लगभग 55 मिलियन बोतलें तैयार करेगा जो 2.5 मिलियन टन परंपरागत यूरिया का स्थान लेंगी। एक स्तर पर इससे यूरिया के अत्यधिक उपभोग से बचने में सहायता मिलेगी और उर्वरक प्रयोग में असंतुलन में कमी आएगी जिससे मृदा स्वास्थ्य में सुधार होगा। दूसरी ओर इससे सब्सिडी में भारी कमी आएगी। इसके साथ ही परंपरागत यूरिया के आयात पर होने वाला खर्च भी घटेगा। चूंकि नैनो-यूरिया पर किसी सब्सिडी की जरूरत नहीं होगी, इसलिए 13,400 करोड़ रुपये की पूरी धनराशि बच जाएगी।

इसी प्रकार परंपरागत डीएपी के स्थान पर नैनो-डीएपी के प्रयोग से भी सब्सिडी में बचत होगी। सरकार का इरादा 2024-25 तक नैनो-यूरिया का उत्पादन बढ़ा कर 440 मिलियन बोतल करना है। यह बीस मिलियन टन परंपरागत यूरिया या कुल वर्तमान उपभोग का लगभग 60 प्रतिशत है। आश्चर्य है कि क्या इस सीमा तक हस्तांतरण तकनीकी रूप से संभव होगा। सामान्यतः यूरिया का प्रयोग दो बार होता है। बेसल ड्रेसिंग के तौर पर ठोस उर्वरक को बुआई या रोपाई के पहले पूरे खेत में किया जाता है। इसके बाद टाप ड्रेसिंग में उर्वरक को सीधे पत्तियों पर छिड़का जाता है। नैनो-यूरिया केवल टाप ड्रेसिंग में ही परंपरागत यूरिया का स्थान लेगी क्योंकि बेसल प्रयोग केवल ठोस रूप में होता है।

वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया है कि 16.5 मिलियन टन यूरिया प्रयोग का केवल 50 प्रतिशत नैनो-यूरिया के अंतर्गत आता है। इस स्तर पर भी यूरिया आयात की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जो वर्तमान समय में 2023-24 में लगभग 6.4 मिलियन टन है। केवल इतना ही नहीं, बाकी 10 मिलियन टन के लिए नैनो-यूरिया के उपयोग से प्राकृतिक गैस-एनजी के आयात में 'भारी' कमी आएगी जो यूरिया उत्पादन का प्रमुख कच्चा माल है। प्रति टन यूरिया के उत्पादन में 600 क्यूबिक मीटर एनजी का प्रयोग होता है। ऐसे में यदि 10 मिलियन टन परंपरागत सामग्री का उपयोग हो तो एनजी की आवश्यकता 6000 मिलियन क्यूबिक मीटर होगी। यदि इसके बजाय यह क्षमता प्रयोग में 1000 गुना अंतर के कारण नैनो-यूरिया के क्षेत्र में आ जाता है तो केवल 6 मिलियन क्यूबिक मीटर एनजी की जरूरत होगी। इसके कारण गैस आयात पर खर्च घटने से भारी बचत होगी। वर्तमान समय में भारत अपनी कुल एनजी आवश्यकता का पचास प्रतिशत आयात करता है। यूरिया के घरेलू उत्पादन में भी इसका उपयोग होता है, जबकि कुल आवश्यकता के एक तिहाई की पूर्ति आयातित एलएनजी से होती है। परंपरागत उर्वरकों के स्थान पर नैनो-उर्वरकों के प्रयोग से ढांचागत संरचना पर पड़ने वाला बोझ भी घटेगा।

45 किलो के परंपरागत यूरिया की हैंडलिंग, मूविंग, भंडारण और वितरण पर आने वाला खर्च 500 मिली की नैनो-यूरिया बोतल की तुलना में बहुत अधिक है। इसी प्रकार 50 किलो के परंपरागत डीएपी बोरे की तुलना में 500 मिली नैनो-डीएपी के परिवहन व अन्य वितरण खर्च में बहुत अधिक अंतर होगा। हालांकि, स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार नैनो-उर्वरकों का प्रयोग बढ़ाने के पक्ष में बयान दिए हैं, पर इसके बावजूद किसानों में परंपरागत उर्वरकों के स्थान पर नैनो-उर्वरकों का प्रयोग बढ़ाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन प्रयोग में दक्ष बनाने और उनका प्रयोग कृषि संबंधी कार्यों में करने की योजनाओं को देखते हुए नैनो द्रव उर्वरकों के प्रयोग में व्यापक वृद्धि होने की आशा है।

# जनसंघ के प्रारंभिक नेताओं में एक थे डॉ. भानु प्रताप

जयंती विशेष

**बांग्लादेश सत्याग्रह और मीसाबंदी की वजह से तिहाड़ जेल गए थे भानु भैया**


**हेमंत पाणिग्रही**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)



इस माह भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण कर चुकी है भारतीय जनता पार्टी की इस यात्रा में जनसंघ के उन महान हुतात्माओं का अविस्मरणीय योगदान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संगठन को गढ़ने के लिए संघर्ष के हर थपेड़ों को निःस्वार्थ भाव से वरण किया है। हम बात कर रहे हैं, पूर्व मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. भानु प्रताप गुप्ता जी की। एक ऐसे समाजसेवी, संगठनकर्ता और नेता जिन्होंने राष्ट्र के लिए तन-मन-धन समर्पित कर दिया। बांग्लादेश सत्याग्रह और मीसाबंदी के रूप में वह जेल भी गए।

**संघ से मिली समाज सेवा की प्रेरणा**

डॉक्टर भानु प्रताप गुप्ता जी का जन्म 3 अप्रैल 1938 को मुंगेली जिला में पिता आनंद जी गुप्ता, माता उर्मिला देवी गुप्ता के यहां हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में हुई। अभाव में रह कर भी अपने सपनों को पंख देने वह रायपुर आ गए। यहां उन्होंने बीएएमएस की पढ़ाई आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर में की। भानुजी के भीतर राष्ट्र के अपने सामाजिक दायित्व का बोध बाल्यकाल से था। सामाजिक सेवा की प्रेरणा उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मिली। 1947 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। स्कूली शिक्षा के साथ वह संघ कार्य भी करते रहे। मई 1960 में उन्होंने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। 1959 में शासकीय चिकित्सा विभाग में नियुक्त हुए। उनकी पहली पदस्थान तत्कालिन जनपद मुंगेली में हुई। शासकीय सेवा में आने के पश्चात 1960 में चंद्रकांता जी से विवाह हुआ। उन्होंने समाज सेवा और व्यवसाय के बीच संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से 1964 में शासकीय सेवा से त्यागपत्र देकर ग्राम पथरिया में निजी चिकित्सालय का शुभारंभ करना उचित समझा। यह निजी चिकित्सालय भी गरीब और असहाय वर्ग के लिए प्रकल्प की



तरह रहा। उनके परिजन आज भी महामाई वार्ड मुंगेली जिला बिलासपुर वर्तमान जिला मुंगेली में रहते हैं।

**बांग्लादेश सत्याग्रह में पहली बार गए जेल**

डॉ.भानु जी ने जनसंघ के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जनसंघ की विचारधारा से अवगत कराया। 1971 दिल्ली में बांग्लादेश सत्याग्रह में सम्मिलित होने की वजह से जेल की सजा भी काटनी पड़ी। वह तिहाड़ जेल में बंद रहे। 1975 मीसाबंदी में के रूप में जेल गए।

**राज्यमंत्री के रूप में सफल कार्यकाल**

छत्तीसगढ़ में जनसंघ के प्रारंभिक नेताओं में शामिल भानु प्रताप जी 1977 के चुनाव में पथरिया विधानसभा से निर्वाचित हुए। 1980 में मध्य प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री बनाए गए। इस दौरान उन्होंने शासकीय अस्पतालों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना पर विशेष जोर दिया। भानु प्रताप जी एक नेता के साथ सार्वजनिक जीवन में सामाजिक कार्यक्रमों व प्रकल्पों को विकसित करने में हमेशा उत्साहित रहते थे। 1983 में बड़ा बाजार मुंगेली में वासुदेव योग आश्रम के निर्माण तथा 1990 में अपने पूज्य सदगुरुदेव हेतु ध्यान योग्य आश्रम समाधि स्थल निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भानु जी 1977 एवं 1990 में मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम में संचालक मंडल के सदस्य मनोनित हुए। मध्य प्रदेश भूदान भू अर्जन समिति के सदस्य के रूप में उन्होंने हमेशा जनहित को प्रमुखता दी। वह भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों में रहे। जिला बिलासपुर में उपाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व उन्होंने सफलतापूर्वक निभाया।

**सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका**

वह समय-समय पर सार्वजनिक जीवन में अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। इनमें कोर्ट मेंबर रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, डायरेक्टर को-ऑपरेटिव बैंक बिलासपुर, अध्यक्ष लायंस क्लब मुंगेली, मैनेजर भरा साहू धर्मशाला ट्रस्ट मुंगेली, अध्यक्ष महाकौशल शिक्षण समिति बिलासपुर, अध्यक्ष योग साधना केंद्र मुंगेली प्रमुख हैं।

**मेरे लिए पिता तुल्य थे : साव**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उनके साथ बिताए हुए क्षण को याद करते हुए कहा कि मेरे जीवन में भानुप्रताप गुप्ता जी की भूमिका पिता तुल्य जैसा ही थी। मुझे हमेशा पुत्रवत उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन मिलता रहा। वह हमेशा निर्भीकता से निर्णय लेते थे। अविभाजित मध्यप्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अत्यंत सफल रहा। एक स्मरण याद आता है कि एक बार पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जी का फोन आया कि आपको चुनाव लड़ना है, लेकिन वह उस समय चुनाव लड़ने को लेकर मानसिक रूप से तैयार नहीं थे, लेकिन पार्टी का निर्देश था, इसलिए चुनावी समर में उतर गए। संगठन के निर्देश के बाद वह परिणाम की परवाह कभी नहीं करते थे।



**मेरे पहले राजनीतिक गुरू थे : मोहले**

पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक पुन्नुलाल मोहले ने बताया कि उस समय गांव का सरपंच था। उन्होंने मुझे विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। सरपंच होने के साथ ही मेरे लिए विधानसभा चुनाव लड़ना बड़ी बात थी। उनकी प्रेरणा से विभिन्न जाति-वर्गों को भाजपा से जोड़ने के लिए अभियान चलाया। उनके साथ रहकर मुझे सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र के साथ ही संसदीय परंपराओं को सीखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ। वह मेरे पहले राजनीतिक गुरु थे। उनसे ही मैंने राजनीतिक जीवन में सफलता के लिए मूलमंत्रों की दीक्षा ली है। उन्होंने छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में भाजपा के विस्तार और मजबूती के लिए अनुकरणीय कार्य किया है। जो सदैव हम सबके लिए प्रेरणादायी है।



## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### सोशल मीडिया

**सोशल मीडिया** आज लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। यह न केवल मनोरंजन, बल्कि अभिव्यक्ति का अच्छा माध्यम है। दुनिया भर में अनेक सोशल साइटस का व्यापक इस्तेमाल हो रहा है। इनके द्वारा देश-दुनिया की खबरें पलक झपकते ही हमारे मोबाईल स्क्रीन पर होती हैं। यह अपनी आवाज सरकार और अधिकारियों तक पहुंचाने का अचूक हथियार बन गया है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इनका दुरूपयोग भी बढ़ रहा है। इनके माध्यम से बिना रोक टोक अश्लीलता परोसी जा रही है। धीरे-धीरे ये प्लेटफार्म फेक न्यूज का अड्डा बनते जा रहे हैं। जहां से बड़ी संख्या में फर्जी न्यूज प्रसारित कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। धार्मिक एवं जातिगत उन्माद फैलाने वाले पोस्ट शेयर कर हिंसा एवं दंगो को हवा दी जा सकती है। किसी की फोटो के साथ छेड़ छाड़ कर और गलत रूप में पेश कर उसकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा सकता है। प्रख्यात राजनीतिक हस्तियों पर अभद्र टीका टिप्पणी तो आम बात हो गई है। सोशल मीडिया अपनी बात रखने का बेहतरीन मंच है, लेकिन इसका प्रयोग जिम्मेदारी और शालीनता से होना चाहिए। ऐसा न होने पर आम जनता से अभिव्यक्ति का यह साधन छिन भी सकता है।

– **शिवेन्द्र यादव**, कुशीनगर

### डाटा की चोरी

**हमारा निजी डाटा**, कंपनियों एवं सरकारी डाटा बैंक से हैकिंग का जरिए चुरा लिए जाते हैं। एक बार लेने के बाद लाखों की संख्या में डाटा को सुरक्षित रखना लगभग असंभव होता जा रहा है। अमेरिका में वहां की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी एटीएंडटी के लगभग 73 मिलियन लोगों की निजी जानकारी डार्क वेब में लीक हो गई है। एक हैकर ने दावा किया कि उसके पास 73 मिलियन इस कंपनी के ग्राहकों के डेटा तक पहुंच है। इसमें उनके नाम, पते, फोन नंबर, एसएसएन और जन्मतिथि शामिल हैं। पता चला कि हैकर ने चोरी की गई जानकारी को हजारों डॉलर में बेच दिया है। कंपनी ने कहा है कि कम से कम 7.6 मिलियन मौजूदा खाताधारक और 65.4 मिलियन पूर्व उपयोगकर्ता इस डाटा चोरी से प्रभावित हुए हैं। इस प्रकार यह डाटा कुल अमेरिकी आबादी के 20 फीसदी लोगों का है। ऑनलाइन साइबर हैकर्स ने जासूसी का काम को और आसान बना दिया है। आज कोई नहीं कह सकता कि उसका निजी डाटा सुरक्षित हाथों में है। एआई के युग में डाटा चोरी व्यक्तियों, पूरे समाजों व देशों के लिए खतरनाक हो सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### विपक्ष की रैली

**रामलीला मैदान** दिल्ली अपने नाम को सार्थक कर रहा है। यहां साल भर में 10 -15 बार विभिन्न तरह की रेलियां, धरने व आंदोलन होते ही हैं। इस बार विपक्ष ने यहां रैली की। रामलीला मैदान को जैसे यह वरदान प्राप्त है कि यहां जो भी आंदोलन, आयोजन होंगे उनका राष्ट्रीय स्तर के सभी चैनल ब्रॉडकास्ट करेंगे। कैमरे की फ्लैश लाइट अपनी और आते ही लोग तरह-तरह की हरकतें करने लगते हैं ताकि देश-दुनिया में वे अपना चेहरा दिखा सके। इस रैली में भी भरपूर भीड़ इकट्ठी हुई और विपक्षियों को लगने लगा कि अभी भी लोगों के मन में उनके लिए कुछ सहानुभूति है। इस रैली ने विपक्ष में जोश भर दिया है। लेकिन अभी तक पता नहीं चला कि इसका नेतृत्व कौन महान नेता कर रहा है। आप वालों ने इसे केजरीवालकी गिरफ्तारी से जोड़ा तो कांग्रेस ने इसे केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफआंदोलन बताया। विपक्ष की यह रैली नेताओं के एकसाथ फोटो खिंचवाने का मौका जरूर बना, पर अनेक राज्यों में उनकी आपस में लड़ाई जारी है। इस रैली में जेल में बंद अनेक नेताओं की पत्नियां एकत्र हुईं और उन्होंने अपनी पीड़ा साझा की। लेकिन देखना होगा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में बंद नेताओं के प्रति हमदर्दी पैदा होगी या नहीं।

– **सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

# निर्धारित से लर्निंग का 400 और परमानेंट लाइसेंस का 1800 से अधिक की वसूली, परिवहन सुविधा केंद्रों ने खोली दुकानदारी

## यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान शिविरों में लर्निंग लाइसेंस बनाने आये आवेदनकर्ताओं से परिवहन सुविधा केंद्र में की जा रही अवैध वसूली





पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में लाइसेंस बनाने के नाम पर परिवहन सुविधा केंद्रों ने दुकानदारी खोल ली है। तय निर्धारित शुल्क से कई गुना पैसे अधिक लिए जा रहे है। परिवहन सुविधा केंद्र अवैध वसूली का अड्डा बन चुका हैं। लर्निंग लाइसेंस के नाम पर 400 रुपये और परमानेंट लाइसेंस के नाम पर 2500 रुपये शुल्क के नाम पर अधिक लिए जा रहे है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी अनुसार लर्निंग लाइसेंस के लिए 355 रुपये और परमानेंट लाइसेंस के लिए 1050 रुपये का शुल्क हैं। जो ऑनलाइन कटता है। अगर परिवहन सुविधा केंद्र से करवाते है तो 50 रुपये अधिक देने होंगे, जो दस्तावेज और प्रिंट के नाम से लिया जाता हैं। यानी कि लर्निंग लाइसेंस का कुल 405 और परमानेंट लाइसेंस का कुल 1100 रुपये लिया जाना होता हैं। लेकिन परिवहन सुविधा केंद्रों में मनमानी की जा रही है।लर्निंग लाइसेंस के नाम पर 600 से 1400 रुपये और परमानेंट लाइसेंस के लिए 3000 से 4000 रुपये तक बतौर शुल्क के नाम पर डिमांड की जा रही है। इतना ही नही अगर कोई 40 उम्र के ऊपर है, तो उनसे मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर 250 रुपये और लिए जा रहे है। सीधे सीधे लोगों के जेब मे डाका डाला जा रहा है। लर्निंग लाइसेंस के लिए निर्धारित फीस से 250 से 500 रुपये तक और परमानेंट लाइसेंस के लिए निर्धारित फीस से 1800 से 2500 रुपये अधिक की मांग की जा रही है। उल्लेखनीय हो कि जिले में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह बड़े ही जोरो से शोरो से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न तरह के अभियान चलाकर यातायात जागरूकता लाने की कोशिश की गई। यातायात नियमों का पालन करने लोगों को समझाइश भी दी गई। इस दौरान लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर का भी आयोजन किया गया। 6 फरवरी को जिला मुख्यालय बालोद के जय स्तंभ चौक पर स्तिथ यातायात कार्यालय के पास परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा सयुंक्त रुप से लर्निंग लाइसेंस बनाने शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें करीबन 700 वाहन चालकों के लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु आवेंदन प्राप्त हुए थे। जिसके पश्चात आवेंदन जिला मुख्यालय के परिवहन सुविधा केंद्रों में लाइसेंस बनाने हेतु जमा हुए। जहां कुछ दिनों बाद आवेदनकर्ताओं को केंद्रों से लाईसेंस के नाम पर फोन आने शुरू हो गए। और सम्बन्धित केंद्रों से निर्धारित तय शुल्क से 200 से 300 रुपये अधिक की वसूली वाहन चालकों से की गई। इतना ही नही मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर 250 रुपये और लिए गए।

### मनमाने ढंग से वसूलते है पैसे

ग्राम कलकसा निवासी तुलाराम यादव ने बताया कि उन्होंने पिछले माह यातायात विभाग के सामने लगे शिविर में लाइसेंस बनाने आवेंदन दिया था। जिसके बाद उनके पास नए बस स्टैंड बालोद के सामने स्तिथ परिवहन सुविधा केंद्र से फोन आया कि लाइसेंस बन गया है, शुल्क जमाकर ले जावे। शुल्क के नाम पर केंद्र में बैठे व्यक्ति द्वारा उनसे 600 रुपये लिए गए। और किसी भी प्रकार की रशीद नही दी गई। इसी तरह कलकसा निवासी प्रीतम सोरी से लाइसेंस के 600 और 250 रुपये मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर लिए गए। केंद्र में बैठे व्यक्ति द्वारा मेडिकल सर्टिफिकेट को ऑनलाइन खुद लोडिंग करने की बात कही गई। इसी तरह धामन यादव से 650 रुपये लिए गए। प्रीतम सोरी ने बताया कि पहले सुविधा केंद्र में बैठे व्यक्ति द्वारा शुल्क का 1400 रुपये मांगा गया, जब ये बात उन्होंने अपने परिचित को बताई, फिर परिचित ने केंद्र में बैठे व्यक्ति से फोन पर बात की जिसके बाद उनके द्वारा 550 रुपये कम लिए गए। बता दे कि परिवहन सुविधा केंद्रों में मनमाने तरीके से पैसों की डिमांड और वसूली की जा रही हैं। अगर कोई बिना जानकार कोई व्यक्ति इनके पास आ जाये, तो केंद्र में बैठे लोगों के द्वारा उनकी पूरी जेब ही काट ली जाती हैं।

परिवहन सुविधा केंद्रों में निर्धारित फीस लेने का है, ज्यादा अधिक फीस नही ले सकते। 6 फरवरी को शिविर में ही लाइसेंस बनाना था, लेकिन सर्वर बंद था, इसीलिए नही बन सका। तो हम लोग सभी आवेदनों को लेकर नजदीकी परिवहन सुविधा केंद्रों में दे दिए। और इसकी जानकारी आवेंदनकर्ताओ को दे दी गई थी। लर्निंग लाइसेंस का ऑनलाइन 355 कटता है, और परमानेंट लाइसेंस का 1050 कटता है। परिवहन सुविधा केंद्रों में 50 से 60 रुपये दस्तावेज और प्रिंट का अतिरिक्त लेते हैं। इससे ज्यादा नही ले सकते, अगर ज्यादा लिया जा रहा है, तो कार्यवाही की जाएगी। मेडीकल सर्टिफिकेट भी लिया जाता है, जिसे आवेदनकर्ता द्वारा दिया जाता है, सुविधा केंद्र द्वारा अगर सर्टिफिकेट के नाम पर पैसे लिए जा रहे है, तो गलत है, कार्यवाही की जाएगी।

**प्रकाश रावटे, जिला परिवहन अधिकारी**

# 20 दिन से बंद पड़े बोर पंप को ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम कठिया के ग्रामीण लोग ने श्रमदान देकर बीस दिन से बंद पड़े बोर पंप को रिपेयरिंग कर बनाया गया जिससे फिर से गांव वासीयो को पानी की किल्लत से छुटकारा मिल गया बताया जाता है कि ग्राम मटका के लगभग 20 दिनों से मोटर पंप बंद पड़ा था पानी की कमी से जूझ ना पड़ रहा था जिससे परेशान होकर लोग को पानी के लिए एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले पानी के लिए जाना पड़ा था मोटर पंप में नये 2 पाइप और 20 फीट केबल डालें हैं, करीब साढ़े तीन घंटे के मशक्कत के बाद सफलता प्राप्त मिली जिसमें सहयोग करने वाले नरेन्द्र साहू, निकेश साहू, गणेश कुमार साहू, कृष्ण साहू, कार्तिक, मोहन, जीवन, अशोक, पीलाराम, तेजराम साहू, भोला, लक्की साहू, भानु साहू बच्चों का विशेष योगदान रहा है।

# मार्कशीट रखे थैला को अज्ञात व्यक्ति ने बस से किया गायब

## मार्कशीट वापिस करने वाले व्यक्ति को मिलेगा उचित इनाम

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दुर्ग से बेमेतरा पहुंचने वाले बस में रविवार को दोपहर लगभग 3 बजे के आसपास मार्कशीट व कुछ घरेलू सामान से भरे थैले को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उठा लिया गया है। वही सिटी कोतवाली थाना में आवेदन सौपने गई महिला इंद्राणी साहू ने बताई कि बस में वह अपने मायका देवरबीजा से बेमेतरा जा रही थी। बस में बहुत भीड़ था। उसी दरमियान मार्कशीट से भरे थैले को कोई अज्ञात व्यक्ति बेमेतरा बस स्टैड पहुंचने से पहले निकाल लिया था। जब बस स्टैंड में बस से नीचे उतरने के लिए उठी तो देखा कि मार्कशीट वाला थैला बस में नहीं था। उस थैले में मेरा पहली क्लास से लेकर डीएड बीएड, अनुभव प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज रखे हुए है। परेशान महिला ने लोगो से निवेदन करते कहा है कि जिस किसी व्यक्ति के पास मेरा मार्कशीट से भरा थैला हो, उसको सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा में या सीधे मोबाइल नम्बर 6265735078, 7771919196 में काल करके छोड़ सकते है। मार्कशीट को देने वाले या जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित इनाम भी प्रदान किया जाएगा। फोटो में दिख रहे थैले जैसे हुबहू थैले में सभी मार्कशीट एक फाइल में रखा हुआ है।

# मिडिल स्कूल साजन के अंशु धुर्वे का हुआ राष्ट्रीय स्कॉलरशिप में चयन



पायनियर संवाददाता ‹ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

थान खमरिया। थान खमरिया संकुल अंतर्गत समीपस्थ ग्राम साजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साजन के प्रतिभाशाली छात्र का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में साजन के छात्र का चयन-समीपस्थ ग्राम साजन के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के कक्षा आठवी के छात्र अंशु ध्रुवे का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में हुआ है। विदित हो कि यह परीक्षा बहुत ही प्रतिस्पर्धा कंपटीशन युक्त होती है जिसमें पूरे के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग लिया जाता है। यह परीक्षा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कक्षा आठवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में चयनित बच्चों को कक्षा नवमीं से बारहवीं तक प्रतिमाह 1000 रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय के छात्र का चयन होने पर संस्था प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा संकुल समन्वयक बलवंत कचलामें शिक्षक मुकेश राजपूत, हरप्रसाद तिवारी, मोमिता विश्वास ने हर्ष व्यक्त किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी के कक्षा आठवीं से राष्ट्रीय संसाधन सह-प्रवीण छात्रवृत्ति चयन परीक्षा 2023-24 हेतु 21 बच्चों का हुआ चयन

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में शुक्रवार को राष्ट्रीय संसाधन सह-प्रवीण छात्रवृत्ति चयन परीक्षा 2023-24 (एनएमएमएससी) के नतीजे घोषित किये जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी के कक्षा आठवीं से 21 बच्चों का चयन हुआ है, पिछले साल इसी स्कूल से 7 बच्चों का चयन हुआ था। जिसमें साक्षी देवांगन 123 अंक (मेरिट लिस्ट में स्थान) प्राची गुप्ता 122 अंक (प्रावीण्य सूची में स्थान) मोंटी सिंह 102, अंशुमन साहू, कीमी यादव, लक्की पांडे, भाविका राजपूत, आसिफ रज़ा, सत्यम सिंह, शिवम सिंह, तन्मय चंद्र गुप्ता, मानसी पटेल, के.सीरीशा, संध्या वैष्णव, पलक पटेल, संस्कृति सोलंकी, हिमांशी यादव, लक्ष्मी सिंह, दिनेश साहू, पूर्वा सिंह और कौशल सोनकर का चयन हुआ। विद्यालय में प्रथम स्थान पर साक्षी देवांगन ने 123 अंक और द्वितीय स्थान पर प्राची गुप्ता ने 122 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के पालकों, अभिभावकों का कुम्हारी के बच्चों और शासकीय विद्यालय के प्रति विश्वास बढ़ा है। विद्यालय की प्राचार्या लता रघु कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रधानाध्यापिका शीतल नय्यर गणित विषय, प्रभारी शिक्षिका सुजीत सी. आर. सामाजिक विज्ञान, समीरा पांडे विज्ञान, मनीष कांत मेश्राम, रीजनिंग डुप्ले सिन्हा, संतोष प्रिया गणित के नियमित कोचिंग एवं मार्गदर्शन पर बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, शिक्षिका रितु राव एवं लीना सिंह ने भी सराहनीय सहयोग प्रदान किया है। इस परीक्षा में 90-90 अंक के दो प्रश्न पत्र, पहला प्रश्न पत्र मानसिक योग्यता पर आधारित दूसरा गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान पर आधारित होते हैं। परीक्षा की तैयारी के लिए कार्यशाला का आयोजन भी किया गया था, जिनके मार्गदर्शक पवन सिंह थे। एनएमएमएससी के उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय के समस्त व्याख्याता, शिक्षकगण, पालक एवं अभिभावक अत्यंत गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। प्राचार्या लता रघु कुमार ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन विद्यार्थियों को भी जीवन में हार न मानने तथा सुनियोजित ढंग से सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जो प्रावीण्यता सूची में स्थान प्राप्त करने में असफल रहे।

# कांग्रेस से निष्कासित जिला पंचायत सभापति मीना सत्येंद्र साहू सहित 20 से अधिक लोगों ने किया भाजपा प्रवेश





पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस से भाजपा प्रवेश करने वाले नेताओं के आने का सिलसिला जारी हैं। कांग्रेस से निष्कासित एवं जिला पंचायत सभापति मीना साहू सहित 20 से अधिक कांग्रेसियों ने बीजेपी का दामन थाम लिया हैं। कांकेर लोस प्रत्याशी भोजराज नाग के नामांकन रैली के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने सभी कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। मीना सत्येंद्र साहू सहित कांग्रेस पार्टी से निष्कासित दर्जनों लोगों सहित कुल 20 से अधिक लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। बता दे की बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट ने मिलने की नाराजगी से मीना साहू ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद मीना साहू को पार्टी ने निष्कासित कर दिया था। साथ ही कांग्रेस से बगावती तेवर दिखाने वाले दर्जनों लोगों को भी निष्कासित किया गया था।

### सीएम व प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में लिया भाजपा प्रवेश

दरअसल कांकेर लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भोजराज नाग के नामांकन रैली में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित कैबिनेट मंत्री एवं दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू के अगवाई में जिला पंचायत सभापति एवं संजारी बालोद विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से बागी होकर विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रही मीना सत्येंद्र साहू ने भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर राष्ट्र नव निर्माण एवं राष्ट्र के विकास के लिए संकल्पित होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। उनके अलावा उत्तरा मरकाम अध्यक्ष ब्लॉक महिला कांग्रेस गुरुर तहसील आदिवासी गोंडवाना समाज गुरुर, सत्येंद्र साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद, नौशाद कुरेशी पूर्व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद, ताम्रध्वज यादव पूर्व अध्यक्ष किसान कांग्रेस जिला बालोद, प्रकाश मरकाम पूर्व परीक्षेत्रीय अध्यक्ष पेरपार, आदिवासी ध्रुव समाज, राजकुमार साहू सभापति जनपद पंचायत गुरुर, रेणुका गजेंद्र सरपंच ग्राम पंचायत भेजा मैदानी, निवेश चतुर्वेदी पूर्व सचिव जिला कांग्रेस कमेटी बालोद, पुरंजन यादव सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन, केकती सिंन्हा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कोचवाही, श्रवण नेताम कांग्रेस बूथ अध्यक्ष ग्राम जगतरा, मिथिलेश ग्वालेन्द्र अध्यक्ष पूर्व परिक्षेत्र साहू समाज, सुरेंद्र धिकौडे पंच ग्राम पंचायत मिर्रिटोला, तेजराम साहू ग्राम पटेल ग्राम आनंदपुर, योगेंद्र साहू युवा कांग्रेस नेता, कौशल गजेन्द्र पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मिर्रिटोला, कौशल नेताम, पूर्व जनपद सदस्य धानापुरी, बलराम साहू पूर्व सरपंच बालोद गहन, छबिलाल साहू बालोद गहन, राजकुमार साहू बालोदगहन, सुखचंद ध्रुव बलोदगहन, कार्तिक कोर्राम बालोदगहन, शिव नेताम, बालोद गहन, दीपेश साहू बालोदगहन, जनक राम साहू सरपंच ग्राम पंचायत उसरवारा, योगेंद्र साहू पंच ग्राम पंचायत मिर्रिटोला, लीलिर नागवंशी परीक्षेत्रीय अध्यक्ष गोंडवाना समाज अरमरीकला एवं इकबाल खान आनंदपुर ने भाजपा प्रवेश किया। कांकेर नामांकन सभा में मुख्यमंत्री, व प्रदेश अध्यक्ष कि उपस्थिति मे भाजपा प्रवेश से पहले जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटु यादव के साथ क्षेत्रिय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल एवं प्रदेश महामंत्री संगठन से प्रदेश कार्यालय रायपुर मे मिलकर संगठन महामंत्री से मार्गदर्शन एवं आशिर्वाद लिया हैं।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में धूमधाम से मनाया प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सी बी एस ई व डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता में शिक्षा सत्र 2024-25 नए सत्र के शुभारंभ के साथ शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जिसमें अभिभावकों ने बड़ी संख्या में विद्यालय में उपस्थित होकर शाला प्रवेशोत्सव भाग लिए। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी नगर पंचायत दाढ़ी एवं (टीआई) दुलेश्वर सिंह चन्द्रवंशी थाना प्रभारी दाढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। दोनो अतिथियों के द्वारा नए प्रवेशित व पूर्व से अध्ययनरत सभी लगभग 700 विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मुह मीठा कर व पुष्पवर्षा करते हुए शाला में प्रवेश दिलाया गया। साथ ही सभी अभिभावकों, माता पिता व अथितियों का भी तिलक व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। स्वागत के बाद अतिथियों व स्कूल प्रचार्य ने सर्वप्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती जी, महात्मा हंसराज व सरस्वती माता को श्रद्धा सुमन, पुष्पगुच्छ व माला पहनाते हुए दिप प्रज्वलित करते हुए, सरस्वती वन्दना गीत व राजकीय गीत अरपा पैरी के धार एवं डीएवी गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ द्विवेदी व थाना प्रभारी चंद्रवंशी दोनों अतिथियों के द्वारा बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव की शुभकामनाएं दी गई और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नासो ओलम्पियाड में गोल्ड मैड़ल व सर्टिफिकेट प्राप्त सभी 102 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि द्विवेदी ने डीएवी जांता के बच्चों ने वास्तव में क्षेत्र का मान बढ़ाया हैं। यह गर्व का विषय बताया हैं, वही दूसरे मुख्य अतिथि थाना प्रभारी चन्द्रवंशी ने अपने उदबोधन में बताया की छात्र जीवन में इंटननेशनल व नेशनल लेवल खेल में तीन बार के आल इंडिया नेशलन चैंपियनशिप के विजेता रहे है, 100 मीटर रेस को 11 सेकण्ड में पूरे करते हैं। पाँच वर्ष तक शिक्षा कर्मी के रूप शिक्षक रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग में भी 3 साल तक पदस्थ रहे हैं उसके बाद अभी दाढ़ी थाना प्रभारी के रूप में अभी पदस्थ है उन्होंने बताया की जो छात्र जितना शेरनी के दूध समझ के शिक्षा ग्रहण करेगा, वे छात्र उतना ही दहाड़ेगा। लोग मेरे बारे में क्या कहेंगे क्या सोचेंगे ये नही सोचना हैं लक्ष्य साध कर उसे पूरा करने के लिए मेहनत करेंगे तो सफलता आपकी कदम चूमेगी। प्रचार्य पीएल जायसवाल ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे सभी अभिभावकों व माता-पिता को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने सी बी एस ई शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा व अग्रेजी माध्यम शिक्षा हेतु डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता को चयननित किए है। हम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व

# जलेश्वर राजपूत बनें, राजपूत क्षत्रिय समाज के केंद्रीय प्रवक्ता

पायनियर संवाददाता ‹ थान खमरिया
www.dailypioneer.com



विगत दिनों मुंगेली बिलासपुर में राजपूत क्षत्रिय समाज का केंद्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसका शासकीय पंजीयक कार्यालय में पंजीयन करवा गया एवं पंजीयन क्रमांक 3738 छत्तीसगढ़ प्रांत केन्द्रीय अध्यक्ष ठाकुर दारा सिंह राजपूत जी की टीम में, केन्द्रीय प्रवक्ता जलेश्वर राजपूत को प्रवक्ता बनने से युवा, वरिष्ठ, प्रबुद्धजन,नारी शक्ति में सभी में खुशी की लहर देखने को मिला रहा है, जलेश्वर राजपूत विगत 23 सालों से समाज में निरंतर सेवा दे रहे हैं, राजपूत क्षत्रिय समाज में नई उर्जा के साथ जलेश्वर राजपूत जी को प्रवक्ता की बाग डोर की मौका मिला,समाज में उर्जा के साथ साथ निखार भी आने वाला है, आने वाले समय में समाज को एक नई उचाई के साथ साथ ,सभी व्यक्तियों को आगे बढ़ने की मौका मिलेगा,जलेश्वर राजपूत जी सभी व्यक्तियों को लेकर चलने वाले एवं सभी क्षत्रिय समाज के व्यक्तियों से निरंतर जूड़े रहते हैं, खुशी जाहिर करने वाले मेसे प्रमुख रूप ठा.मनोज सिंह राजपूत, ठा.दिलीप सिह राजपूत, ठा.नर्मदा सिंह राजपूत, ठा.बिहारी प्रताप सिंह, रामशरण सिंह राजपूत, ठा.शिवकुमार सिंह राजपूत, ठा.रामनाथ सिंह राजपूत,ठा.हरिशरण सिह क्षत्रिय, ठा.केदार सिंह राजपूत, ठा.अशोक सिंह राजपूत पूर्व सरपंच ,ठा. लखन सिह राजपूत,ठा.अशोक सिह राजपूत पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष, ठा.रवि सिंह राजपूत(गीता पैलेस), ठा.चुन्नु सिंह राजपूत शिक्षक , ठा.रामजी राजपूत शिक्षक , अजय सिंह राजपूत, रमेश सिंह राजपूत झेलियापुर , हरेन्द्र सिंह राजपूत पवरजली , नरेन्द्र सिंह राजपूत, कैलाश सिंह राजपूत धरपुरा , नरेश सिह राजपूत झेलियापुर , युवराज सिंह राजपूत आमरौड़ी , मुकेश सिंह राजपूत, तुषार सिंह राजपूत, गुनीराम राजपूत, संतोष सिह राजपूत, मनोज सिंह राजपूत, लाला सिंह राजपूत, गौकरण सिंह राजपूत, रूप सिंह राजपूत, जलेश्वर सिंह राजपूत, राजेश सिंह राजपूत, विक्रम सिंह राजपूत, चतुर सिंह राजपूत, चिम्मन सिंह राजपूत, बालाजी राजपूत, केदार सिंह राजपूत, कोमल सिंह राजपूत, महेन्द्र सिंह राजपूत, पारस राजपूत, अजय सिंह राजपूत, चंद्रभूषण सिंह राजपूत, किसोर सिंह राजपूत, पेखन सिह राजपूत, प्रकाश सिंह राजपूत,संतु सिंह राजपूत,हुकुम सिंह राजपूत,मूलचंद राजपूत,उग्रेन सिंह राजपूत, कल्याण सिंह राजपूत,राम सिंह राजपूत,बलराम सिंह राजपूत,विजय सिंह राजपूत,विष्णु सिंह राजपूत, शैलेन्द्र सिंह राजपूत,जितेन्द्र (जित्तु) सिंह राजपूत,भरत सिंह राजपूत,चंदू सिंह राजपूत,लतेल सिंह राजपूत,दिनेश सिंह राजपूत, प्रताप सिंह राजपूत, मदन सिंह राजपूत,डाक्टर नरेश सिह राजपूत, मती राजदेवी राजपूत, मती शकुन्तला देवी राजपूत, मती गीता देवी राजपूत, मती पुष्पा देवी राजपूत, मती रामेश्वरी निति देवी राजपूत, मती शुमन देवी राजपूत, मती छन्नी देवी राजपूत, मती लक्ष्मीन देवी राजपूत,सुनिता देवी राजपूत, समाज सेवीक, समाज प्रमुख पदाधिकारियों ने जलेश्वर राजपूत को बधाई देकर शुभकामनाएं व्यक्त किया।

# राज्यस्तरीय आर्म रेसलिंग ने सुमीत ने हासिल किया गोल्डमेडल सीओसी

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भिलाई के पावर जिम में रविवार को आयोजित राज्यस्तरीय आर्म रेसलिंग में बेमेतरा शहर के रहने वाले संदीप तिवारी के पुत्र सुमित तिवारी ने सीओसी जूनियर कैटिगिरी में गोल्ड मैडल और सीओसी प्राप्त किया है। गौरतलब है गोल्ड मेडलिस्टो की आर्म रेसलिंग में विजेताओ को सीओसी प्राप्त होती है। वही बेमेतरा शहर के ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान छात्र सुमीत तिवारी ने सीओसी हासिल के जिले का नाम रोशन किया है। इस पर नगर के भाजपा नेता व जनसेवक शिवम तिवारी ने खुशी जाहिर किया है।

# पुलिस ने गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे दो आरोपियों को पकड़ा

## आरोपियों से 11 किलो गांजा जप्त, थाना कोतवाली और कोतरारोड़ में आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा, मादक पदार्थ - अवैध शराब, गांजा पर कार्यवाही निरंतर जारी है। पुलिस की सक्रियता से गस्त दौरान मुखबीर सूचना पर कल कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे स्टेशन के पास तथा कोतरारोड़ थानाक्षेत्र अंतर्गत नंदेली तिराहा कोसमनारा के पास पुलिस टीम द्वारा गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहे आरोपियों को पकड़ा गया है । दोंनो कार्रवाई में दो आरोपियों से करीब 11 किलो गांजा कीमत 1 लाख 29 हजार रूपये का जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है ।

**कोतवाली पुलिस की कार्रवाई**-थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा अवैध मादक पदार्थ बिक्री करने वालों पर मुखबिर सक्रिय कर रखा गया है जिन्हें कल रात्रि मुखबीर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के बाहर शिव मंदिर के चबूतरे के पास एक व्यक्ति पिट्ठू बैग में मादक पदार्थ गांजा रख कर ग्राहक तलाश कर रहा है। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर आरपीएफके साथ मौके पर संदेही निगम कुमार जायसवाल को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया जिसके पास से कुल 8 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 8 किलो 308 किलोग्राम कीमती 99 हजार रुपए का बरामद हुआ जिसकी विधिवत जप्ती की गई है। आरोपित निगम कुमार जायसवाल पिता रामलाल जायसवाल उम्र 22 साल निवासी नवाटोला पोस्ट व थाना बिहारपुर, जिला सुरजपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा उड़ीसा से गांजा बिक्री करने लाना बताया है। आरोपी पर थाना कोतवाली में धारा 20(B) NDPS Act के तहत कार्यवाही किया गया है । रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू आरक्षक अजय साय, जगन्नाथ साहू, धनीराम सिदार आरपीएफ के एएसआई अरमेंद्र सिंह और प्रधान आरक्षक समलेश यादव शामिल थे।

**कोतरारोड़ पुलिस की कार्रवाई**-थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति नंदिनी तिराहा कोसमनारा के पास थैली में मादक पदार्थ गंज रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश के इंतजार में खड़ा है। सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस टीम संदेही की घेराबंटी का रेड किया गया जो संदेही पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया। आरोपित राहुल पटेल पिता रामनिवास पटेल उम्र 27 साल निवासी कुशमहट थाना ताला जिला मैहर (M.P.) के कब्जे से 3 अलग-अलग पैकेट में करीब 3 किलो गांजा कीमत 30,000 का बरामद किया गया है। गांजा रेड कार्वाई में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा, उप निरीक्षक जे एक्का, आरक्षक टिकेश्वर यादव, संजीव पटेल, संजय एक्का शामिल थे।

# श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट की स्वर्ग रथ वाहन सेवा का लोकार्पण 9 अप्रैल को

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा गठित जन स्वार्थ ट्रस्ट श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट रायपुर एवं श्री बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डाँगरगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से नवनिर्मित स्वर्ग रथ वाहन सेवा का लोकार्पण एवं पूजन समारोह आगामी-9 अप्रैल 2024 हिंदू नव वर्ष के पावन दिवस पर दोपहर 3:00 बजे मां बमलेश्वरी देवी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री बमलेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट डोंगरगढ़ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं एंबुलेंस एवं स्वर्ग रथ संयोजक छत्तीसगढ़ राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि 9 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल भिलाई, प्रांतीय चैयरमेन व डॉक्टर अशोक अग्रवाल रायपुर,प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, अशोक मोदी कोरबा, श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन सुनील रामदास अग्रवाल रायपुर, कोषाध्यक्ष सुनील राम अवतार अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे, तथा उपरोक्त कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के स्थानीय पदाधिकारी वीरेंद्र अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल एवं गणेश नरेड़ी से जानकारी प्राप्त की जा सकती है, राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्वर्गरथ वाहन एवं एंबुलेंस वाहन सेवा का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, तथा यह सेवा छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रवाल संगठन की एक अनुकरणीय पहल है, एवं डाँगरगढ़ में 9 अप्रैल को आयोजित यह लोकार्पण समारोह मां दुर्गा भवानी की आस्था के पावन पर्व नवरात्रि के प्रथम दिवस आयोजित किया जा रहा है, श्री बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डाँगरगढ़ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं एंबुलेंस एवं स्वर्गारथ संयोजक राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने समस्त समाज बंधुओ, नागरिक बंधुओ को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है,ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रवाल संगठन द्वारा श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से यह व्यवस्था प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत प्रदेश की कोई भी अग्रवाल सभा यदि ऐसी एंबुलेंस वाहन सेवा, स्वर्ग रथ वाहन सेवा का संचालन करना चाहती है,तो वह स्थानीय स्तर पर 50% स्वयं अंशदान देंगी तथा 50त्न अनुदान श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिया जाएगा तथा इस योजना से छत्तीसगढ़ प्रदेश की विभिन्न अग्रवाल सभाओ में इसका बेहतर ढंग से संचालन हो रहा है।

# भूमिका साहू ने वैल्यू एजुकेशन कांटेस्ट में हासिल किया पहला पुरस्कार



पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के कंचनपुर स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल की कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली छात्रा भूमिका साहू ने 31 मार्च को जांजगीर- चांपा जिला मुख्यालय के जांजगीर में आयोजित वैल्यू एजुकेशन कांटेस्ट में शक्ति जिले से टॉपर रहते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया है, तथा भूमिका साहू शक्ति पुलिस में पदस्थ सेवक साहू की मेधावी बिटिया है,तथा भूमिका स्कूल में भी पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में सदैव सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहती है, एवं जांजगीर के वैल्यू एजुकेशन कांटेस्ट में भूमिका के चयन पर जहां विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें बधाई दी है,तो वहीं उनके पिता सेवक साहू ने भी कहा है कि उनकी बिटिया शुरू से ही सदैव अग्रणी होकर शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं विभिन्न कार्यक्रमों में हमेशा अव्वल स्थान पर रही है तथा वे उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामना करते हैं।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न ग्रामों में लोगों को किया गया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com




स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम खेढ़ा, चिरौंटी, बोधापारा, झाफल सहित विभिन्न ग्रामों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। ग्राम खेढ़ा में स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जनजागरण रैली निकाली गई। ग्राम चिरौंटी एवं पण्डरभट्ठा में पंचायत स्तरीय स्वीप समिति एवं महिला समूह के सदस्यों द्वारा रैली तथा गृहभेंट कर मतदान के लिए जागरूक किया गया। ग्राम झाफल में समूह की महिलाओं द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी तरह ग्राम बोधापारा में कृषि विभाग एवं बिहान की महिला समूह द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत ''शत-प्रतिशत मतदान, जिले का अभिमान'' संदेश के साथ रंगोली, निबंध, चित्रकला, मेंहदी प्रतियोगिता, नुक्कड़-नाटक, बैनर-पोस्टर, दीवार लेखन, सेल्फी प्वाइंट आदि गतिविधियों के माध्यम से मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 05 को

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिए अधिकारियों की माईक्रो आब्जर्वर के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। इन माईक्रो आब्जर्वर को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में 05 अप्रैल को प्रातः 11 बजे प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने सभी माईक्रो आब्जर्वर को निर्धारित समय एवं स्थान में उपस्थित होने के लिए कहा है।

**इन अधिकारियों की लगी माईक्रो आब्जर्वर के रूप में ड्यूटी**-विभिन्न बैंकों तथा एलआईसी के अधिकारियों की माईक्रो आब्जर्वर के रूप में ड्यूटी लगाई गई है, इनमें सत्येन्द्र कुमार सन्त, गोविंद प्रसाद तांती, बसंत पवन एक्का, रूपधर मिंज, राजन ताम्वे, सुनील कुमार चैबे, अंसार अहमद कुरैशी, दिलीप कुमार एक्का, राजेन्द्र कुमार देवार, राजकुमार यादव, अंकित कुमार अग्रवाल, नवीन कीर्ति बौद्ध, सोहेल देवांगन, बिभव सिन्हा, पंकज चैरसिया, हिरेन्द्र सिंह मार्को, उमाकांत मेहर, सौरभ कुमार, अभिजीत पालित, सुशील कुमार शर्मा, दुर्गेश कुमार लहरे, गौरव लागुरी, रिषी कुमार कमल, धीरपाल सिंह मरकाम, सुशील कुमार महंती, सुभ्रत कुमार नंदी, गिरीश कुमार तिवारी, हर्ष खरे और रामनारायण साहू शामिल हैं।

## मालखरौदा की छात्राओं का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**सक्ती।** जिला के विकास खण्ड मालखरौदा स्थित वंदे मातरम आदर्श विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा कु. साक्षी गबेल और कु. मुस्कान सोनवानी का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए चयन हुआ है,जिससे विद्यालय परिवार और परिवारजनों में काफी हर्ष व्याप्त है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन पर निशुल्क बैटरी कार की सेवाओं के लिए रेल यात्री यात्रा दिवस भरे फॉर्म

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रायपुर के रेलवे स्टेशन पर संचालित निशुल्क बैटरी इलेक्ट्रिक कार की सेवाएं, प्राप्त करने के लिए यह फॉर्म भरना सरल और आवश्यक है,ध्यान रहे- यह फॉर्म यात्रा की तिथि के दिन ही यात्रा के समय के लगभग दो-तीन घंटे पूर्व भरा जाए, यात्रा का समय प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे के मध्य तक का ही होना चाहिए, विदित हो कि, वृद्ध जनों, विकलांग या बीमार (चलने फिरने में असमर्थ) यात्री को कोच से मेंन गेट और मेंन गेट से उनके कोच तक आने जाने के लिए, निः शुल्क बैटरी इलेक्ट्रिक कार की सेवाएं सन 2013 से लगातार प्रदान की जा रही हैं, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारीयो ने कहा है कि निशुल्क बैटरी कार सेवा संचालन हेतु हमारा उद्देश्यः पीड़ित मानवता की सेवा और अधिक से अधिक लोगों को सेवाएं उपलब्ध कराना है, इन सेवाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क ईमेल- rcmymv@gmail.com पर जानकारी भेज कर संपर्क किया जा सकता है एवं इस सेवा के संचालन में प्रमुख रूप से डॉ अशोक अग्रवाल (प्रेरणा स्त्रोत), गोपाल अग्रवाल (संयोजक), नारायण अग्रवाल (अध्यक्ष), योगेश शर्मा (सचिव) रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच शामिल है।

# आचार सहिता के मद्देनजर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाहियों का दौर जारी






पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जारी आचार सहिता के मद्देनजर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाहियों का दौर जारी है इसी तारतम्य में सुखा नशा (गांजा) के सौदागरों के विरूध्द मुंगेली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुये 37.8 किलोग्राम गांजा, तस्करी में प्रयुक्त वाहन स्वीफ्ट डीजायर के साथ 02 तस्करों को गिरफ्तार किया गय। वही एक अन्य मामले में अवैध शराब की तस्करी करते हुये एक शराब तस्कर भी पुलिस की गिरफत में आया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च को मुखबीर की सुचना पर ग्राम पण्डरभट्ठा बड़े पुल के पास नांदघाट की तरफसे आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एआ 5431 स्वीफ्ट डीजायर को घेराबंदी कर पकड़ने पर उक्त कार में सवार 02 व्यक्ति (01) चन्द्रप्रकाश कौशिक पिता संतोष कुमार उम्र 36 वर्ष साकिन बहतराई जिला बिलासपुर (02) राजकमल शिवारे पिता पंचराम शिवारे उम्र 34 वर्ष साकिन परसदा थाना पथरिया, जिला मुंगेली को पकड़कर पूछताछ कर तलाशी ली गई तब इनके कब्जे से कार में छुपाकर रखे 02 हल्का हरा छींटदार बोरी में 36 पैकेट मादक पदार्थ गांजा जिसका कुल वजन 37.8 किलोग्राम को एनडीपीएस एक्ट के तहत वाहन सहित जप्त किया गया एवं दोनों आरोपियों (01) चन्द्रप्रकाश कौशिक (02) राजकमल शिवारे को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। दोनों आरोपी पूर्व में भी गांजा तस्करी के अपराध में रहे संलिप्त-आरोपी चन्द्रप्रकाश कौशिक के विरूद्ध पूर्व में बिलासपुर में अपराध क्रमांक 241/22 एनडीपीएस एक्ट (02) आरोपी राजकमल शिवारे के विरूद्ध थाना पथरिया में अपराध क्रमांक 222/23 एनडीपीएस एक्ट दर्ज हुआ है। इस प्रकार मुंगेली पुलिस को आदतन एवं शातिर तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# सक्ती के जेएलएनडी कॉलेज में लोकसभा चुनाव के लिए हुआ मतदाता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com






आगामी 07 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सक्ती स्थानीय जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती मे शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान "मेरा पहला वोट देश के लिए" के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा के निर्देशानुसार छात्र/छात्राओं को मतदान करने एवं उन्हे जागरुक करने के लिए दृढ़ संकल्प एवं निष्ठा के साथ मतदान करने की बात कही गई, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर शालू पाहवा ने इस अवसर पर कहा कि भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। यहां संघीय सरकार द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से प्रतिनिधि चुना जाता है, देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रुप से भाग लेते है। इस जागरुकता अभियान में पुराने मतदाता छात्र/छात्राओं एवं नये मतदाताओं जिन्होने प्रथम बार मतदान की श्रेणी मे आ रहे है, उन्हे मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। "मेरा पहला वोट देश के लिए" कायक्रम का प्रारंभ किया जाना इस उद्देश्य को पूरा करता है कि युवाओं को चुनाव मे भाग लेने एवं मत का उचित उपयोग का सीख देता है। सारे काम को छोड़कर सबसे पहला मतदान करो, इस तरह की जागरुकता द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने एवं समझदार छवि वाले प्रत्याशियों का चुनाव करने तथा लोगो को जागरुक कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाई, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अजमत अली, प्रो. मेघनाथ जायसवाल ने अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने और शत-प्रतिशत मतदान करने के की बात कही एवं EVM मशीन के बारे में भी जानकारी देकर छात्र/छात्राओं को मतदान के लिए प्रोत्साहन एवं उनके मन को उचित दिशाओं पर जाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस कार्याक्रम में प्रो. अमित शर्मा ने छात्र/छात्राओं को बताया कि युवा ही देश के लिए सुत्रधार होता है। इनके बिना देश अंधकारमय है। इस लिए सोच विचार कर मत का उपयोग किया जाना भविष्य का उज्जवल बना सकता है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अजमत अली एवं प्रो. मेघनाथ जायसवाल द्वारा मंच संचालन किया गया।

## श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में श्री रामनवमी पर्व के मद्देनजर मंदिर की साफसफाई, रंग रोगन कर पुताई का कार्य चल रहा

# शिवरीनारायण में श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी जोरो पर

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



माता शबरी की पुण्य जन्मभूमि, छत्तीसगढ के जगन्नाथ पुरी नाम से विख्यात मंदिरो की नगरीय धर्म धरा शबरी धाम शिवरीनारायण मे श्री राम नवमी श्री राम जी के प्रारागटय दिवस की तैयारियां पूरी जोरों से चल रही है इसी तारतम्य में छत्तीसगढ के प्रमुख तीर्थ स्थल गुप्त प्रयाग शिवरीनारायण के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में श्री रामनवमी पर्व के मद्देनजर मंदिर की साफसफाई, रंग रोगन कर पुताई का कार्य चल रहा है। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित हरीश कुमार भोगहा ने बताया कि आनंदकंद मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का जन्मउत्सव श्री रामनवमी का पावन पर्व 17अप्रैल 2024 दिन बुधवार दोपहर ठीक 12बजे साधु संतो और श्रद्धालुओ की उपस्थिति में भक्तिमय वातावरण में श्री राम चंद्र जी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा तदपश्चात श्री शिवरीनारायण भगवान जी और श्री राघवेन्द्र सरकार श्री रामचंद्र जी की महाआरती की जाएगी तथा श्रद्धालुओ को पंजरी और पंचामृत का विशेष प्रसाद का वितरण किया जाएगा इसी कड़ी में श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर और मंदिर परिसर में स्थित सभी मंदिरों का साफ सफाई कर रंग रोगन किया जा रहा है। शाम के समय श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में लगभग 1100से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा 108आकाशदीप आसमान में छोड़े जाएंगे रात्रि में भी भगवान श्री शिवरीनारायण जी की महाआरती ढोल नगाड़े और शंख की मधुर ध्वनि और आतिशबाजी के साथ किया जाएगा। मुख्य मंदिर के पुजारी पंडित हरीश कुमार भोगहा ने बताया कि भगवान श्री विष्णु जी का सातवां अवतार श्री रामचन्द्र जी है भगवान श्री रामचंद्र जी का चैत्र माह के नवमी तिथि को दोपहर के समय पुनवस नक्षत्र तथा कर्क लग्न में हुआ था भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म के समय सभी ग्रहों की स्थिति बहुत ही शुभ लग्न में था। भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म होने पर पूरे अयोध्यावासियों के साथ देवलोक के सभी देवी देवताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए फूलों की वर्षा कर खुशियां मनाई। श्री रामनवमी के पावन तिथि पर कोई भी शुभ कार्य शुरू किया जाता है तो उसमे निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है नया वाहन, सोने चांदी की खरीदी तथा नया व्यापार भी रामनवमी के दिन प्रारभ किया जाना बहुत ही शुभ होता है। बताया जाता है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री रामचरित मानस लिखने का श्री गणेश भी श्री राम नवमी तिथि पर किया था मानस की एक एक चौपाई आज लोगो के लिए किसी अनमोल खजाने से कम नहीं है श्री रामचरित मानस की चौपाइयों से जीवन की कठिनाइयों और दुखो, विप्तियो से छुटकारा मिलता है मानस की चौपाइयों से आज समस्त दुखो और कष्टों का निवारण हो रहा है। श्री राम नवमी के महापर्व पर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर को विद्युत झालरों से सजाया जाएगा दिन भर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, पूजन श्रद्धालुओ के द्वारा श्री राम नाम का संकीर्तन किया जाएगा। श्री रामचंद्र जी के जन्म उत्सव की तैयारियो मे मुख्य मंदिर के पुजारी पंडित हरीश कुमार भोगहा, हर्षवर्धन तिवारी,, मंदिर के सहयोगी भक्तजन, साधु संत और मंदिर प्रबंधन से जुड़े हुए लोग युद्धस्तर पर तत्परतापूर्वक लगे हुए हैं।

# मनरेगा श्रमिकों ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए ली शपथ



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम दुल्लापुर-सोनपुरी तथा भीमपुरी में मनरेगा कार्यस्थल पर कार्यरत श्रमिकों को 07 मई को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन रायपुर द्वारा अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

## महिला एवं बाल विकास की टीम रही विजयी, निर्वाचन प्रक्रिया के अनुरूप ओवरों को दिया गया नाम

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com






सिक्स सिक्स सिक्स कैच पकड़ो, छूटने ना पाए, आउट, अब हैट्रिक मिलेगा ऐसी जोश के साथ आवाज और अपील राजधानी के मध्य स्थित सुभाष स्टेडियम मे आ रही थी। मौका था स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन रायपुर द्वारा अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का। मैदान से मतदान का संदेश से लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत रायपुर में तृतीय चरण 07 मई को होने वाले मतदान के लिए रायपुर के नागरिकों से मतदान करने की अपील की गई। क्योंकि यह टूनामेंट मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित की गई है। 10-10 ओवर का फ्लड लाईट मैच बडा ही रोमांचकारी था। जिसमें पहली विजयी टीम महिला एवं बाल विकास रही। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि रायपुर संभागायुक्त डॉ संजय अलंग रहे, जिन्होंने समस्त खिलाड़ियों एवं दर्शक दीर्घा में उपस्थित दर्शकों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई। शपथ पश्चात सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। तत्पश्चात संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने टॉस कराते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावनाओं के साथ खेलने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैदान से क्रिकेट मैच खेलते हुए मतदान करने का संदेश देने के उद्देश्य से प्रारंभ हो रहे अंतरविभागीय क्रिकेट टूनामेंट निश्चित ही मतदाताओं के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाएगी। ज्ञात हो कि बारह दिनों तक चलने वाले इस रोमांचक क्रिकेट टूनामेंट का पहला मैच कलेक्ट्रेट एवं निर्वाचन अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों के बीच हुआ। जिसमें महिला बाल विकास के खिलाड़ियों ने पहले इनिंग में बैटिंग करते हुए अपने प्रतिद्वदी टीम को 132 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए। पांच विकेट के नुकसान से मात्र 80 रन बनाने में सफल रहे। इस प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग ने 52 रन से शानदार जीत हासिल की। महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाडी यशवंत यादव 49 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग की खिलाड़ी अंबा पटेल शानदार फिल्डिंग के कारण फिल्डर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टीम की अगुवाई करते हुए कप्तान के रूप में डॉ गौरव सिंह ने मैच में जबरदस्त बैटिंग करते हुए समस्त खिलाड़ियों के बीच खेल भावना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। 10-10 ओवरों के मैच में हर ओवर का निर्वाचन प्रक्रिया के अनुरूप नामकरण किया गया था, जिसमें क्रमशः स्वीप ओवर, अधिसूचना ओवर, ईवीएम ओवर, एफएसटी ओवर, एसएसटी ओवर, वीवीपीईटी ओवर इत्यादि। डॉ गौरव सिंह ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन रायपुर द्वारा अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला विजयी पारी खेल कर महिला बाल विकास के खिलाड़ियों ने मतदान के प्रति सकारात्मक संदेश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने कहा कि हार और जीत खेल के अभिन्न भाग है, उन्होंने समस्त खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एसपी संतोष सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# वेस्टर्न डिजिटल ने सीसीटीवी स्टोरेज के लिए अतिआवश्यक फीचर्स के बारे में बताया


पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com




सीसीटीवी एप्लीकेशंस के विकसित होते परिवेश में सिक्योरिटी के लिए पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा अन्य विभिन्न सेक्टर्स जैसे रिटेल मैनेजमेंट और परिवहन में भी स्मार्ट वीडियो का महत्व बढ़ा है। यूजर-फ्रेंडली विकल्पों से लेकर आधुनिक आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) युक्त डिवाईसेज तक विभिन्न कैमरों की उपलब्धता के साथ भारत में सीसीटीवी बाजार के तेजी से विस्तार करते हुए 3.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2028 तक 8.43 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाने की संभावना है। स्मार्ट वीडियो सेटअप के महत्वपूर्ण तत्वों में विशेष स्टोरेज की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रभावी सीसीटीवी ऑपरेशंस के लिए अत्यधिक क्षमता वाले स्टोरेज समाधानों की जरूरत है, ताकि 24/7 वीडियो कैप्चर संभव हो सके। इसके लिए एक विशाल स्टोरेज में निवेश करना बहुत जरूरी है, फिर चाहे वह ऑन-कैमरा माईक्रो एसडीटीएम कार्ड्स में हो या हार्ड डिस्क ड्राईव में। वेस्टर्न डिजिटल द्वारा डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी 22 टीबी तक की स्टोरेज क्षमता प्रदान करती है, जो सीसीटीवी सेटअप के लिए अति उत्तम है। इसी प्रकार ऑन-कैमरा स्टोरेज विकल्प, डब्लूडी पर्पल एससी क्यूडी101 अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रो एसडी कार्ड 1 टीबी तक की स्टोरेज क्षमताएं प्रदान करता है। वेस्टर्न डिजिटल के सीनियर डायरेक्टर, सेल्स, इंडिया, खालिद वानी ने कहा, डब्लूडी पर्पल पोर्टफोलियो को सीसीटीवी की विकसित होती हुई जरूरतों के अनुरूप बनाया गया है, ताकि 22 टीबी तक के डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी जैसे उच्च क्षमता के समाधान प्रदान किए जा सकें। 24/7 विश्वसनीयता के लिए डिज़ाईन किए गए हमारे डब्लूडी पर्पल माईक्रोएसडी कार्ड अत्यधिक सहनशील हैं। डब्लूडी पर्पल प्रो ड्राईव्स में ऑलफ्रेम एआई टेक्नॉलॉजी है, जो सिस्टम में सुगम वीडियो प्लेबैक सुनिश्चित कर डीप लर्निंग एनालिटिक्स को सपोर्ट करती है। सीसीटीवी स्टोरेज सॉल्यूशंस के लिए ज्यादा सहनशीलता जरूरी होती है, ताकि वो चुनौतीपूर्ण मौसम में भी काम कर सकें और डाउनटाईम कम से कम हो। कैमरों को लगाने के मुश्किल स्थानों के कारण ज्यादा सहनशीलता वाले स्टोरेज समाधानों को चुनना बहुत आवश्यक हो जाता है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में विकास के नए युग का सूत्रपात करने के लिए डिजिटाइजेशन की रणनीति को बढ़ावा दिया

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com




स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के साथ पहले ही नए युग का सूत्रपात कर दिया था। नए युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने यूजर के जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरुआत की है। इससे बिक्री में काफी उछाल आया है और कंपनी अपने ग्राहकों या प्रशंसकों के ज्यादा नजदीक पहुंची। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, लगातार बदलते डिजिटल फलक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नए तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है। हमारी डिजिटल रणनीति यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है कि हमारे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज उपभोक्ताओं और फैंस तक उनके पसंदीदा रूप में पहुंचे। अभी तक कंपनी को नेम योर स्कोडा कैंपेन के तहत अपनी जल्द ही लॉन्च होने वाली ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए 1,50,000 एंट्रीज या नामों के सुझाव मिले हैं। हाल ही मे कंपनी का 24 घंटे का डिजिटल कैंपेन समाप्त हुआ, जिसमें कंपनी ने भारत में अपने कार्यकाल के 24 वर्ष पूरा करने का जश्न मनाते हुए एक दिन या 24 घंटे में 709 स्कोडा कारों की बुकिंग की। हमने स्कोडा गियर हेड्स कम्युनिटी के माध्यम से स्कोडावर्स इंडिया एनएफटी को और विस्तार दिया है। इसके साथ हम बड़े और विविधता से भरपूर मार्केट में ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए निरंतर नई पहल कर रहे हैं और नई रणनीति को अपना रहे हैं।

# एनएमडीसी के फौलादी इरादों ने वित्तीयवर्ष 24 में 45 मिलियन टन का उत्पादन किया

पायनियर संवाददाता ≺ हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी अब 45 मिलियन टन का आंकड़ा पार करनेवाली देश की प्रथम खनन कंपनी बन गई है। इस रविवार को समाप्त हुए वित्तीयवर्ष में कंपनी ने लौह अयस्क का 45.1 एमटी उत्पादन और 44.8 एमटी बिक्री कर वित्तीयवर्ष 24 में अभूतपूर्व आँकड़े प्राप्त किए हैं। राष्ट्र के नवरत्न के रूप में एनएमडीसी ने अपनी योग्यता सिद्ध करते हुए वित्तीयवर्ष 2023 की तुलना में उत्पादन में 10त्न और बिक्री में 16त्न की वृद्धि की है। उद्योग की अग्रणी कंपनी एनएमडीसी ने अपनी स्थापना के बाद अब तक का सर्वश्रेष्ठ भौतिक प्रदर्शन कर भारत की लौह और इस्पात अर्थव्यवस्था के भविष्य को प्रेरित किया है। सरकारी खनन कंपनी ने वित्तीयवर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 13.31 एमटी उत्पादन और 12.54 एमटी बिक्री दर्ज की है, जिसमें मार्च 2024 माह में 4.86 एमटी उत्पादन और 3.96 एमटी बिक्री शामिल है। इस रिकार्ड को स्थापित करने के क्रम में, एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खाने-छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली तथा कर्नाटक में दोणिमलै ने कंपनी के इतिहास में अपना सर्वोच्च वार्षिक उत्पादन किया है। पैलेट उत्पादन में आने वाली बाधाओं का समाधान किया गया, जिससे कि कंपनी की अधिकतम पैलेट उत्पादन मात्रा 2.65 लाख टन को प्राप्त किया गया। क्षमता वृद्धि की दिशा में रणनीतिक कुशलता दिखाते हुए, एनएमडीसी ने वित्तीयवर्ष 2024 के लिए निर्धारित रू.1769 करोड़ के कैपेक्स लक्ष्य की तुलना में रू.2014 करोड़ के व्यय के साथ कैपेक्स के लक्ष्य को भी पीछे छोड़ दिया है। इन उपलब्धियों को हासिल करने में, कंपनी को माननीय उच्चतम न्यायालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से आवश्यक अनुमति प्राप्त हुई है और परिणामस्वरूप वित्तीयवर्ष 24 के दौरान पन्ना, मध्य प्रदेश की अपनी हीरा खनन परियोजना में परिचालन कार्य पुनः प्रारंभ किया है। अपनी टीम को वित्तीयवर्ष 24 के शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि 45 एमटी को पार करने से एनएमडीसी की विरासत को सही अर्थों में सम्मान और समृद्धि प्राप्त हुई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने अपने उद्योग की कठिनता का सामना किया है, अपनी तकनीकी और डिजिटल मजबूती बढाई है, अपने वित्तीय लचीलेपन को सुदृढ किया है और अथक परिश्रम किया है। आगे, हमारी दिशा-नवाचार, सुस्थिरता, साझा उद्देश्य और 100 मिलियन टन के मजबूत भविष्य की ओर जाती है।

# सीएम साय द्वारा फिर इस बार मोदी सरकार गीत का पोस्टर विमोचन होगा



**दल्लीराजहरा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यशवंत जैन, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू व छत्तीसगढ़ के मोहन सुंदरानी के मार्गदर्शन पर नरेन्द्र मोदी का हिन्दी सॉन्ग का पोस्टर विमोचन बहुत जल्द मुख्यमंत्री के कर कमलों से होने जा रहा है। इस गीत के बोल है फिर इस बार मोदी सरकार। इस गीत के गीतकार व संगीत कार भुवन साहू, इस गीत की सिंगर है छत्तीसगढ़ रत्न सम्मानित दल्लीराजहरा की ज्योति सोनी (टी.ज्योति) इस गीत के माध्यम से ज्योति सोनी ने नरेन्द्र मोदी की योजनाओ को बताने का प्रयास किया है। यह गीत आप सभी के बीच बहुत जल्द मोहन सुंदरानी यू ट्यूब चैनल में सुन पाएंगे। ज्योति सोनी एक वर्ष में 30 लोक गीत सुंदरानी यू ट्यूब चैनल के माध्यम से गा चुकी है और आगे भी जारी रखेंगी,ज्योति सोनी के गीत को पूरे छत्तीसगढ़ में लोग पसन्द कर रहे है।

# हायर इंडिया ने हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ एयर कंडीशनर की अपनी सुपर हेवी-ड्यूटी रेंज लॉन्च की




पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

लगातार 15 सालों से नंबर 1 ग्लोबल मेजर एप्लायंस ब्रांड 'हायर अप्लायंसेज इंडिया' ने सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च की है। हेक्सा इन्वर्टर और सुपरसोनिक कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ यह नई रेंज 20 गुना तेज कूलिंग और 65 प्रतिशत बिजली की बचत करने में सक्षम है। हायर इंडिया ने कस्टमर्स-इंस्पायर्ड इनोवेशन्स को तैयार करने और उन्हें बदलती जरूरतों के अनुकूल बनाने में अपना समर्पण जारी रखा है। नई रेंज मार्केट में एक हाई स्टैंडर्ड सेट करती है क्योंकि हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी, केवल 10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग, फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी और इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसे एडवान्स फीचर्स पर बेस्ड है। समर में क्विक कूलिंग की मांग को पूरा करने और कस्टमर्स की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए, नई रेंज इनोवेशन, डिजाइन और ऊर्जा कुशलता को संगठित रूप से एकीकृत करती है। हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने लॉन्च पर कहा, हायर में, हम नई टेक्नोलॉजीज बेस्ड प्रोडक्ट्स को डिजाइन करने में विश्वास करते हैं, जो हमारे कस्टमर्स के जीवन को आसान, सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। भारत एक्सट्रीम वेदर का अनुभव करता है, विशेषकर भीषण गर्मियों में। इन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमने अत्यधिक तापमान में सुपर कूलिंग सुनिश्चित करने और यहां तक कि आराम, विश्वसनीयता और प्रदर्शन को अधिकतम करने के लिए हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ इनर्जी सेविंग का ख्याल रखने के लिए सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की नई रेंज डिजाइन की है।

# विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में जुड़ेंगे भाजपा के कई दिग्गज : श्रीवास्तव

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के कई मंत्रियों का एक दिवसीय दौरा 3 अप्रैल 2024 बुधवार को केल्हारी मे होना है। उक्ताशय की जानकारी देते



हुये पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के वित्त, वाणिज्य कर आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं संख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व कोरबा लोकसभा के प्रभारी धर्मलाल कौशिक, पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक ननकी राम कँवर, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय, पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान विधायक रेणुका सिंह, पूर्व केबिनेट मंत्री भैया लाल राजवाड़े, पूर्व संसदीय सचिव चम्पा देवी पावले, लोकसभा सह संयोजक मनोज शर्मा 03 अप्रेल को दोपहर 1 बजे केल्हारी के स्कूल ग्राउंड मे पहुंचेंगे। इस दौरान सभी नेता भरतपुर-सोनहत विधानसभा के एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। श्रीवास्तव ने क्षेत्र के सभी जनमानस से उपरोक्त आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आग्रह किया है।

# छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के द्वारा मनाया गया रंग पंचमी के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ≺ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ समन्वय सीमिति के द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर दल्लीराजहरा के 22 छत्तीसगढ़िया समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी गण और सदस्य गण उपस्थित थे। सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। उपस्थित लोगों के द्वारा पूरे जोश के साथ तिलक होली रंग गुलाल संग झाज मंजीरा नगाड़ा के संग बहुत ही मस्ती के साथ रंग बरसे की गीत के साथ सारे के सारे झूम उठे। कार्यक्रम में कई छत्तीसगढ़ी के पुराने होली गीत, फिल्मी गीत भी गाये गए। मुख मुरली बजाए छोटे से श्याम कन्हैया जैसे गीत भी महिलाओं पुरुषों के द्वारा डांस कर गाया गया। श्रीवास की उमंग भरी मस्ती के गीत एवं ईश्वर पटेल के गीत वाद्य यंत्र के साथ पूरे मंच को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामदास मानिकपुरी ने सभी समाज प्रमुखों एवं अतिथियों का गुलाल से स्वागत किया। तत्पश्चात समारोह में सह संस्थापक संरक्षक श्याम लाल साहू, महेंद्र भट्ट, कुमार मंडावी तथा आर.एस पैकारा का शाल, श्रीफल, मेमोंटो से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि यह पर्व भारत की प्राचीन परंपरा संस्कृति और सभ्यता का त्योहार है। होली पर्व का मतलब है कि हम आपसी गिले शिकवे खत्म करे और अपनी संस्कृति से बच्चों को अवगत कराये। इस दौरान राधा कृष्ण का स्मरण कर मनमोहक फाग गीत भजन गीत महिलाओं के द्वारा गाया गया। सभी महिला पुरुष गले मिलकर खुशी जाहिर किए। संरक्षक श्याम लाल साहू ने कहा कि हमे पूरे समाज को लेकर चलना चाहिए एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति के पर्व को हमेशा मनाते रहना चाहिए। प्रत्येक छत्तीसगढ़ समाज में छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो की पूजा अर्चना के साथ बैठक एवं समाज का कार्य चालू करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशी निषाद सहित सभी समाज प्रमुखों उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में तोरण लाल साहू, गोपी निषाद, राधेश्याम साहू, शीतल साहू, घनश्याम पारकर, पूरण भंडारी लक्ष्मी नारायण देवांगन, युवराज साहू, संतराम सेन, भूपेन्द्र दिल्लीवार, विद्या रावटे, महिला मंडल अध्यक्ष ममता घराना, रेखा पारकर, सुनीता भांडेकर, अनसूइया खरे,माधुरी करपाल ,ममता मानकर, झमित खरे, निर्मला च, रोशनी घराना, कुसुम आर्य, रेखा आर्य, छबीला कोरराम, पाटिल, द्रोपति साहू, दामिनी साहू, अनीता साहू, का सहयोग रहा।

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2023-24
ग्राम मुंगेली-2 प.ह.न. 59/19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली-2 के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेदकुमार पिता/पति भरतलाल जाति कोष्ठा निवासी विनोबा भावे वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली-2 हल्का नं. 59/19 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 626/26, 626/40 रकबा 0.0080 हे., 0.0060 हे. को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 08/04/2024 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2023-24
ग्राम रामगढ़ प.ह.न. 30

एतद् द्वारा ग्राम रामगढ़ के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीला गर्ग पिता/पति मनीष कुमार जाति सतनामी निवासी निवासी करनकांपा तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम रामगढ़ हल्का नं. 30 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 188/4 में से रकबा 1080 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/04/2024 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

# मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

## नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

### वोटर हेल्पलाइन एप

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

### सी-विजिल एप

इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

### सक्षम मोबाइल एप

इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफा इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है। सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

### सुविधा कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

### वोटर टर्न ऑउट एप

इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।

### नो यूअर कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक **12-दिसम्बर-23** को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **इन्द्र कुमार (ऋणी), तमरध्वज (सहऋणी),ऋण खाता संख्या L9001060127866180** से नोटिस में वर्णित राशि **7,84,270/- (सात लाख चौरासी हजार दो सौ सत्तर रुपये)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 29 माह मार्च वर्ष 2024** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **7,84,270/- (सात लाख चौरासी हजार दो सौ सत्तर रुपये) 11-दिसम्बर-23** तक तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित संपत्ति स्थित खसरा नं. 547, पीएच नं. 40, ग्राम धूमा, आर.आई.सी. नारी, तहसील खुर्द, जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 133 वर्ग मीटर जो कि तमराध्वज साहू के स्वामित्व में है।

दिनांक : 29 मार्च 2024
स्थान : धमतरी, छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# हमेशा विवादों में रहने वाला सुरजू टेकाम गिरफ्तार घर से नक्सल साहित्य सहित बारूद आदि बरामद

## खुले मंच से कहा था भाजपाइयों को काट डालो, नक्सल समर्थक के रूप में था कुख्यात

पायनियर संवाददाता ✓ मानपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर क्षेत्र में अनेक बार अशांति फैलाने और नक्सल समर्थक की पहचान रखने वाले कथित आदिवासी नेता सुरजू टेकाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके घर से बारूद, नक्सल पर्चे, नक्सल साहित्य, कोर्डेक्स वायर, डेटोनेटर, बैटरी सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। उल्लेखनीय है कि, मानपुर विकासखंड के ग्राम कलवर निवासी आदिवासी नेता सुरजू टेकाम अपने विवादित बयानों के लिए पिछले अनेक वर्षों से आए दिन चर्चा में बना रहता है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भाजपा नेताओं को देखते ही काट डालो कहने वाले सुरजू टेकाम पर लंबे समय से पुलिस की नजर थी। सुरजू पहले



भी कई बार नक्सलियों का समर्थक होने के कारण जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के मुताबिक पूर्व मे मिल रही सूचनाओं की तश्दीक हेतु पुलिस ने कलवर गाँव स्थित सुरजु टेकाम के घर मे रेड कार्यवाही की। इस दौरान सुरजु टेकाम के घर से ये तमाम समान जप्त हुआ है। बहरहाल मदनवाडा थाने मे धारा 38(1) (2), 39(1) (2) तथा विस्पोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही सुनिश्चित कर सुरजु टेकाम को एनआईए कोर्ट बिलासपुर मे पेश किया गया है।

### एएसपी के नेतृत्व में पड़ा पुलिस का छापा

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के नेतृत्व में एक टीम ने मानपुर विकासखंड के ग्राम कलवर निवासी आदिवासी नेता 54 वर्षीय सुरजू टेकाम पिता-बुल्लु टेकाम के घर देर रात रेड मारी। पुलिस को कार्रवाई के दौरान सुरजू टेकाम के घर से अनेक आपत्तिजनक सामान मिले। इसके बाद पुलिस ने सुरजू टेकाम को गिरफ्तार कर लिया और एनआईए कोर्ट बिलासपुर में पेश किया है।

### खुले मंच से कहा था भाजपा नेताओं को काट डालो

उल्लेखनीय है कि आदिवासी नेता सुरजू टेकाम नक्सल मामले में कई बार जेल जा चुका है। वहीं एक बार मानपुर मुख्यालय में सुरजू टेकाम ने एक सभा में खुले मंच से भाषण देते हुए कहा था कि भाजपा नेता चुनाव में वोट मांगने आता है तो वहीं काट डालो। इसके बाद जिले के भाजपा नेताओं ने सुरजू टेकाम पर एफआईआर दर्ज करने के लिए मानपुर थाने का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था।

### दशहरा उत्सव का करता था हमेशा विरोध

हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक दशहरा पर रावण दहन की परम्परा है। सुरजू लगभग हर दशहरे के वक्त आदिवासियों को भड़काता रहा है। उसने अनेक बार रावण दहन करने पर राम का पुतला जलाने तक की धमकी दी है। उल्लेखनीय है कि, पिछले पांच साल जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही, उस दौरान सुरजू टेकाम के हौसले काफी बुलंद रहे। उसने इस दौरान न सिर्फ भाजपाइयों को खुले मंच से धमकी दी बल्कि कांग्रेस के मंचों का भी ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल किया। दूसरी ओर गिरफ्तारी के बाद मंगलवार सुबह सुरजु टेकाम के परिजनों समेत क्षेत्रवासी ग्रामीण मानपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित स्थानीय थाने मे पहुँच गए तथा उन्होंने गिरफ्तारी को लेकर विरोध भी जताया।

### बिरझू तारम हत्याकांड में भी हो सकती है पूछताछ

बीते विधानसभा चुनाव के दौरान मानपुर ब्लॉक के सरखेडा गाँव मे भाजपा नेता बिरझू तारम की माओवादियो ने हत्या कर दी थी। विवादित भाषण के लिए सुरजु टेकाम को विधान सभा चुनाव के दौरान भी जेल भेजा गया था। फिलहाल बिरझू तारम की हत्या की जाँच एनआईए कर रही है। अब जबकि लोक सभा चुनाव के ठीक पहले फिर से सुरजु टेकाम की गिरफ्तारी हुई है और उसे एनआईए कोर्ट मे पेश किया गया है। ऐसे मे बिरझू तारम हत्याकांड पर भी सुरजु से पूछताछ लाजमी है।

## भूपेश बघेल ने 5 वर्षों तक छत्तीसगढ़ की जनता से विश्वासघात किया: दिनेश गांधी

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव सहसंयोजक दिनेश गांधी ने आज भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि राजनांदगांव से चुनाव लड़ने के पूर्व भूपेश सरकार ने पूरे 5 वर्षों तक लगातार छत्तीसगढ़ की जनता को ठगा है। गांधी ने कहा कि गंगा जल की कसम खाकर शराबबंदी की घोषणा करने वाले भूपेश बघेल ने उल्टे शराब की होम डिलीवरी शुरू कर दी थी। युवाओं को 10 लाख नौकरी का वादा किया था, जिसे नहीं निभाया गया। 10 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता ?2500 देने का वायदा किया गया था, किन्तु युवाओं को कांग्रेस सरकार ने ठगा और वायदे की पूर्ति नहीं कर पायें। महिला स्वयं सहायता समूहों को कर्ज माफी के नाम पर धोखा दिया गया। रेडी टू इट का संचालन करने वाली 22000 बहनों की नौकरी छीन ली गई, अपने कांग्रेसी करकर्ताओं को राजीव मितान क्लब के माध्यम से उपकृत किया गया। वृद्ध माता-पिता को वृद्धा पेंशन नहीं दिया गया, संविदा कर्मियों, अनियमित कर्मियों, विद्युत संविदा कर्मियों से वादा खिलाफी की गई। दैनिक वेतन भोगी, विद्या मितान, अतिथि शिक्षक, आंगनबाड़ी मितानीन के साथ भी अन्याय किया गया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गांधी ने कहा कि भूपेश सरकार के कार्यकाल में समूचे छत्तीसगढ़ को कंगाल बना दिया गया, किसानों के 2 वर्ष के बोनस को देने की घोषणा की गई थी, जिसे लटकाकर रखा गया, प्रदेश पर 1.50 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज लाद दिया गया। मंडी टैक्स हटाने का वादा किया था, जबकि टैक्स दोगुना बढ़ाया गया। गांधी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता जनार्दन ने भाजपा के शासन काल में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए गत विधानसभा चुनाव में पुनः भाजपा को प्रदेश की बागडोर सौपी जिसके द्वारा मात्र 100 दिनों में ही अपने किए गए वादों को पूरा करना प्रारंभ कर दिया हैं, जिसका वह अभिनंदन करते हैं और जनता द्वारा नकारे गए ऐसे नेता भूपेश बघेल को संस्कारधानी राजनांदगांव की जनता अब आने वाले लोकसभा चुनाव में जरूर सबक सिखाएगी।

# नगर में 5 को तहसील स्तरीय कर्मा जयंती साहू समाज के विधायकगण करेंगे शिरकत

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी माता कर्मा की जयंती पापमोचिनी एकादशी तिथि 5 अप्रैल शुक्रवार को मनाई जायेगी। तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह इस बार डोंगरगांव नगर के ग्राम इकाई मटिया वार्ड 14 स्थित कर्मा भवन में आयोजित है। उक्त अवसर पर शोभायात्रा, सामाजिक सम्मान सम्मारोह भी आयोजित है। आयोजकों के मुताबिक तहसील स्तरीय कर्मा



जयंती समारोह 5 अप्रैल को तहसील साहू संघ एवं नगर साहू संघ के सहयोग से मटिया ग्राम इकाई अंतर्गत मनाई जायेगी। तहसील साहू संघ के कर्मा भवन से प्रातः 10 बजे से शोभायात्रा, 12 बजे से सामूहिक पूजा आराधना, 2 बजे से अतिथियों का आगमन एवं उदबोधन, 4 बजे सम्मान समारोह सहित 5 बजे महाप्रसादी वितरण किया जाना है। समारोह में विधायक दलेश्वर साहू, विधायक भोलाराम साहू, जिपंअध्यक्ष गीता साहू, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, जिला संरक्षक कमलकिशोर साहू, संरक्षक डॉ नीरेंद्र साहू, शैलेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष नीरा साहू, संरक्षक अमरनाथ साहू, टिकेश साहू, संध्या साहू, कौशल कुमार साहू, गुलशन हिरवानी, डिकेश साहू, रुकमणी साहू व कौशल साहू सहित अन्य सम्मिलित होंगे।

### एग्जिट पोल पर प्रतिबंध 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 01 जून को संध्या 6.30 बजे के बीच की अवधि तक

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नईदिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (क) (ख) के तहत दिनांक 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को प्रातः 7 बजे से 01 जून 2024 (शनिवार) को संध्या 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति , उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

## सीएचसी रिसाली का अचानक निरीक्षण करने पंहुची कलेक्टर, अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने रिसाली नगर निगम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि जो चिकित्सक समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने दवाईयों तथा अन्य उपकरणों का अवलोकन किया, जिन दवाईयों की समयावधि समाप्त हो गई है उन्हें तुरंत हटाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के



दौरान उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान बहुत से चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र में होने वाली विभिन्न जांचों सहित सिकल सेल टेस्ट युनिट की जानकारी ली। सीएमएचओ जेपी मेश्राम ने बताया कि जांच के उपरांत मरीज को जिला अस्पताल भेजा जाता है। कलेक्टर स्वास्थ्य केंद्र में नियमित साफ -सफाई किए जाने के निर्देश दिए।

**स्कूलों में करे पौधा रोपण: कलेक्टर-** रिसाली के आत्मानंद स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर सीधे नेवई स्कूल पहुंची। मतदान केंद्र देखने के बाद परिसर को देखी। इस दौरान उन्होंने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को निर्देश दिए कि स्कूल परिसर को हरा भरा बनाएं।

**मतदान केंद्रों का परीक्षण:** लोकसभा निर्वाचन को लेकर रिसाली नगर निगम के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मतदान करने के लिये तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेवई में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। जिसे लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान के लिये चिन्हांकित किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बगीचा तैयार कर पौधा रोपण करने के निर्देश दिये।

**केंद्रों में हो समुचित व्यवस्था:** मतदान के समय तेज गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान निगम क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने मतदान दल के ठहरने की व्यवस्था के साथ पेय जल, प्रसाधन और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न करने की बात कही। इसी प्रकार पाटन विकासखण्ड के अंतर्गत पतोरा ग्राम पंचायत में शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शाला पतोरा के कक्षा 8वीं के 8 छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। कलेक्टर ने इस पर सभी शैक्षणिक एवं अन्य कर्मचारियों की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी जेपी मेश्राम, अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, पाटन विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी दीपक निकुंज के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# पत्रकार जनता की विश्वास और ताकत है बरकरार रखें: कुलपति

पायनियर संवाददाता ✓ छुरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन का प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रविवार को होटल अमित पार्क इंटरनेशनल भिलाई मे सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव भाई शर्मा थे। अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने किया। विशेष अतिथि के रूप मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग अभिषेक झा एवं कल्याण महाविद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा उपस्थित थे। पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव भाई शर्मा ने सभी पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पत्रकार का जीवन चुनौतीपूर्ण रहता है। छत्तीसगढ़ मे कई दुर्गम इलाके मे पत्रकार रहते हैं कई बार उनके जीवन मे संकट आ जाता है। पत्रकार को आम आदमी की आवाज़ बने रहना चाहिए। ज़ब आदमी बहुत परेशान हो जाता है, शासन प्रशासन ध्यान नही देता है तब पत्रकार के जरिये ही जनता की आवाज पहुंचाई जा सकती है। जनता की हिम्मत पत्रकार बनते हैं इस ताकत को सभी पत्रकारों को बनाये रखना हैं।

### सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक से ग्लोब चौक तक मैराथॉन का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत् में वृद्धि हेतु निरंतर आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई के सेक्टर 9 चौक से 'भिलाई रन्स फॉर वोट' मैराथन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक से शुरू होकर ग्लोब चौक में समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में भिलाई निगम आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों और मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिले के नागरिक एवं छात्र-छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

# सरपंच के बचाव में सामने आए ग्राम पटेल, आरोपों को बताया बेबुनियाद

- उपसरपंच और ग्रामीणों ने सरपंच हेमसिंग निर्मलकर पर लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

पायनियर संवाददाता ✓ छुरिया
www.dailypioneer.com



विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के सरपंच हेमसिंग निर्मलकर के बचाव में ग्राम पटेल और दूसरे ग्रामीण सामने आए हैं। उपसरपंच और कुछ अन्य लोगों द्वारा सरपंच लगाए गए आरोपों से बचाव करते हुए ग्राम पटेल रोहित राम पटौदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत हैं। ग्राम पटेल रोहित राम पटौदी, राजेश यादव पंच, नंदकुमार ऊईके, मालिक राम निर्मलकर, मोतीराम साहू ने संयुक्त रुप से कहा कि सरपंच पद के प्रतिद्वंदी रहे शेखर साहू, घासी राम पाल एवं चमारराय हेमसिंग से चुनाव हार चुके हैं। इसके बाद से ये लोग हार का बदला लेने तीन वर्षों से सरपंच पर लगातार आरोप लगाकर उसे परेशान व प्रताड़ित कर रहे है। उन्होंने कहा कि - ग्राम पंचायत में जो भी कार्य हुआ है वह सब शासन के मापदण्ड और नियम के अनुरूप हुआ है। सरपंच एवं पंचो द्वारा सांसद विधायक एवं शासन प्रशासन के पास बार-बार दौड़ भाग कर काम स्वीकृत कराया गया है।

जिस नाले के निर्माण को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं उसे पार करके आस-पास के खेत खलिहान वाले लोग रोज गुजरते हैं। नाले का निर्माण रास्ते में ही किया गया है। लोगो की उपयोगिता को देखते हुए उस नाले का निर्माण हुआ है। ग्रामीणों एवं किसानो के मांग को देखकर ही यह नाला स्वीकृत हुआ व शासकीय नियमों के तहत ही यह बनाया गया।

### लोकसभा का चुनाव बहिष्कार नहीं होगा

ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत में लोकसभा चुनाव का कही बहिष्कार नहीं होगा। पंचायत के दोनो ग्राम बिजेपार एवं झाड़ीखैरी में आगामी 26 अप्रैल से चुनाव त्यौहार होगा और लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। जो लोग चुनाव बहिष्कार की बात कह रहे है ये लोग लोकतंत्र विरोधी है। सरकार पर दबाव बनाने के लिए ये लोग ऐसा कर रहे है। जो पूर्णतः गलत है। ऐसे ही लोकतंत्र विरोधियों का चेहरा अब बाहर आ गया है।

# अभिषेक संभालेंगे विधानसभा में चुनाव अभियान की जिम्मेदारी

## भाजपा के विधानसभा प्रभारी, सहप्रभारी एवं समन्वयक की घोषणा

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव अभियान को और अधिक गति प्रदान करने के लिए पार्टी के लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव ने विधानसभा स्तर पर प्रभारियों सहप्रभारियों एवं समन्वयकों के नियुक्ति की घोषणा की हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजनांदगांव विधानसभा के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को प्रभारी व लीलाधर साहू को सहप्रभारी घोषित किया है। इसी प्रकार डोंगरगांव विधानसभा के लिए दिनेश गांधी प्रभारी, चंद्रिका डड़सेना सहप्रभारी व



भरत वर्मा को समन्वयक बनाया गया है। इसी तरह खुज्जी विधानसभा के लिए रवींद्र वैष्णव प्रभारी, लक्की भाटिया सहप्रभारी व गीताघासी साहू को समन्वयक की जवाबदारी दी गई है। इसी तरह डोंगरगढ़ विधानसभा के लिए सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना प्रभारी तथा भागवत शरण सिंह सहप्रभारी व रामजी भारती एवं विनोद खांडेकर समन्वयक की जिम्मेदारी निभाएंगे। मोहला-मानपुर विधानसभा के लिए नम्रता सिंह प्रभारी, नरसिंह भण्डारी सहप्रभारी व संजीव साह समन्वयक होंगे। खैरागढ़ विधानसभा के लिए कोमल जंघेल प्रभारी, खम्मन ताम्रकार सहप्रभारी व विक्रांत सिंह समन्वयक रहेंगे। कवर्धा विधानसभा के लिए रामकुमार भट्ट प्रभारी व राजेन्द्र चंद्रवंशी सहप्रभारी घोषित किए गए हैं। पंडरिया विधानसभा के लिए विधायिका श्रीमती भावना बोहरा प्रभारी व सीताराम साहू सहप्रभारी रहेंगे।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन निःशुल्क परिवहन की सुविधा

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक निःशुल्क वाहन व्यवस्था रहेगी।

## आरोपियों के कब्जे से सोने एवं चांदी के जेवरात सहित कुल 05 लाख 75 हजार का सामान बरामद

# शातिर चोर चढे दुर्ग पुलिस के हत्थे, सूने मकानों को बनाते थे निशाना

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में लगातार चोरी की घटनाए घटित हो रही थी जिसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक हेम प्रकाश नायक, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन के मार्गदर्शन में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव पाण्डेय, एवं थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक महेश ध्रुव के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना दुर्ग




की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा संदेहियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान 28-29.03.2024 के दरम्यानी रात शिवपारा। दुर्ग के सूने मकान में प्रार्थी अपने परिवार के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था उसी दौरान घर को सूना देख कर आरोपियों द्वारा आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा के केबल को काटकर घर के बाहर लगे ताला को तोड़कर अन्दर प्रवेश कर आलमारी को तोड़कर आलमारी में रखे सोना एवं चांदी के जेवरात, म्यूजिक सिस्टम एवं घर में लगे सीसीटीवी कैमरा के डीवीआर व. सेटअप बाक्स को चोरी कर ले गये थे जिसकी सूचना मिलने पर दुर्ग थाने में प्रथम सूचना पत्र दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज पश्चात तत्काल एसीसीयू टीम को उक्त घटना में माल-मुलजिम पतसाजी हेतु लगाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये एसीसीयू टीम द्वारा आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया जिसमें एक व्यक्ति द्वारा लगे कैमरे के तार को काटते एवं कुछ लड़के वहीं उपस्थित होना दिखे जिन्हे मुखबिर लगाकर पकड़े। पकड़ कर पूछताछ करने पर पहले गोल-मोल जवाब देते रहे बोले की हमलोग मारपीट हत्या करते है ना की चोरी करतें है। बारिकी से पूछताछ करने पर मुख्य आरोपी अमन जो पूर्व में हत्या, हत्या के प्रयास एवं मारपीट के मामले में चालान हो चुका था द्वारा बताया कि अपने साथी दीपेश जो अमन का पड़ोसी है एवं अन्य दो अपचारी बालक के साथ मिलकर योज़ना बनाकर प्रार्थी प्रवीण सेत के सूने मुक़ात से सोने का हार, सोने की मांग टीका, सोने की अंगूठी, सोने का लाकेट, सोने का टाप्स, एवं चांदी का पायजेब, चांदी का करर्थन्त, चांदी का लच्छा, चांदी का पायल, चांदी का पायल, चांदी का चेन, चांदी का बिछिया एवं घर में लगे म्यूजिक सिस्टम व घर में लगे कैमरे की डीवीआर एवं सेटअप बॉक्स को चोरी कर छुपाना एवं नगदी रकम को खर्च करना बताये उक्त आरोपी एवं अपचारी बालकों द्वारा चोरी किये समान को बरामद किया गया एवं चोरी में प्रयुक्त वाहन, आलाजरब को भी जप्त किया गया है। सोने के आभूषण वजनी करीवन 06 तोला, कीमती 3,50,000/- चांदी के आभूषण वजनी करीबन 02 कि.ग्रा. कीमती 1,40,000 रू., म्युसिक सिस्टम कीमती करीबन 5000/- रू. सेटअप बाक्स 5000/- रू. एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एच एफ डीलक्स कीमती करीबन 75,0000/- रू. कुल कीमती 5,75,000/- रु. का सामान बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सउनि चत्त्द्रशेखर सोनी, राजेश पाण्डेय, थाना दुर्ग के सउनि वास, एसीसीयू से प्र.आर. रूमन सोनवानी, चंद्र शेखर वंजीर, आरक्षक जी. रवि, मोह, फारूक, धीरेन्द्र यादव, सनत भारती, तिलेश्वर राठौर, शौकत, हयात, नरेन्द्र सहारे, विक्क्रान्त यदु, अश्वनी यदु, मेघराज चेलक खुर्रम बक्श की सराहनीय भूमिका रही।

# जशपुर जिले की संस्कृति, सभ्यता, समृद्धि और विविधता को देशभर में ख्याति दिलाने प्रशासन-प्रेस मिलकर कर रहें काम

## जशपुर जिला पत्रकार संघ के होली मिलन समारोह में बोले कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आपका जिला जशपुर बहुत सुंदर है, जिसे देखने अब यहां बड़ी संख्या में पर्यटक भी आ रहे हैं, हमारा भी प्रयास है कि जशपुर का नाम यहां की संस्कृति, यहां की सभ्यता और यहां की समृद्ध जैव विविधता को, देश-दुनिया के लोग जाने-समझें, इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ यहां की नैसर्गिक सुंदरता यहां की बायोडायवर्सिटी को संरक्षित करते हुए पर्यटन और साहसिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है जिसमें आप सबका सहयोग नितांत आवश्यक है।

**कलेक्टर, एसपी, डीएफओ रहें उपस्थित -** यह बातें सोमवार को जशपुर जिला मुख्यालय के भागलपुर-बरटोली स्थित सद्भावना मंडप में आयोजित जशपुर जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए जिला के कलेक्टर रवि मित्तल ने कही। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, एसपी शशि मोहन सिंह, डीएफओ जितेंद उपाध्याय, प्रशिक्षु आईएफएस के साथ ही सभी अतिथियों का संघ के सुनिल सिन्हा, अजय सूर्यवंशी, तरुण प्रकाश शर्मा, तनवीर कुरैशी, आशीष मिश्रा, प्रियल जिंदल समेत अन्य पदाधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

**प्रेस का काम महत्वपूर्ण है-डीएम -** इस कार्यक्रम में शामिल होने जिले भर से आए हुए पत्रकारों को बधाई देते हुए कलेक्टर रवि मित्तल ने कहा कि आप सभी के माध्यम से हमारे तक बहुत सी जानकारियां पहुंचती हैं, साथ ही शासन प्रशासन की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम भी आपकी के द्वारा बखूबी किया जाता है जिसके लिए आप सब धन्यवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर जिले के पुलिस कप्तान शशि मोहन सिंह, जशपुर डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय, प्रशिक्षु आईएफएस निखिल अग्रवाल, जिले के एडिशनल एसपी अनिल सोनी, जशपुर के जनसम्पर्क अधिकारी अजित एक्का मौजूद रहे, जिन्होंने जशपुर जिला पत्रकार (पंजीकृत) संघ के बैनर तले जिले भर से जुटे पत्रकारों को होली की बधाई और शुभकामनाएं देते दी और कार्यक्रम में जुटे अतिथियों और पत्रकारों ने एक दूसरे को गुलाल के तिलक लगाकर होली की बधाई दी।

**शायराना अंदाज में दिखे एसपी सिंह-**इस अवसर पर जिले भर से जुटे पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिले के पुलिस कप्तान शशि मोहन सिंह ने अपने उद्बोधन की शुरुआत शायराना अंदाज में करते हुए कहा कि, मैं सुकून पी रहा हूं जहर पी रहा हूं, तेरी दहकती नजर का असर पी रहा हूं। ना खुद की खबर ना जवानी की परवाह, अरे बेखबर इस कदर पी रहा हूं ।। पुलिस अधीक्षक ने जिले के कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने और जिले को अपराध मुक्त करने की दिशा में सबको मिलकर काम करने की बात कही।

**जंगल बचाना प्राथमिकता-डीएफओ-** डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जशपुर जिला प्रकृति के हिसाब से बहुत सुंदर है, और हम सब सौभाग्यशाली हैं कि प्रकृति के गोद में जशपुर जिला बसा है, यहां चारों तरफ हरियाली है, जशपुर वनों से घिरा हुआ है हम सभी को मिलकर जशपुर की हरियाली को बचाने और जंगल में आग लगने की घटना को रोकना होगा, और निश्चित ही इस दिशा में काम भी हो रहा है।

**वरिष्ठ प्रत्रकारों का हुआ सम्मान-**होली मिन समारोह में पिछ्ले चार दशक से अधिक समय से पत्रकारिता में अपने कलम का लोहा मनवाने वाले जिले के वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, रविंद सिंह भाटिया, प्रेम प्रकाश शर्मा, मनोज जैन, अमानुल्ला मलिक, ओम शर्मा, को शॉल श्रीफल और कलम देकर कलेक्टर जशपुर डॉ रवि मित्तल, एसपी शशि मोहन सिंह, के हाथों सम्मानित किया गया। साथ ही सीनियर पत्रकारों के हाथों से अतिथियों का भी शॉल-श्रीफल और पेन देकर सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह में रमेश शर्मा आईबीसी 24, रविन्द्र भटिया पीपी न्यूज, ओम शर्मा रायगढ़ बयार, प्रेम प्रकाश शर्मा दूरदर्शन, मनोज जैन अमृत संदेश, अमानुल्लाह मलिक अध्यक्ष पत्रिका, सुनील सिन्हा उपाध्यक्ष क्रांतिकारी संकेत, आशीष मिश्रा उपाध्यक्ष दैनिक भास्कर, तनवीर उपाध्यक्ष पॉयनियर, तरुण शर्मा कोषाध्यक्ष, ईटीवी न्यूज भारत, खुर्शीद कुरैशी, राजेश भगत हरिभूमि, राजू सिंह नवभारत, अजय सूर्यवंशी सचिव न्यूज 24, लल्लूराम डॉट कॉम, सत्येन्द्र कुमार पाठक नवभारत, प्रियल जिंदल आईबीसी 24, सुमित गुप्ता अनादि न्यूज, दीपक वर्मा सी न्यूज, अजय जायसवाल, राजीव अग्रवाल, संजय गोस्वामी, रंजय सिन्हा, स्टेफन किंडो, रंजीत शर्मा, सुनील शर्मा, कुणाल, रोहित कुमार, सिद्धार्थ जैन, वाहिद खान, शैलेंद्र चितनवीश, अलाउद्दीन एवं पत्रकारगण शामिल रहे।

# पीएम मोदी की गारंटी और सीएम विष्णु के सुशासन की जोड़ी में होगा राज्य में तेजी से विकास- विधायक रायमुनी

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सहित जशपुर जिला में वाइस की गति तेज हो रही है,पीएम मोदी और सीएम विष्णुदेव साय की जोड़ी से विकास कार्यों में तेजी आना शुरू भी हो गया है, उक्त कथन जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नटकेला, जुरगुम, कुरडेग, जुजगु, पसिया और बम्बा में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कही। ज्ञात हो कि तेजतर्रार विधायक रायमुनी भगत मंगलवार को बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नटकेला, जुरगुम, कुरडेग, जुजगु, पसिया और बम्बा पहुंची। यहां विधायक भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के संबंध में सविस्तार बताया और कहा की देश में विकास कार्य करने वाले पीएम मोदी अब छत्तीसगढ़ सहित जशपुर जिला में भी विकास कार्यो को गति देने में लगे हैं। सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय और पीएम मोदी की जोड़ी विकास कार्यों में बयार लाने अपना पूरा ताकत झोंक रहे हैं। इस वक्त भाजपा ने राधेश्याम राठिया को लोकसभा चुनाव में प्रत्यासी बनाया है,जिसको प्रचंड मतों से जीत दिला पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय का हाथ मजबूत करना है। इस कार्य में सभी का साथ और सहयोग का अपील करते हुवे जशपुर विधायक ने स्थानीय कार्यकर्ता का हौसला भी बढ़ाया। भगत ने कहा की सभी कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ की हड्डी है। कार्यकर्ताओं से ही पार्टी चलती है,यहां सभी कार्यकर्ताओं को उनके कार्यों के आधार पर उचित सम्मान और जगह भी दिया जाता है।सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी लोकसभा चुनाव में पूरी ईमानदारी से काम करते हुवे भाजपा प्रत्यासी को जीताने अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्ष रामसलोने मिश्रा,मंडल महामंत्री पवन सिंह, हरीश अरिक, मंत्री महेंद्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रित्विक जैन,महामंत्री शुभम जिंदल, हेमंत भगत, मृणाल पाठक, आई टी सेल जिला सह संयोजक विपिन यादव, विवेक गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनीष शर्मा, ग्राम के सरपंच, कोरवा समाज, नगेसिया समाज, महाकुल समाज, कुम्हार समाज, उरांव समाज, मुंडा समाज, रौतिया समाज के प्रतिनिधिमंडल सहित ग्रामवासी, पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र से लोकसभा के लिए जबरदस्त लीड देना होगाः विधायक गोमती साय

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने पत्थलगांव विधानसभा के भाजपा कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु आहूत महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण चुनावीं विषयों पर चर्चा हुई। विधायक गोमती साय ने उत्साह भरते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अपने मंडल और बूथों पर ध्यान देने और जो भी अभियान चलाया जा रहा हैं जैसे ÷बूथ विजय संकल्प अभियान÷ आदि मे अपना पूरा योगदान देकर सुचारू रूप से काम करने के लिए टीम बना के बूथों में जाकर जनसंपर्क कर जन जन तक जुड़ने की बात कही। और मोदी गारंटी की एवं विष्णुदेव साय के सुशासन को जन जन तक पहुचाने के लिए कहा। बैठक में जिला के पदाधिकारी, पत्थलगांव शहर एवं ग्रामीण के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सभी ने एकसुर होकर पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को जबरदस्त बढ़त देने का वादा किया।

# सरगुजा कमिश्नर ने सीमावर्ती चेक पोस्ट का निरीक्षण कर दिये कई निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सरगुजा संभागायुक्त जी.आर.चुरेन्द्र ने सरहदी क्षेत्रो का दौरा कर अंतराजीय कन्हर नदी पर स्थित चेक पोस्टों का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दए। उन्होंने अंतराजीय बैरियर पर लगने वाले विभिन्न विभागों के संधारित किय जा रहे पंजीयों का अवलोकन कर दर्ज किए गए प्रकरणों की जानकारी ली और उन्होंने कहा कि इस मार्ग से होकर गुजरने वाले सभी वाहनों की कड़ाई से जांच पड़ताल करें और चेकिंग के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने के निर्देश भी दिये। तत्पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सनावल का निरीक्षण कर ग्रसित मरीजों से चर्चा कर उनका हाल चाल जाना तथा डॉक्टरों से दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पहले से ही समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। व्ही पूर्व से जारी कामेश्वरनग-रामचंद्रपुर-लुरगी मार्ग के निर्माण कार्य का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयावधि में कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। और उन्होंने नवनिर्मित तहसील कार्यालय रामचन्द्रपुर का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत लुरगी में स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे किसानों मे विरेन्द्र ठाकुर एवं गंगा राम के द्वारा लगाए गए फसल का अवलोकन किया। इस दौरान जिले के कलेक्टर रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह एसडीएम देवेंद्र प्रधान जनपद सीईओ इंदिरा मिश्रा सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# मतदान केंद्र प्रबंधन योजना पर कुनकुरी में कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कुनकुरी,शास.कन्या.उ.मा.वि.कुनकुरी में लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में मतदान केंद्र प्रबंधन योजना पर मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखदेव प्रसाद यादव तहसीलदार, नीतू भगत तहसीलदार, अरुण कुमार बंजारे नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। मुखदेव प्रसाद यादव ने कुनकुरी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों एवं सुपरवाईजर पटवारियों को बेहतर तरीके से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध सभी कर्मचारियों को उनके दायित्व के बारे में समझाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्र प्रबंधन योजना पर कार्यशाला का संचालन यू.सी. नंदे मास्टर ट्रेनर के द्वारा किया गया। कार्यशाला में दीपक कुमार सारडा, शिक्षक, प्रभु शंकर श्रीवास्तव, कानूनगो कुनकुरी एवं निर्वाचन शाखा के कर्मचारी नारद बरेठ, बसंत मिंज, बिट्टू श्रीवास, नानपति प्रधान, संदीप सिंह, संदीप मिंज आदि उपस्थित रहे।

# गोयल किंडरगार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल का पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मंगलवार को पत्थलगांव में गोयल किंडरगार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल की ओपनिंग पत्थलगांव विधायक गोमती साय के द्वारा किया गया। इस मौके पर गोयल परिवार के मुखिया बारूमल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल ,पप्पल गोयल, घनश्याम अग्रवाल, शंभू अग्रवाल भी मौजूद रहे। पत्थलगांव विधायकगोमती साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे का विकास शिक्षा के प्रारंभिक स्तर से ही होता है बच्चों की यदि नींव को ही अच्छे से सींचा जाए तो पौधा अच्छे स्तर पर बनता है वही बातें शिक्षा में भी कही जाती है कि बच्चों का नींव प्रारंभिक स्तर की शिक्षा यदि अच्छे तरीके से मिल जाए तो आने वाला भविष्य बच्चों का उज्जवल होता है उन्होंने कहा कि शिक्षा को जितना हमारे द्वारा बाटा जावेगा उतना ही शिक्षा का स्तर अच्छा होता है इसका उदाहरण हम ब्लड डोनेशन से लगा जा सकता है व्यक्ति जितना ब्लड डोनेशन करेगा शरीर में उसका खून उतना अधिक बनता है वही बातें शिक्षा के क्षेत्र में भी देखी जाती हैं।

# महिला समाज द्वारा रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह सम्पन्न




पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

फागुन मास के आगमन के स्वागत में होली के शुभ अवसर पर रंग पंचमी के दिन महिला समाज संस्था द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रेम और समभाव के इस त्यौहार को फूलों और रंगों से बहुत ही शालीनता पूर्वक मनाया गया। इस शुभ अवसर पर सदस्यों द्वारा हास्य व्यंग्य की कविताएँ और गीत प्रस्तुत किए गए। होली मिलन कार्यक्रम में आकर्षक और मनोरंजक खेल खिलाए गए। सदस्यों द्वारा लाये गए सु-स्वादिस्ट पकवानों का आनंद उठाया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सुषमा नंदा, सचिव हेमलता हिशीकर, नीलू नंदा, राजुला शाह, कंचन लूंकड़, चंचल लूंकड़, प्रभा रावत, संतोष मिन्नी, नलिनी सोनी, स्वाती बल्लाल, ज्योति लूनिया, शकुन्तला साहू, कनक शाह, मोना शाह, गायत्री साहू, प्रिया आठवानी, मीनल गोलछा और कर्मचारी सदस्य उपस्थित थे।

# अलग अलग स्थानों पर शराब बेचने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



सायबर टीम ने थाना कुरुद, मगरलोड, भखारा क्षेत्रों में अवैध शराब बेचने वाले 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 143 पौवा देशी शराब एवं 35 लीटर कच्ची महुआ शराब, प्रयुक्त वाहन एफ डिलक्स एवं एक्टीवा स्कूटी, बिक्री रकम जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत 87290 रूपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब, अवैध कारोबारियों एवं अवैध समाग्री बेचने वालों पर अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गए थे। जिस पर सायबर टीम एवं थाना कुरूद, मगरलोड, भखारा स्टॉफ द्वारा अवैध शराब बेचने वालों पर की गई कार्यवाही की गई है। थाना कुरूद द्वारा मस्जिद चौक साहू होटल के पास आरोपी ठाकुर राम यादव को 19 पौवा देसी प्लेन शराब, बिक्री रकम 90 रुपए के साथ पकडा। इसी प्रकार किरण ढाबा के पास ग्राम नारी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने ले जाते आरोपी मानस साहू और डाला चंद्राकर को पकडा। आरोपियों के पास से 44 पौवा देसी मसाला शराब, एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 05 ई 5016 एवं बिक्री रकम 220 जब्त किया गया। नया बस स्टैंड कुरूद देवेंद्र ढाबा के पास अवैध रूप से बिक्री करने हेतु एक्टीवा वाहन में परिवहन करते आरोपी तेजराम साहू पकडा गया। आरोपी के पास से 30 पौवा देसी प्लेन शराब, एक एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 04 डल् 5874 जब्त किया गया। वहीं थाना भखारा ने भखारा में अवैध रूप से अवैध शराब बिक्री करते आरोपी सुवम साहू को गिरफ्तार किया।

**फॉर्म जी**
**रुचि की अभिव्यक्ति के लिए निमंत्रण**
**गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड**
**रायपुर छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट उद्योग का संचालन कर रहा है**
(भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के तहत)

| SI | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | कॉर्पोरेट देनदार का नाम पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर के साथ | गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड PAN-AAJCS5883P CIN-U04520CT2005PLC017255 |
| 2 | पंजीकृत कार्यालय का पता | दुकान नं. 6 और 7, सेक्टर-1, स्ट्रीट-ए, गीके टाउनशिप, सीलतारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 |
| 3 | यूआरएल/वेबसाइट | उपलब्ध नहीं है |
| 4 | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपतियां स्थित हैं | ● 'कल्पवृक्ष' कोलार और टेकारी, रायपुर में ● 'रोमनस्क्यू' ग्राम लाभांडी, रायपुर में |
| 5 | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | 152 आवासीय इकाइयां जिनमें से 109 ओमकारा एसेट्स कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के पास गिरवी हैं, ज्यादातर एनओसी प्राप्त किए बिना बेची गईं |
| 6 | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखापरीक्षित खातों के अनुसार वर्ष के लिए कुल राजस्व 342,88,984/- रुपये था। |
| 7 | कर्मचारियों/कर्मचारियों की संख्या | कर्मचारियों की संख्या :-0 कर्मचारी :-0 |
| 8 | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (शेड्यूल के साथ), लेनदारों की सूची सहित अधिक विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं : | समाधान पेशेवर को geekaycolonizers.ibc@gmail.com /slahiri0207@gmail.com पर ईमेल करके पूछा जा सकता है। |
| 9 | संहिता की धारा 25(2) (एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है : | समाधान पेशेवर को geekaycolonizers.ibc@gmail.com /slahiri0207@gmail.com पर ईमेल करके पूछा जा सकता है। |
| 10 | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 18 अप्रैल 2024 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 29 अप्रैल 2024 |
| 12 | अनंतिम सूची पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 04 मई 2024 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 14 मई 2024 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 19 मई 2024 |
| 15 | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | 20 जून 2024 |
| 16 | सबमिट करने के लिए ईमेल आईडी प्रोसेस करें | geekaycolonizers.ibc@gmail.com |

एसडी/-
सौमित्र लाहिड़ी
गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड के मामले में रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
IBBI/IPA-001/IP-P00734/2017-2018/11232
फ्लैट 14डी और ई, टावर-32, जेनेक्स वैली, जोका, डायमंड हार्बर रोड, कोलकाता - 700104
ईमेल- slahiri0207@gmail.com, geekaycolonizers.ibc@gmail.com
फ़ोन: +91 33 23903644, सेल: +91 8420969857
के लिए (गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड)
स्थान : कोलकाता
दिनांक : 02 अप्रैल 2024

# राष्ट्रीय स्तर के सिरामिक कार्यशाला में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 19 ख्याति प्राप्त कलाकारों ने भागीदारी की

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



हीरा सिरामिक फाउंडेशन कुरुद द्वारा प्रतिवर्ष हो रहे सिरामिक उत्सव नगाड़ा 2024 की शुरूआत कुरुद के नगर चित्रकार बसंत साहू और भानु चन्द्राकर के करकमलो से हूआ था। इस राष्ट्रीय स्तर के सिरामिक कार्यशाला में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 19 ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने भागीदारी की थी। युवा कलाकारों को प्रोत्साहन हेतु फाउंडेशन द्वारा हर साल होली के बाद रंग पंचमी के दिन से सिरामिक कार्यशाला का आयोजन कीया जाता है। जिससे नवयुवा कलाकारों को देश के विभिन्न भागों से आये हुए वरिष्ठ कलाकारों के साथ काम करने का और चर्चा करने का मौका मिलता है और साथ ही तत्कालीन समय में हो रही घटनाओं की जानकारी भी प्राप्त होती है। हमारी लोक परंपरा नगाड़ा के साथ जुड़ी हुई है इसलिए कार्यशाला का नाम नगाड़ा उत्सव रखा गया है। इन दिनों को नगाड़ा के साथ जैसे लोकगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है, वैसे ही सिरामिक उत्सव को भी इसके साथ जोड़ने का प्रयास करके बाहर से आने वाले कलाकारों को भी इसकी जानकारी मिले और वह लोगों को भी हमारी पारंपरिक संस्कृति के साथ जुड़ने का अवसर मिले। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में योगेन्द्र त्रिपाठी, सुनिता वर्मा, हुकुम लाल वर्मा और अनंत साहू ने उपस्थित रहकर कलाकारों के साथ कार्यशाला का आनंद उठाया। अन्य अतिथि कलाकार के रूप में महाराष्ट्र से अपूर्वा नंदी, मुकुन्द जेठवा, गुजरात से कृष्ण पडिया, शैलेष पंडित, उतर प्रदेश से डॉ लकी टांक, प्रेम शंकर प्रसाद और अरुणेश वासुदेव, मध्यप्रदेश से रानी मदामे एवं छत्तीसगढ़ के विजया त्रिपाठी, जीतेन्द्र साहू, प्रविण कुमार प्रजापति, राधिका चौहान, विभूति जैन, संयोजक चिरायु सिन्हा और सहसंयोजक देशना जैन ने अपनी.अपनी कला से कुरुद नगर को कलारंग मे भर दिया था। समापन समारोह में पूर्व नगर अध्यक्ष और शिल्पकार रविकांत चंद्राकर, सुरेश अग्रवाल और पार्षद राघवेन्द्र सोनी ने उपस्थित रह कर कलाकारों की कलाकृतियों को देखकर भावविभोर हुए थे, अपने प्रतिभाव देते हुए कहा कि हम जो कलाकृति देखते हैं उसके पीछे कितनी मेहनत लगती है वह आज देखने को मिला। छत्तीसगढ़ की कलाप्रेमी जनता ने भी इस कला उत्सव नगाड़ा की बड़ी संख्या में मुलाकात लेकर कलाकारों की कला को प्रोत्साहित किया था।

# बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त प्राथमिक शिक्षकों के लिए डीएड अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बीएड पास शिक्षक अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। प्राथमिक शिक्षक के तौर बीएड पास अभ्यर्थियों की दावेदारी खत्म हो गयी है। बिलासपुर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए केवल डीएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। कोर्ट ने ये भी निर्देश दिया है कि वैसे बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षक, जिनकी ज्वाइनिंग हो चुकी है, उनकी नियुक्ति निरस्त करते हुए 6 सप्ताह में केवल डीएलएड पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाये। कोर्ट ने डीएलएड अभ्यर्थियों को शामिल कर पुनरीक्षित चयन सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए डीएलएड को ही मान्य करते हुए, बीएड को अमान्य किया हैं द्य राज्य शासन ने 4 मई 2023 को सहायक शिक्षकों की भर्ती विज्ञापन जारी किया था द्य जिसके तहत डीएलएड के साथ बीएड योग्यताधारी को भी सहायक शिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन का योग्य माना था। डीएलएड उत्तीर्ण शिक्षकों ने सेवा भर्ती नियम और विज्ञापन को इस आधार पर चुनौती दी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार प्राथमिक शिक्षकों के लिए बीएड अमान्य हैं। सहायक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएलड ही मान्य हैं। सुनवाई पाश्चात्य उच्च न्यायालय ने बीएड अभ्यर्थी की काउंसिलिंग पर पर रोक लगा दी। जिसे अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक लगाते हुए बीएड शिक्षकों को भी अंतरिम रूप से नियुक्ति देने का निर्देश दिया, लेकिन उनकी नियुक्ति को हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण के अंतिम निर्णय के अधीन रखा था। 29 फरवरी को प्रकरण में अंतिम सुनवाई हुई, जिसके बाद हाईकोर्ट ने प्रकरण निर्णय के लिए सुरक्षित कर लिया। 2 अप्रैल को निर्णय सुनाया गया, जिसमें बीएड योग्यताधारी को अपात्र मानते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गयी है। साथ ही 6 हफ्ते में डीएल योग्यताधारी की पुनरीक्षित चयन सूची बनाने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की और से अधिवक्ता मिनाक्षी अरोरा, अनुराग दयाल, अजय श्रीवास्तव, इशान वर्मा ने पक्ष रखा।

# एन एच विभाग के बेलगाम इंजिनियर एसडीओ आम जनता पर हावी महानिदेशक से हटाने की कवायद तेज



पायनियर
ईई एसडीओ के संरक्षण में 95 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की बलि
प्लांट की मिक्स डिजाइन मटेरियल निर्धारण से अलग
कलेक्टर साहब को संज्ञान लेने की दरकार
गुणवत्ताहीन राष्ट्रीय राजमार्ग की जांच के लिए राष्ट्रपति सहित मुख्यमंत्री से शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नेशनल हाईवे 130 सड़क निर्माण के ठेकेदार इंजीनियर एसडीओ को पैसे कि इतनी ज्यादा भूख है की उनकी नजरों में ग्रामीण राहगिरो की समस्या का कोई मोल नहीं है तभी पायनियर पर लगातार खबर प्रकाशित कर आगाह करने के बावजूद अनियंत्रित भ्रष्टाचार में शामिल राष्ट्र राजमार्ग विभाग के जिम्मेदार द्वारा मापदंड के साथ गुणवत्ता पूर्वक खुटगांव देवभोग से मंदागमुड़ा सड़क निर्माण नहीं कराया जा रहा है जबकि यह मुख्य सड़क प्रदेश की राजधानी रायपुर को जोड़ता है फिर भी एनएच 130 सड़क निर्माण में अमानक स्तर मैटेरियल उपयोग और धांधली से बाज नहीं आ रहे हैं तभी इस कार्य के इंजीनियर एसडीओ को हटाने की कवायत तेज हो गई है बकायदा राष्ट्रीय राजमार्ग के महानिदेशक को पत्र भी भेजा जाएगा ताकि गुणवत्ताहीन राष्ट्र राजमार्ग में शामिल एसडीओ इंजीनियर के बीच फेर बदलकर बचत कार्य को नए सिरे से गुणवत्ता पूर्वक संपादन किया जा सके उल्लेखनीय हो कि खुटगांव बॉर्डर से मंदागमुड़ा नेशनल हाईवे का निर्माण 74 करोड की अधिक राशि से किया जा रहा है इस नेशनल हाईवे का निर्माण लगभग लगभग 75त्न पूरा हो चुका है और पहले की तरह जैसे तैसे बचत कार्य को निपटाया जा रहा है शायद ही वजह है कि नेशनल हाईवे निर्माण को लेकर नाराजगी के साथ-साथ शिकवा शिकायत दर्ज देखने को मिल रहा है फिर भी कार्य में कोई सुधार नहीं आ पा रहा है जिसका प्रमुख कारण इंजीनियर एसडीओ की ठेकेदार के प्रति मेहरबानी को माना जाता है और इसका खामियाजा आने वाले कुछ महीनो में खुटगांव से लेकर मदांगमुंडा तक के सैकड़ो गांव के हजारों लोगों को खस्ता हाल सड़क पर आवागमन कर उठना पड़ेगा सबसे खास बात तो यह है कि 74 करोड़ से अधिक राशि वाला यह नेशनल हाईवे निर्माण ठेकेदार के सुपरवाइजर और कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है जबकि ऐसे निर्माण कार्य इंजीनियर के भरोसे होता है जिसे एसडीओ द्वारा सत्यापन कर राशि जारी करने की कार्रवाई के लिए फाइल बढ़ाया जाता है मगर अफसोस की बात है कि एनएच 130 निर्माण के कागजी कार्यवाही कार्यालय में बैठे बैठे धरातल की गुणवत्ताहीन कामकाज को अनदेखा कर किया जा रहा है जिसके चलते राष्ट्र राजमार्ग निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है जिसकी परवाह ना ठेकेदार को है और न ही विभाग के अधिकारियों को।

## सांसद विधायक सहित क्षेत्रीय पदाधिकारी में नाराजगी

74 करोड़ से अधिक लागत से निर्माण नेशनल हाईवे में धांधली करने को लेकर सांसद विधायक सहित क्षेत्रीय नेताओं ने अपनी अपनी नाराजगी जाहिर कर कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दिया रहा मगर इंजीनियर और एसडीओ के लिए हिदायत सिर्फ हिदायत बनकर रह गया तभी एनएच 130 सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार सुधार नहीं हुआ और न इंजीनियर एसडीओ की मुस्तादी देखने को मिला ऐसे में स्वाभाविक माना जाता है भ्रष्टाचार का सड़क निर्माण को अंजाम देना मतलब सरकार की राशि का दुरुपयोग माना जा सकता है जबकि परिवहन सड़क मंत्री नितिन गडकरी का स्पष्ट कहना है की मापदंड अनुसार गुणवत्ता पूर्वक सड़क निर्माण कराया जाए लेकिन ऐसे फरमान भी इंजीनियर एसडीओ के बीच बिल्कुल भी महत्व नहीं है तभी ठेकेदार के कर्मचारी मनमर्जी अनुसार कार्य करने में सफल है।

## मेल और एक्स के माध्यम से शिकायत

गुणवत्ताहीन एनएच 130 निर्माण से अवगत अधिकारियों द्वारा कोई ठोस पहल नही होने को लेकर स्थानीय लोग जी मेल एक्स के माध्यम से मंत्री महानिदेशक सहित अन्य जगह शिकायत पत्र भेज रहें हैं ताकि गुणवत्ताहीन सड़क की जांच होते बचत काम को मापदंड अनुसार कराया जा सकें और ग्रामीणों को लंबे समय तक इस सड़क का लाभ मिल सके।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जागरूकता रैली निकाल दिया मतदान का संदेश

### अनुपम गार्डन में नागरिकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता की रैली का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से निकली रैली अनुपम गार्डन में समाप्त हुई। बाइक रैली को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस टी.पी शर्मा ने हरी झंडी दिखाई। अनुपम गार्डन में कलेक्टर डॉ. सिंह नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान नागरिकों का अधिकार है और निर्वाचन के पर्व में मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है। कलेक्टर ने कहा कि रायपुर लोकसभा के लिए 7 मई को मतदान की तिथि घोषित की गई है। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करने के साथ आसपास के लोग, पड़ोसी और अपने परिवारजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और जिला प्रशासन की टीम कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता की तख्ती लेकर बाइक से निकली। बाइक रैली घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, फूल चौक, तात्यापारा चौक, आमापारा, आजाद चौक, आश्रम से होकर अनुपम गार्डन पहुंची। अनुपम गार्डन में कलेक्टर ने बाइक रैली में शामिल लोगों और गणमान्य नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अनुपम गार्डन में एआईजी संजय शर्मा और उनकी टीम ने मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। साथ ही जुंबा का आयोजन हुआ। मतदाता जागरूकता के लिए महिलाएं बुलेट और स्कूटी में निकली। तख्ती लेकर निकले वोट की ताकत, पहचानो मतदाता, मजबूत प्रजातंत्र से इसका नाता, हमारा आह्वान, करें मतदान, बनें महान जैसे कई संदेश मतदाता जागरूक के दिए गए।

# आचार संहिता लागू होने के बाद जांच अभियान हुआ तेज



**रायपुर।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 52 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 94 लाख रुपए कीमत के 23.15 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां, जिनकी कीमत 17 करोड़ 24 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

# हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण हेलीपैड में डेढ़ घंटे खड़े रहे सीएम साय



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

तकनीकी खराबी के कारण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया। इस दौरान सीएम साय करीब डेढ़ घंटे तक हेलीपेड पर खड़े हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने का इंतजार करते रहे। बताया जा रहा है कि सीएम साय को कांकेर जाना था। वहां साय कांकेर सीट से बीजेपी प्रत्याशी भोजराज नाग के नामांकन रैली में शामिल होना था। तय कार्यक्रम के अनुसार सीएम हेलीकॉप्टर से कांकेर जाने वाले थे। इसके लिए वे सीएम हाउस से पुलिस परेड ग्राउंड स्थित हेलीपेड पहुंचे, लेकिन तभी जांच के दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी की जानकारी मिली। मौके पर मौजूद तकनीकी टीम हेलीकॉप्टर को ठीक करने में जुट गई। इस दौरान सीएम वहीं हेलीपेड पर ही हेलीकॉप्टर के ठीक होने का इंतजार करते रहे, लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद भी हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया। सीएम के साथ बीजेपी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी हेलीकॉप्टर के ठीक होने का इंतजार करते रहे।सरकारी सूत्रों ने दोपहर करीब पौने दो बजे हेलीकॉप्टर के ठीक होने की जानकारी दी है।

# नितिन नबीन ने ली राजनांदगांव लोकसभा की 4 विधानसभाओं की बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत चार विधानसभाओं डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी, मानपुर मोहला के प्रमुख पदाधिकारीयो की बैठक ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नितिन नवीन ने चारों विधानसभाओं के पदाधिकारीयो के साथ बैठक कर, आने वाले दिनों में की जाने वाली गतिविधियों की रणनीति तैयार की और नामांकन रैली से लेकर चुनाव तक होने वाले सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा कर सामाजिक क्षेत्र के लोगों, व्यावसायिक क्षेत्र के हर वर्ग, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर के कार्यक्रम तक की रणनीति तैयार की गई, इस दौरान नितिन नवीन ने राजनांदगांव में 4 अप्रैल को होने वाले नामांकन रैली की तैयारी की समीक्षा की, साथ ही आगामी दिनों में राजनांदगांव लोकसभा में केंद्रीय नेताओं के कार्यक्रम एवं सभाओं के लिए चर्चा की। बैठक में नवीन ने कहा कि भूपेश बघेल को विधानसभा चुनाव में जनता ने जैसा सबक सिखाया, उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस के पिछले कार्यकाल से जनता कितनी खफा रही और राजनांदगांव लोकसभा की जनता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धि एवं मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए भाजपा को वोट करने जा रही है, अपने ही कार्यकर्ताओं के इल्जाम झेल रहे भूपेश बघेल का इस लोकसभा में हारना तय है। राजनांदगांव लोकसभा की महत्वपूर्ण बैठक में राजनांदगांव प्रत्याशी संतोष पांडे, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, लोकसभा कलेक्टर प्रभारी राजेश मूणत, लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामजी भारती भरत वर्मा, चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य संयोजक भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, दिनेश गांधी, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बंगाल 1947 बटवारे की अनछुई कहानी, छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ और पखांजूर में हुई है फिल्म की शुटिंग







पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रसिद्ध निर्देशक आकाशादित्य लामा की फिल्म बंगाल 1947 एक ऐसी अनछुई प्रेम कहानी है जिसमें आजादी के बाद भारत-विभाजन के उपरांत बांग्लादेश के निर्माण के बाद की परिस्थियों को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में एक ऐसी कहानी को उकेरा गया है जिसका नायक उच्च जाति का और नायिका समाज के दबे कुचले वर्ग का प्रतिनिधत्व करती है, जिसे निर्देशक ने बखूबी सिनेमा के पर्दे पर उतारा है। मूलतः भिलाई से प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा ले चुके आकाशादित्य लामा ने छत्तीसगढ़ के बंग स्थापित इलाका पखांजुर में इस फिल्म का लोकेशन फायनल कर शुटिंग हुई, इसके बाद फिल्म का कुछ दृश्य खैरागढ़ के संगीत विश्व विद्यालय में शूट की गई। इस फिल्म को दर्शकों द्वारा पूरे देश में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पूरे देश में बड़ी बजट के फिल्मों के सामने यह फिल्म बेहद ही पसंद की जा रही है। इस फिल्म की छत्तीसगढ़ के आम दर्शकों के बीच भी बेहद चर्चा में हैं। बंगाल 1947 में माटी की महक है। लामा बंगाल विभाजन पर केन्द्रित फिल्म के निर्देशक विभाजन की भयावह तस्वीर के बीच प्रेम के एक अद्भुत ताकत को दिखाना एक चुनौती थी जिसे स्वीकार करके इस फिल्म का निर्माण किया गया। जिसके हर पक्ष को लेकर गंभीर शोध व लेखन कार्य में वे खुद ही जुटे रहे। यह फिल्म दर्शकों को अनुठा अनुभव देने के साथ मनोरंजन करता है। जिस तरह से फिल्म के लोकेशन को लेकर कार्य हुए हैं उसकी बेहद प्रशंसा हो रही है। फिल्म में विभाजन के समय 1947 के कालखंड को दिखाना हम लोगों के लिए सुखद अनुभव है।

### सिनेमा की नई पीढ़ी को किया जा रहा तैयार : डॉ. चौबे

अभिनेता व रंगकर्मी डॉ. योगेन्द्र चौबे ने इस फिल्म में डोम की जीवंत भूमिका निभाई है जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद पहले राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के छात्र रहे डॉ. चौबे मूलतः रायगढ़ के निवासी हैं। वर्तमान में कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ में अभिनय विभाग के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि यह फिल्म छत्तीसगढ़ में सिनेमा की नई पीढ़ी को मौका दिया है जिसके परिणाम भविष्य में कई उभरते हुए सिनेमा कर्मियों को स्थापित होने का अवसर देगा।

03 April 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

छत्तीसगढ़ में पहली बार
0/- रुपयें में ई-रिक्शा घर ले जाये
ये स्कीम सीमित समय के लिये कहीं मौका हाथ से निकल ना जाये...
आज ही बुक कराये, पहले आए पहले पाएं
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
50% Discount on Admission Fee till March
Special Discount on BPL Card
Spoken English & Personality Development Classes
Transport & Surveillance Facility
Monthly Seminar & Discussion
Personal attention on each students
Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact:- 07771-4000123

KisaN The Mark of Excellence
KML CLASSIC Adding Value Since 1993
Sidharth Traders
Authorised Distributors : (Chhattisgarh)
Kisan Group of Companies M.G. ROAD, RAIPUR - 492001 (C.G.)
Ph.: 2226819, 2226946, 4031940, E-mail : sidharthtraders.raipur@gmail.com

KSR
KisaN
Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

RAIN WATER HARVESTING FILTER
RAINWAY
RAIN WATER HARVESTING FILTER
DINDAYAL ASSOCIATES
DEVPURI RAIPUR
MOB. - 9165566606

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

FINOLEX PIPES
Agriculture, Plumbing & Sanitation.
Auth. Distributors
M.R. Traders
93291-03793, 86460-60607
Opp. Deshbandhu School, Station Raod, Raipur

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403